# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 16 जुलाई, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-150 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में लगी आग

**सारण।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। बिजली पैनल में लगी आग का धुआं पूरे परिसर में फैलने से कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। यह आग उस कमरे में लगी, जहां हजारों उत्तर पुस्तिकाएं रखी हुई थीं। गनीमत रही कि समय रहते खिड़की के रास्ते पानी डालकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास जारी रहा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग को पूरी तरह बुझाया। जांच में सामने आया कि जिस संवेदनशील कमरे में उत्तर पुस्तिकाएं थीं, वहीं बिजली का मुख्य पैनल भी लगा था, जिसे दमकल कर्मियों ने गंभीर तकनीकी चूक बताया है।

### केसी सिन्हा समेत कई नेता BJP में शामिल

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को बड़ा झटका लगा है। जन सुराज के वरिष्ठ नेता बिट्टू सिंह और केसी सिन्हा ने पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है. पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में केसी सिन्हा ने कुम्हरार सीट से जन सुराज के टिकट पर चुनाव लड़ा था। बीजेपी में शामिल हुए के.सी. सिन्हा का क्षेत्र में अच्छा प्रभाव माना जाता है, क्योंकि उन्होंने पिछले चुनाव में कुम्हरार सीट से जन सुराज के आधिकारिक टिकट पर अपनी किस्मत आजमाई थी।

### दिल्ली में सोनम वांगचुक के अनशन का 19वां दिन

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आमरण अनशन का आज 19वां दिन है। उनकी बिगड़ती सेहत को लेकर दायर जनहित याचिका (PIL) पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकार को वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराने और जरूरत पड़ने पर जबरन खाना (फोर्स-फीडिंग) देने के निर्देश देने की मांग की गई है। वांगचुक 28 जून से जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के आंदोलन में शामिल हैं। वे नीट परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

### सीबीएसई के डिजिटल मार्किंग सिस्टम से छात्र निराश : SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर छात्रों की नाराजगी पर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, देखिए, छोटे-छोटे बच्चों में कितनी निराशा है।कोर्ट ने कहा कि सरकार से किसी टकराव की मंशा नहीं है, लेकिन व्यवस्था में कुछ समस्याएं हैं। कोर्ट ने सीबीएसई की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। साथ ही केंद्र से सहयोग करने की बात कही है। सीबीएसई का ओएसएम यानी ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम ऐसी व्यवस्था है, जिसमें ऑन्सर शीट की स्कैन कॉपी कंप्यूटर पर जांची जाती है।

### नोएडा में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 2 जिंदा जले

**नई दिल्ली।** नोएडा में बुधवार सुबह 11 बजे 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में 2 लोग जिंदा जल गए। एक बच्चा और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। फायर ब्रिगेड ने सीढ़ियों के सहारे 50 परिवारों का रेस्क्यू किया। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि बिल्डिंग के बेसमेंट में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी। इसी दौरान उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। 30 से 40 बाइकें जलकर राख हो गईं।

# भागलपुर में एआई एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय की होगी स्थापना : सम्राट

## 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को भागलपुर के गोराडीह में नवस्थापित डिग्री कॉलेज, कासिल परिसर से राज्यभर के 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि आज का दिन बिहार के लिए गौरव का दिन है। राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिससे प्रत्येक प्रखंड के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

सीएम सम्राट ने कहा कि बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय को आधुनिक स्वरूप में पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा लगभग 220 एकड़ भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है तथा अगले एक वर्ष के भीतर विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि



### मुख्य बिंदु

- अगले एक वर्ष के भीतर विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना का लक्ष्य
- विक्रमशिला सेतु को 30 नवंबर तक हर हाल में चालू करें
- भागलपुर में 400 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र किया जाएगा विकसित
- मुंगेर से भागलपुर तक 83 किमी लंबी गंगा मरीन ड्राइव का निर्माण कार्य शुरू

मुजफ्फरपुर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय तथा भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही बिहार में चार नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बिहार की समृद्धि का सबसे बड़ा आधार बनेगी और राज्य को ज्ञान एवं नवाचार का केंद्र बनाएगी। सीएम ने आगे कहा कि क्षतिग्रस्त विक्रमशिला सेतु को 30 नवंबर तक हर हाल में पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भागलपुर में लगभग 400 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। यहां उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें रोजगार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने बिहार से बाहर रह रहे लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने राज्य लौटें और बिहार की समृद्धि एवं विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में राशि भेजी जा चुकी है तथा शेष पात्र महिलाओं के खातों में 25 जुलाई को राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना और पर्यटन के क्षेत्र में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुंगेर से भागलपुर तक 83 किलोमीटर लंबी गंगा मरीन ड्राइव का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो पूरा होने के बाद बिहार का प्रमुख आकर्षण बनेगा। सबौर से राजमहल बॉर्डर तक इसका विस्तार किया जायेगा। बाहर से भी लोग इसे देखने आयेंगे। कहलगांव के समीप गंगा नदी के किनारे स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बटेश्वर धाम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोप-वे का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर क्षेत्र में दो एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे, जिनमें सुल्तानगंज में प्रस्तावित एयरपोर्ट भी शामिल है। इससे क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन और व्यापार को नई गति मिलेगी। पीरपैंती में 2400 मेगावाट का पॉवर प्लांट लगने जा रहा है। इसकी क्षमता को 1600 मेगावाट और बढ़ाया जायेगा। इस परियोजना में 70 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर के अन्तर्गत अब तक करीब 6 लाख आवेदन आये हैं जिनमें से साढ़े पांच लाख आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है। अब तक सिर्फ 4 अधिकारियों एवं कर्मियों को तीसरा नोटिस देने की नौबत आयी है। इसका मतलब हुआ कि अधिकारी एवं कर्मी जनता की शिकायतों का निष्पादन ससमय कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व गोराडीह में नव स्थापित राजकीय महाविद्यालय के पठन-पाठन कार्य का शिलापट अनावरण कर शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नव स्थापित राजकीय महाविद्यालय कासिल का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी ली।

### सम्राट कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# भागलपुर समेत 4 जिलों में बनेगा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

## पंचायत चुनाव नए परिसीमन पर 2011 के जनगणना के आधार पर होगा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम आयोजित बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 31 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में केंद्र प्रायोजित अमृत 2.0 मिशन के तहत तीन प्रमुख जलापूर्ति परियोजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, बिहार स्टेट रोपवेज कंपनी

**अमृत 2.0 की तीन जलापूर्ति योजनाओं, एआई सेंटर, रोपवेज कंपनी और अजगैबीनाथ धाम को मंजूरी**

लिमिटेड के गठन, पुनौराधाम विकास, अजगैबीनाथ धाम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण और पंचायत क्षेत्रों के परिसीमन जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के बाद कैबिनेट सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने अमृत 2.0 मिशन के तहत खगड़िया जलापूर्ति परियोजना के लिए 170.86 करोड़ रुपये, सीतामढ़ी जलापूर्ति परियोजना के लिए 197.13 करोड़ रुपये तथा समस्तीपुर जलापूर्ति परियोजना के लिए 228.45 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं के माध्यम से संबंधित शहरों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि पंचायत चुनाव 2026 नए परिसीमन पर कराया जाएगा। 2011 के जनगणना के आधार पर यह होगा। वार्ड से लेकर पंचायत तक के नए परिसीमन कराया जाएगा। सीतामढ़ी के पुनौराधाम स्थित माता सीता जन्मस्थली को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लेकर कैबिनेट में ट्रस्ट डीड को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा 50.89 एकड़ जमीन मंदिर न्यास समिति को निःशुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी है।



### महिला पुलिसकर्मियों को मिलेंगे स्कूटर

कैबिनेट की बैठक में महिला पुलिसकर्मियों के लिए 1500 स्कूटी खरीदने की मंजूरी दी गई है। इसमें 1000 पेट्रोल स्कूटर और 500 इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं। ये स्कूटर महिला पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और स्कूल-कॉलेजों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिए जाएंगे।

### जेलों में तैनात पूर्व सैनिकों का मानदेय बढ़ा

बिहार की जेलों में अनुबंध पर कार्यरत भूतपूर्व सैनिक-सह-कक्षपाल का मासिक मानदेय 19,800 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दिया गया है। वहीं, जेल में बंद कैदी की मौत पर उसके आश्रितों को मुआवजा मिलेगा। वहीं पश्चिम चंपारण जिले के समेकित थारूहट विकास अभिकरण के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं की अवधि बढ़ा दी गई है। अब ये योजनाएं वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक चलेंगी। इसके लिए बजट में उपलब्ध राशि खर्च करने की भी मंजूरी दी गई है।

**टू-थ्री व्हीकल पर बढ़ाया टैक्स :** बिहार सरकार ने वाहनों पर लगने वाले मोटर वाहन टैक्स में बढ़ोतरी का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत दोपहिया वाहन खरीदने पर 1% ज्यादा टैक्स देना होगा। वहीं, तिपहिया वाहन खरीदने वालों को 1,000 रुपए अतिरिक्त टैक्स देना पड़ेगा। इसके अलावा वाहन बेचने वाले डीलरों और निमाताओं पर लगने वाला ट्रेड टैक्स भी चार गुना बढ़ा दिया है। सरकार का कहना है कि लंबे समय से टैक्स की दरों में बदलाव नहीं हुआ था। इसलिए अब नई दरें लागू की जा रही हैं। बिहार सरकार पंचायत के जरिए टैक्स वसूलेगी। भवन कर, कमर्शियल लैंड टैक्स, सिनेमा, होर्डिंग्स, व्यापार कर, पीने का पानी, हाट लगाने, कूड़ा उठाने के लिए टैक्स लिया जाएगा। पंचायत को टैक्स क्लेक्शन करने का अधिकार दिया। बिहार में पहली बार टैक्स वसूले जाने का फैसला लिया है। इससे ग्राम पंचायतों की अपनी आय बढ़ेगी और विकास कार्यों के लिए उन्हें राज्य सरकार पर पहले की तुलना में कम निर्भर रहना पड़ेगा। मंत्रिपरिषद ने बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026 को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही राज्य की जेलों में अनुबंध पर कार्यरत भूतपूर्व सैनिक-सह-कक्षपालों का मासिक मानदेय 19,800 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया गया। जेलों में मृतक बंदियों के निकटतम परिजन अथवा विधिक उत्तराधिकारी को मुआवजा भुगतान के लिए नीति बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# खगड़िया में दारोगा की पिस्टल मोबाइल छीनकर भागा बदमाश

## पुलिस ने एनकाउंटर में दबोचा, 2 अब भी फरार

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई. पुलिस के अनुसार, वाहन जांच के दौरान सब इंस्पेक्टर से सरकारी पिस्टल छीनकर भागने वाले एक आरोपी को जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी।

घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बेलदौर थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास



किया गया. जांच के दौरान तीनों पुलिस टीम से उलझ गए और कथित तौर पर एक सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट कर उनकी सरकारी पिस्टल छीनकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर डीएसपी, उन्नत्र और बेलदौर थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया।

# सकरा प्रखंड के पंचायत रोजगार सेवक को 20 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पटना निगरानी की टीम ने बुधवार को सकरा प्रखंड के सिराजाबाद पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक जीतेन्द्र कुमार को उनके हीं पंचायत के वार्ड 11 के वार्ड सदस्य आदित्य कुमार से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार निगरानी टीम में शामिल अधिकारियों ने सकरा थाना क्षेत्र के सबहा चौक स्थित 'पी आर मार्ट' से रोजगार सेवक जीतेन्द्र कुमार को वार्ड सदस्य सह शिकायतकर्ता से नगद 20 हजार रुपये लेते रंगेहाथ दबोच लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद निगरानी टीम गिरफ्तार रोजगार सेवक को अपने साथ लेकर पटना लौट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला मनरेगा (वर्तमान के जी रामजी) योजना से जुडा है।



दरअसल, सिराजाबाद पंचायत के वार्ड नंबर 11 के वर्तमान वार्ड सदस्य आदित्य कुमार ने अपने वार्ड में मनरेगा योजना से संबंधित काम कराने तथा योजना से संबंधित फाइलें आगे बढ़ाने के लिए रोजगार सेवक जीतेन्द्र कुमार से अनुरोध किया था। शिकायतकर्ता आदित्य कुमार का आरोप है कि इस काम के लिए रोजगार सेवक जीतेन्द्र कुमार ने उनसे 20 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी, जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने पटना निगरानी ब्यूरो कार्यालय में दर्ज कराया।

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा हुआ लीक

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। मीडिया के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप ह्यवर्ल्ड लीक्सह्व ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पॉवर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की जानकारी और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए हैं। तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट में शामिल अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बयान कर सेंध लगने की पुष्टि की। रिलायंस ग्रुप ने कहा कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी ह्ययोट्टाह्व के सर्वर पर सेंध लगी थी। इस घटना की जानकारी सरकार को दे दी गई है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि कौन-सा डेटा प्रभावित हुआ। सर्वर में सेंध मई में हुई थी, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है।



**दावा-हैकर्स ने ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स और अन्य रिकॉर्ड की जानकारी सार्वजनिक की**

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड रिलायंस के साथ मिलकर मामले की समीक्षा कर रहा है। वहीं भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम भी इस डेटा लीक की जांच कर रही है।

**सर्वर से डेटा लीक कितना खतरनाक :** परमाणु सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि डार्क वेब पर मौजूद यदि ये दस्तावेज असली हैं, तो इनके जरिए कोई हमलावर न्यूक्लियर पावर प्लांट के सहायक सिस्टम, सप्लाई चेन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझ सकता है, जिससे सुरक्षा जोखिम बढ़ सकता है।

# भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए : ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए, लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी जब तक उनका अंत न हो जाए। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता ने बुधवार को एक वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने इस मैसेज में तृणमूल में जारी फूट पर भी अपना पक्ष रखा। ममता ने कहा- जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। मैंने 2006 में तृणमूल को फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। दरअसल तृणमूल के सीनियर लीडर मदन मित्रा बुधवार को ममता बनर्जी का गुट छोड़ ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। मदन मित्रा ने यह कदम तब उठाया, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय (ED) का शिकंजा कस रहा था।



## आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च

# टिकट बुकिंग होगी तेज और आसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने अपनी नई टिकट बुकिंग वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च कर दिया है। रेलवे मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पिछले दो दशकों में यह वेबसाइट का पहला बड़ा बदलाव है। नई वेबसाइट फिलहाल बीटा वर्जन में उपलब्ध है। यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं और अपने सुझाव दे सकते हैं। अंतिम वर्जन अगले कुछ हफ्तों में जारी किया जाएगा।

रेलवे मंत्रालय के अनुसार, नई वेबसाइट का बीटा वर्जन मौजूदा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए होमपेज पर एक विशेष लिंक दिया गया है, जिसके माध्यम से यात्री नई वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। यह पहल रेलवे की डिजिटल टिकटिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाने और यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग अनुभव को बेहतर करने के उद्देश्य से की गई है।




मंत्रालय ने बताया कि वेबसाइट के नए डिजाइन को तैयार करने में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों के सुझावों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ बातचीत के दौरान छात्रों ने वेबसाइट को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए सुझाव दिए थे। इनमें से कई सुझावों को नई वेबसाइट में शामिल किया गया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पहली बार वर्ष 2002 में शुरू की गई थी। वर्तमान में इस प्लेटफॉर्म के जरिए रोजाना औसतन 14.5 लाख टिकटों की बुकिंग की जाती है। नई वेबसाइट में साफ-सुथरा इंटरफेस, आसान नेविगेशन और सरल टिकट बुकिंग प्रक्रिया उपलब्ध कराई गई है। नई वेबसाइट में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं जिससे टिकट बुकिंग पहले की तुलना में अधिक आसान हो जाएगी। इसमें अनावश्यक कैप्चा, पॉप-अप, चमकती ग्राफिक्स और अन्य बाधक तत्वों को हटा दिया गया है। इसके अलावा यात्रियों को अब सभी श्रेणियों में सीटों की उपलब्धता एक साथ दिखाई देगी, जिससे वे आसानी से विभिन्न विकल्पों की तुलना कर सकेंगे। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, टिकट बुकिंग प्रक्रिया में चेकआउट के चरणों की संख्या कम कर दी गई है। साथ ही पहले से सेव यात्रियों की जानकारी उपलब्ध रहने से बार-बार टिकट बुक करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि बीटा वर्जन लॉन्च करने का उद्देश्य यात्रियों से फीडबैक प्राप्त करना है। उपयोगकताओं के सुझावों के आधार पर वेबसाइट में और सुधार किए जाएंगे। नई वेबसाइट को रेलवे के नए पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम से भी जोड़ा जाएगा, जिसे समानांतर रूप से अपग्रेड किया जा रहा है।

# घरेलू उपयोग के लिए खेत से मिट्टी लेने वाले किसानों पर जुर्माना नहीं लगाएं खनन अधिकारी : डा. प्रमोद कुमार

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राज्य के खान एवं भू-तत्व मंत्री प्रमोद कुमार ने बुधवार को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि किसान अपने ही खेत से घरेलू या कृषि उपयोग के लिए मिट्टी निकालते हैं तो उन पर खनन अधिकारी जुर्माना न लगाएं। विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में आगे की कार्रवाई करने से पहले खनन अधिकारियों को पूरी तरह जांच-पड़ताल करनी चाहिए। बैठक में सहायक निदेशक एवं खनन विकास पदाधिकारी (एमडीओ) उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभाग के सचिव-सह-खनन आयुक्त अवनीश कुमार सिंह तथा खान निदेशक मनेश कुमार मीणा भी मौजूद थे।

मंत्री ने कहा कि उन्हें लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि किसान अपने ही खेत से घरेलू अथवा षि प्रयोजन के लिए मिट्टी निकालने पर जुर्माने का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना तथ्य जांचे किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई न करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमों के अनुसार कार्रवाई करें, लेकिन किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।



मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिए विभाग के दो अधिकारियों आनंद किशोर एवं सचिन किशोर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

मंत्री ने कहा कि उनके संज्ञान में एक ऐसा मामला भी आया है, जिसमें केवल एक सब-इंस्पेक्टर के निर्देश पर एक ईंट-भट्ठे के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि केवल किसी एसआई के निर्देश पर कोई खनन अधिकारी किसी व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर कैसे दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक रूप से उस एफआईआर में ईंट-भट्ठा मालिक का नाम भी दर्ज नहीं है, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति का नाम लिखा गया है।

मंत्री ने कहा, क्या खनन निरीक्षक के पास स्वयं जांच करने का अधिकार नहीं है किसी के निर्देश पर कार्रवाई करने से पहले खनन निरीक्षक को स्वयं मामले की जांच करनी चाहिए।

**एफआईआर दर्ज करने से पहले खनन निरीक्षक स्वयं करें जांच : मंत्री**

**वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभाग ने रखा 5,000 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य**

राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि पटना, औरंगाबाद, भोजपुर, रोहतास, गया, नवादा, जमुई और अरवल जैसे पांच से सात जिले विभाग को सर्वाधिक राजस्व उपलब्ध कराते हैं। यदि इन जिलों का प्रदर्शन कमजोर रहा तो पूरे विभाग का राजस्व लक्ष्य प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5,000 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों तथा जिला परिषद अध्यक्षों के मोबाइल नंबर अपने पास रखें और उनके फोन का सम्मानपूर्वक जवाब दें। यदि किसी कारणवश तत्काल फोन नहीं उठा सकें तो बाद में अवश्य कॉलबैक करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने से लोगों की अनेक शिकायतों का समाधान स्वतः हो सकता है।

सहायक निदेशकों एवं खनन विकास पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव अवनीश कुमार सिंह ने बालू घाटों के बंदोबस्त में देरी, राजस्व संग्रह में कमी, समय पर एफआईआर दर्ज नहीं होने तथा वाहनों की जब्ती में ढिलाई पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली समीक्षा बैठक से पहले प्रत्येक जिले में राजस्व संग्रह की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करें। विशेष रूप से नव-नियुक्त खनन विकास पदाधिकारियों को दस्तावेजी प्रक्रिया, बिहार खनन नियमावली तथा विभागीय नियम-कायदों का गहन अध्ययन करने को कहा।

सचिव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अधिकारी निर्धारित राजस्व लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाए तो उनके विरुद्ध निलंबन अथवा सेवा से बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें : एक नजर में

### ट्रैफिक एसपी ने महिला दारोगा को किया निलंबित

**पटना / एनएसबी।** औचक निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात सागर कुमार ने राजधानी बोरिंग रोड चौराहा पर प्रतिनियुक्त महिला दारोगा बेबी कुमारी को कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

### यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाने को लेकर बैठक

**पटना/ एनएसबी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, त्वरित राहत पहुंचाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक यातायात पटना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस), (इलेक्ट्रनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) और पीएम राहत स्कीम की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीक के माध्यम से दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पट्स) की पहचान करना और सभी विभागों के समन्वय से सड़क सुरक्षा को और मजबूत करना है।

बैठक में सम्मिलित मुख्य अधिकारी :
जिला परिवहन पदाधिकारी , पटना
पुलिस उपाधीक्षक यातायात चतुर्थ, पटना,
डीआर एम प्रसाद पटना ,एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण । पटना यातायात पुलिस, परिवहन विभाग मिलकर पटना की सड़कों को सुरक्षित बनाने और नियमों के शत-प्रतिशत पालन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### भारतीय जनता पार्टी के 40 साल पुराना गढ़ को ध्वस्त करेगा महागठबंधन

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय बीरचंद पटेल पथ में बांकीपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा के 40 साल पुराना गढ़ को ध्वस्त करने के लिए महागठबंधन की बैठक बुलाई गई । बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री डा रामानंद यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए रामानंद यादव ने कहा की बांकीपुर की जनता बहुत ही समझदार है । हमारी सीधी टक्कर भारतीय जनता पार्टी से इस चुनाव में कोई तीसरा कोन नहीं है । बार्ड स्तर पर चुनाव अभियान को गति दिया जाएगा। बैठक का संचालन पटना महानगर के अध्यक्ष महताब आलम ने किया। बैठक को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि भाजपा के 40 वर्षो के गढ को महागठबंधन के लोग मिलकर ढाहने का काम करेगी जरूरत है । एकजुट होकर जोर लगाने की जरूरत है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी रेखा गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिसे आवला नई कह रही है वह नारी इस बार भारतीय जनता पार्टी पर भारी पड़ने वाली है । भारतीय जनता पार्टी घमंड में जी रही है उसका नाश इस विधानसभा चुनाव में होना है। इस अवसर पर महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं में कांग्रेस के बांकीपुर के पूर्व प्रत्याशी कुमार आशीष मनजीत आनंद साहू राम लाल सिंह वीआईपी के अध्यक्ष बाल गोविंद जी सांसद सुदामा प्रसाद एवं शशि यादव आईआई पी के खुशबू राय के अलावा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश यादव प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू पूर्व मंत्री अख्तरुल इमाम साहीन प्रदेश आभा लता महासचिव भाई अरुण पटना जिला के अध्यक्ष दीनानाथ यादव पूर्व महिला अध्यक्ष आभालता बल्ली यादव नंदू यादव बबलू मालाकार अरविंद साहनी राजकुमार राजू ने भी संबोधित किया।

# भगवान के परम प्रेम और दिव्य भावों का साकार स्वरूप है : प्रमोद भागवत स्वामी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर परमपूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ की दिव्य एवं अलौकिक लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण, रोचक और तत्वज्ञान से परिपूर्ण वर्णन किया। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे मनोयोग से भगवान की महिमा का रसास्वादन किया। इस मौके पर कथा के शुरूआत के मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन कुमार सिंह, रक्षक गिरिधारी दास, इश्वरनाथ प्रभु, सनातन कृष्ण दास अधिकारी, अभय सुन्दर दास, विजय मिश्र बाबा सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

कथा के प्रारंभ में महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के अद्भुत स्वरूप की प्राकट्य लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह स्वरूप साधारण नहीं, बल्कि भगवान के परम प्रेम और दिव्य भावों का साकार स्वरूप है। महाराज जी ने विस्तार से समझाया कि द्वारका में एक अवसर पर जब माता रोहिणी श्रीकृष्ण की वृन्दावन लीलाओं का वर्णन कर रही थीं, तब श्रीकृष्ण, श्रीबलदेव और माता सुभद्रा उन लीलाओं को सुनते-सुनते प्रेम-विभोर हो गए। उसी समय देवर्षि नारद वहाँ पहुँचे और उन्होंने भगवान के इस अद्भुत, प्रेममय स्वरूप के दर्शन किए। नारद मुनि ने प्रार्थना की कि भगवान का यह दिव्य स्वरूप कलियुग के समस्त जीवों के कल्याण के लिए पृथ्वी पर भी प्रकट हो। महाराज जी ने बताया कि यही दिव्य स्वरूप आगे चलकर श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के रूप में नीलाचल धाम, जगन्नाथ पुरी में प्रकट हुआ। इसके पश्चात महाराज जी ने राजा इन्द्रद्युम्न की भक्ति और समर्पण का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा इन्द्रद्युम्न भगवान के दर्शन के लिए व्याकुल होकर अनेक प्रयास करते रहे। भगवान की प्रेरणा से दिव्य लकड़ी (पवित्र काष्ठ) प्राप्त हुआ और विश्वकर्मा ने उसी से श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के विग्रहों का निर्माण किया। महाराज जी ने आगे बताया कि राजा इन्द्रद्युम्न की प्रार्थना पर स्वयं ब्रह्मा जी जगन्नाथ पुरी पधारे और वैदिक विधि-विधान के अनुसार भगवान के दिव्य विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की। इस प्रकार जगन्नाथ धाम समस्त संसार के लिए भक्ति, करुणा और मोक्ष का महान तीर्थ बन गया।



श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

कथा के अंतिम चरण में परमपूज्य महाराज जी ने गजपति महाराज पुरुषोत्तम देव की प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कांची की राजकुमारी पद्मावती के साथ महाराज पुरुषोत्तम देव का विवाह निश्चित हुआ था, लेकिन रथयात्रा के दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ के सेवक के रूप में गजपति महाराज द्वारा स्वर्ण झाड़ू से सेवा (छेरा पहरा) करने की परंपरा को देखकर कांची के राजा ने उनका अपमान किया और विवाह का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। इस अपमान से दुखी होकर महाराज पुरुषोत्तम देव ने कांची पर आक्रमण किया, किंतु पहली बार उन्हें सफलता नहीं मिली। महाराज ने आगे बताया कि जब महाराज पुरुषोत्तम देव ने पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ की शरण ग्रहण की, तब स्वयं भगवान श्रीजगन्नाथ श्वेत अश्व पर तथा श्रीबलदेव काले अश्व पर सवार होकर अपनी सेना के साथ युद्धभूमि में पहुँचे। दोनों भाइयों ने अपने भक्त की ओर से युद्ध किया और कांची के राजा की सेना को पराजित कर महाराज पुरुषोत्तम देव को विजय दिलाई। अंततः कांची की राजकुमारी का विवाह महाराज पुरुषोत्तम देव के साथ संपन्न हुआ और भगवान ने यह संदेश दिया कि जो भक्त पूर्ण विश्वास के साथ उनकी शरण ग्रहण करता है। उसकी रक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी स्वयं भगवान लेते हैं।

# पटना उच्च न्यायालय के न्यायादेश से शिक्षाकर्मियों में हर्ष व संतोष : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय सेवा संघ की ओर से पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका संख्या 6943/2026 की सूनवाई दिनांक 14 जुलाई माननीय जस्टिस हरीस कुमार के एकल पीठ में सुनवाई पुरी हो गई। जस्टिस हरीस कुमार ने न्यायादेश में 'कालेज सेवा आयोग या चयन समिति से अनुमोदित शिक्षक तदनुरूप शिक्षकेतर कर्मचारियों को वेतन पेंशन भुगतान करने की प्रक्रिया तीन माह के अन्दर पुरा करने हेतु मुख्य सचिव को निर्देशित किया गया है' । न्यायादेश आने के उपरांत अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों में एक आशा की किरण प्रज्वलित हुई है।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन , मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम, राज्य सचिव डा रविन्द्र कुमार व प्रो श्रवण कुमार,पीपीयू महासचिव डा रविकांत सिंह, एम् यू बोधगया अध्यक्ष डा विजय कुमार मिठू, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा अध्यक्ष डा शंभुनाथ सिंह, बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर संयोजक डा धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, जे पी विश्वविद्यालय छपरा संयोजक डा पाठक अरुण कुमार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा प्रभारी सह राज्य उपाध्यक्ष प्रो नसीम रेजा खान, मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर अध्यक्ष डा सत्येनद्र कुमार सिंह , तीलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर अध्यक्ष डा प्रदीप कुमार मिश्रा, बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा संयोजक डा अरविन्द कुमार राय, पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया संयोजक डा गोपाल कृष्ण यादव ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि न्यायादेश की खबर मिलते ही शिक्षाकर्मियों में संतोष का भाव जागृत हुआ है। 40 वर्षो से अपमान और आर्थिक दंश झेल रहे परिजनों में भी उत्सुकता जागृत होना स्वाभाविक है । फैक्टनेब नेताओं ने मांग किया है कि फरवरी 26 में दायर याचिका के फलाफल में मुख्य सचिव को निर्देशित आदेश का पालन समय सीमा के अन्दर किया जाये।

# कौशल विकास से ही बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सकती है : डा. प्रेम कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने विश्व युवा कौशल दिवस पर कहा कि यह दिन युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए समर्पित है।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास से ही बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सकती है। भारत जैसे युवा-प्रधान देश में स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और नेशनल एप्रेंटिसशिप प्रोग्राम जैसे प्रयास को साकार कर रहे हैं। इस दिन की शुरुआत वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। यह दिवस युवाओं को तकनीकी, व्यावसायिक कौशल के साथ साथ डिजिटल युग के अनुरूप यथा एआई , रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में भी कौशल विकसित करने हेतु प्रोत्साहित करता है।



बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार का स्वागत करते आयोजक।

बिहार के 211 प्रखंडों में नए डिग्री कलेजों में शिक्षा प्रारंभ होने के अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जताई प्रसन्नता।

बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ड प्रेम कुमार ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय, कोंच के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक साथ बिहार के 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेजों में शिक्षा प्रारंभ होना बिहार की शिक्षा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। राज्य के 211 प्रखंडों में स्थापित नए डिग्री कॉलेजों में आज से हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो रही है। यह केवल नए कॉलेजों का उद्घाटन नहीं है, बल्कि ज्ञान, अवसर और आत्मनिर्भरता के नए युग का शुभारंभ है।

इन नए महाविद्यालयों की स्थापना से उच्च शिक्षा की पहुँच गाँव-गाँव तक होगी। जब शिक्षा गाँव तक पहुँचती है तो केवल एक छात्र नहीं पढ़ता, बल्कि पूरा समाज जागृत होता है। अब अपने ही प्रखंड में डिग्री कॉलेज उपलब्ध होने से हजारों युवाओं, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। बिहार सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, छात्रावासों, पुस्तकालयों, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्तियों तथा आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में अनेक महवपूर्ण कदम उठाए हैं। शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आज का यह कदम उसी संकल्प की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारे संविधान के निर्माताओं ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना है। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसके नागरिक शिक्षित, जागरूक और उत्तरदायी हों।

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सबके सम्मिलित प्रयास से यह ऐतिहासिक कार्य संभव हुआ है। उन्होंने राज्य के सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को भी हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये नए डिग्री कॉलेज बिहार के विकास, सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

# राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026 के अंतर्गत पटना में हुआ 'सात शहीद' नाटक का प्रभावशाली मंचन

**संगीत नाटक अकादमी एवं कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा- रंगमंच हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है**



कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार ने किया।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 'वंदे मातरम् राष्ट्रगीत सार्धशती' एवं महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026 के अंतर्गत प्रेमचंद रंगशाला, पटना में एक भव्य रंगमंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली तथा कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी एवं संगीत नाटक अकादमी के सदस्य आशीष मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, रंगकर्मी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में 'सात शहीद' नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक का लेखन अभिषेक चौहान तथा निर्देशन अभिषेक राज ने किया। किलकारी, बिहार बाल भवन, पटना की प्रस्तुति ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया। कलाकारों के सशक्त अभिनय, प्रभावी संवाद एवं उत्कृष्ट मंच संयोजन ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राष्ट्र चेतना को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच है। ऐसे नाटक हमारी गौरवशाली विरासत, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्रीय मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कला एवं संस्कृति विभाग ऐसे रचनात्मक एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत सांस्तिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा देश की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस प्रकार के आयोजन युवा पीढ़ी को इतिहास, संसति एवं राष्ट्र के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने नाटक की सराहना करते हुए कलाकारों की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने पटना के सांस्कृतिक परिवेश को एक नई ऊर्जा प्रदान की तथा राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का प्रभावी संदेश दिया।

## खबरें खास-खास

### सरस्वती विद्या निकेतन योजना के विस्तार से शिक्षा व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा : मिथिलेश तिवारी

**मुख्यमंत्री का जताया आभार, बोले-शिक्षा सुधार और नवाचार को बढ़ावा दे रही सरकार**



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) योजना के विस्तार संबंधी राज्य मंत्रिपरिषद् के फैसले का बिहार की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। इस फैसले से राज्य के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

बुधवार को कैबिनेट की बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने बताया कि पूर्व में चयनित सरस्वती विद्या निकेतन के अतिरिक्तअब राज्य के अन्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का भी चयन कर उन्हें सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में विकसित और संचालित किया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और नवाचार आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि सरकारी विद्यालय भी शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित कर सकें। श्री तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार और नवाचार को बढ़ावा दे रही है। सरस्वती विद्या निकेतन योजना के विस्तार से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं और सीखने के अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, इससे सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण को भी मजबूती मिलेगी।

### बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से ठाकुरबाड़ी से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से रथयात्रा का समय 3 बजे निर्धारित है। रथयात्रा का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जगन्नाथ,बलभद्र,सुभद्रा की आरती कर और रथयात्रा पथ में झाड़ू लगाकर शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 56 भोग भी भगवान जगन्नाथ को अर्पण करेंगे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा् दिलीप जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से निकलने वाली रथयात्रा की तैयारी में श्री राधा कुंज बिहारी मठ के संत-महात्मा लगे हुए हैं हैं। भगवान जगन्नाथ के साथ बलदेव व सुभद्रा के काष्ठ का विग्रह जगन्नाथपुरी से आया है जबकि 40 फीट ऊंचा हाइड्रोलिक रथ बेगूसराय से मंगाया गया है। पूजा-आरती के बाद 3 बजे से रथयात्रा निकलेगी जो गर्दनीबाग, मिठापुर, अनीसाबाद, कच्ची तालाब, बेउर मोड़ होते हुए वापस गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी पहुंचेगी। वहाँ भगवान की आरती के बाद भगवान को पुनः छप्पन भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा के लिए कोलकाता से फूल व बंगाल के मायापुर के मृदंग वादक और वृंदावन की कीर्तन मंडली मुख्य आकर्षण होंगे। प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति एक बार भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजमान देखता है या रथ की रस्सी को स्पर्श करता है वह जन्म मृत्यु के चक्र से बाहर निकलने के योग्य हो जाता है।

### जीरो कैजुअल्टी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्व तैयारी और जनभागीदारी आवश्यक : राज्यपाल

**पटना / एनएसबी।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान , भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सरदार पटेल भवन, पटना में आपदा जोखिम प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने किया, जबकि समापन सत्र के मुख्य अतिथि राज्यपाल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, एनसीसी, एनएसएस, युवा स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम, पूर्व तैयारी, जन-जागरूकता और समय पर चेतावनी ही इसकी आधारशिला हैं। उन्होंने आपदा मित्र, एसडीआरएफ एवं एनडीआर एफ की भूमिका की सराहना करते हुए दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं एवं बच्चों के लिए समावेशी आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों को और सुढ़ बनाने पर बल दिया। उद्घाटन सत्र में बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति एवं तीवता बढ़ रही है। ऐसी परिस्थितियों में सामुदायिक सहभागिता, पूर्व तैयारी और जन-जागरूकता ही आपदा जोखिम न्यूनीकरण के सबसे प्रभावी उपाय हैं।



आपदा जोखिम प्रबंधन विषयक राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित।

### पर्यटन विभाग की विभागीय पत्रिका यायावर का विमोचन

**पटना / एनएसबी।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार सरकार का पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन क्षेत्र के योजनाबद्ध, समावेशी एवं दीर्घकालिक विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। राज्य की ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्तिक तथा प्रातिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए उन्हें आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में विशेष सचिव सह निदेशक उदयन मिश्रा ने मीडिया के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और पत्रकारों के सवालों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की विभागीय पत्रिका यायावर का विमोचन किया गया। विशेष सचिव ने बताया कि विभागीय पत्रिका में विभाग की सभी गतिविधियों को समाहित किया गया है, इससे पाठकगण सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा विगत वर्षो में किए गए संरचनात्मक पहलों के परिणामस्वरूप बिहार में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में कुल 6,62,12,415 पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि वर्ष 2026 में मई माह तक ही 3,42,34,761 पर्यटकों का आगमन दर्ज किया जा चुका है, जो राज्य में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं और जनविश्वास को रेखांकित करता है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना मद से 130100.15 लाख रुपये की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में प्रगति यात्रा 2025 के दौरान विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कुल 36 घोषणाओं के आलोक में 2710.31 करोड़ रुपये की योजनाओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। पुनौराधाम में माँ सीता जन्मस्थली के समग्र विकास, सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र के उन्नयन, राजगीर, वाल्मीकिनगर, फुलहर, सिंहेश्वर, कुशेश्वरस्थान, पटना हाट, पटना साहिब तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकास के कार्य प्रगति पर हैं। इन पहलों का उद्देश्य राज्य के धार्मिक, सांस्तिक और विरासत-आधारित पर्यटन को नई गति प्रदान करना है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना 2026, सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा वित्तीय सहायता योजना 2026 तथा मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना 2026 जैसी महवपूर्ण योजनाओं को स्वीति प्रदान की गई है। इन योजनाओं से पर्यटक सुविधाओं का विस्तार होगा।



पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएमसीएच में हिमोफिलिया की जीवन रक्षक दवा खत्म मरीजों को बढी चिंता

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच में हिमोफिलिया मरीजों की इलाज के लिए जीवन रक्षक दवा सेक्टर 8 का स्टॉक समाप्त हो गया है। इसके फलस्वरुप मरीजों एवं परिजनों की चिंता बढ़ गई है। हिमोफीलिया एक अनुवांशिक बीमारी है ।इसमें शरीर का कोई भी भागकटने के बाद खून नहीं जमता है। इसे बंद करने के लिए सेक्टर 8 की आवश्यकता होती है। दवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण परिजनों को महंगे दाम पर बाहर से दवा खरीद कर लाना पड़ता है। क्योंकि सेक्टर 8 यदि नहीं पड़ेगा तो खून नहीं बंद होगा। डीएमसीएच उत्तर बिहार का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है।यहां समस्तीपुर मधुबनी सीतामढ़ी सुपौल सहरसा का रोगीआते हैं। फैक्टर 8 की कमी से लोग प्रभावित हो रहे हैं। डीएमसीएच के अधीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि 2000 भाइल दवा बीएमएसआईसीएल से मांगी गई थी। इसमें बीएमएसआईसीएल 100 भाइल दिया।वह खत्म हो गया है दोबारा 1900 भाईल के लिए बीएमएसआईसीएल को लिखा गया है।

### जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**तीन छोटे बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बारिश के पानी से भरे जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर वार्ड संख्या-7 निवासी गणेशजी दास के पुत्र रामसुधीन दास उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।मृतक के बड़े भाई शंकर कुमार दास ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे रामसुधीन खेत जा रहे थे। बारिश के कारण चारों ओर पानी भरा हुआ था, जिससे उन्हें गड्ढे का अंदाजा नहीं लग सका। रास्ते में जेसीबी से खोदे गए गहरे गड्ढे में वह गिर गए। तैरना नहीं आने के कारण उनकी मौके पर ही डूबकर मौत हो गई।उन्होंने बताया कि आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने काफी देर तक तलाश की। खोजबीन के दौरान रामसुधीन का शव गड्ढे में मिला। लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिवार वाले उन्हें घर ले आए। सूचना मिलने पर बहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों और पत्नी को छोड़ गए हैं। परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा वही थे। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।पोस्टमार्टम होकर लाश परिजनों को सौंप दिया गया।

### सिंहवाड़ा में पोखर में डूबने से मजदूर की मौत

**आज ही परदेश से लौटे पति से बात भी नहीं कर सकी पत्नी**



**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा में बुधवार को पदमौल पोखर में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। तालाब में लाश मिलने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। मृतक नगर पंचायत सिंहवाड़ा का पचपन वर्षीय छोटू कहार बताया गया है। बताया गया है कि छोटू कहार पंजाब में धान रोपनी का काम कर अपने घर सिंहवाड़ा आज ही आया था। घर में सामान रखकर वह गांव के ही पदमौल पोखर में नहाने के लिए गया था। इसी बीच गहरे पानी मे फिसलकर डूब गया। इधर परिवार के लोग उसका इंतजार कर रहे थे उधर पोखरा किनारे से जा रही एक महिला की नजर तालाब में उपलाते लाश पर पड़ी। मृतक की पत्नी फूलो देवी परदेस से आए पति के लिए अभी खाना बना ही रही थी कि उसके मौत की जानकारी मिलते ही मूर्छित होकर गिर गई। बेटी पूजा और ज्योति के साथ पुत्र मिथुन और धर्मेंद्र सहित अन्य परिजन बिलखते हुए तालाब किनारे पहुंच गए। मृतक छोटू कहार एक बेटा और एक बेटी की शादी कर चुका था। दूसरी बेटी के विवाह की तैयारी में वह परदेश से मजदूरी कर गांव लौटा था। मृतक की पत्नी बिलखते हुए कह रही थी कि प्रदेश से लौटने के बाद कुछ बात भी नहीं हो सकी। वह एकाएक हम लोगों को छोड़कर चले गए। पोस्टमार्टम के बाद गांव में लाश पहुंचते ही मांतम पसर गया। पत्नी एवं बच्चों को बिलखते देख ढाढस बांध रहे थे।

### दरभंगा हवाई अड्डा का नामकरण दरभंगा के महाराजा कामेश्वर सिंह के नाम पर होना चाहिए : आर के दत्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) सेकुलर के दरभंगा के जिलाध्यक्ष आर के दत्ता ने कहा की दरभंगा हवाई अड्डा का नामकरण दरभंगा के महाराजा कामेश्वर सिंह के नाम पर होना चाहिए। क्योंकि दरभंगा राज परिवार का देश के विकास में सामाजिक उत्थान में हवाई अड्डा के निर्माण और उन्होंने अपने कार्य से शत प्रतिशत अमूल्य व ऐतिहासिक योगदान दिया है। श्री दत्ता ने कहा की इसलिए मैं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से मांग करता हूं की दरभंगा हवाई अड्डा का नाम महाराजा कामेश्वर सिंह हवाई अड्डा नाम रखी जाए।

### दूरदर्शन मैथिली चैनल के सुदृढ़ीकरण तथा दरभंगा रेडियो स्टेशन के आधुनिकरण के लिए हो रही ठोस पहलः डा गोपाल जी ठाकुर

**भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव से मिले सांसद, दरभंगा आकाशवाणी के जीर्णोद्धार तथा आधुनिकीकरण के लिए हुई चर्चा**



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा रेडियो स्टेशन का अपना प्राचीन विरासत तथा समृद्ध इतिहास रहा है। मैथिली भाषा के माध्यम से समाचार का प्रसारण, विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा मिथिला की समृद्ध लोकप्रंपराओं का संरक्षण व संवर्धन सहित विभिन्न मुद्दों पर इस रेडियो स्टेशन की प्राचीन गरिमा को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार संवेदनशील है तथा इसके लिए ठोस पहल शुरू कर दी गई है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार की देर संध्या दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री चंचल कुमार जी से मुलाकात करने के बाद उपरोक्त बातें कही है। सांसद डा ठाकुर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय सचिव चंचल कुमार से हुई भेंट में दूरदर्शन मैथिली चैनल के सुदृढ़ीकरण, दरभंगा आकाशवाणी केंद्र के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण, दरभंगा रेडियो स्टेशन से संबंधित लंबित मांगों के शीघ्र समाधान तथा मिथिला क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रसारण एवं विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा इन विषयों से सम्बंधित अपना आग्रह पत्र सौंपा।सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय सचिव के समक्ष दरभंगा आकाशवाणी केंद्र की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि 1976 में स्थापित इस केंद्र के द्वारा मैथिली भाषा के विकास,मिथिला संस्कृति का संरक्षण, तथा मैथिली गीत-संगीत का संवर्धन होता रहा तथा आकाशवाणी दरभंगा केंद्र के प्रसारण क्षेत्र के अंतर्गत दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, सीतामढ़ी,शिवहर और बेगूसराय जिलो में इस आकाशवाणी केंद्र की काफी उपयोगिता है।

### झझरा में संचालित डिग्री कॉलेज कुशेश्वरस्थान का हुआ उद्घाटन



**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** कुशेश्वरस्थान प्रखंड मे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर से वर्चुअल माध्यम से झझरा में संचालित डिग्री कॉलेज कुशेश्वरस्थान का उद्घाटन किया। इसके साथ ही प्रखंड के 14 पंचायत सहित बगल के समस्तीपुर जिला के हसनपुर व बिथान प्रखंड के कुछ गांव एवं हजारों छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए अब दरभंगा सहित अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल कॉलेज में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र तथा अर्थशास्त्र विषयों की पढ़ाई होगी। प्रखंड के उद्घाटन जे के कालेज के प्रधानाचार्य डां सूर्य नारायण पांडेय , हिंदी के प्रोफेसर शशि भूषण डिग्री कालेज झझड़ा के बड़ा बाबू सह एकाउंटेट कृषलय कुमार बिक्रम मौजूद थे झझरा में संचालित डिग्री कॉलेज कुशेश्वरस्थान के उद्घाटन समारोह में बीडीओ चंदन कुमार, ,20 सूत्री अध्यक्ष राज कुमार राय,राम अनुज यादव, मणिकांत झा, मुखिया पप्पू मांझी, पैक्स अध्यक्ष राम नारायण यादव,लालन नायक, समाजसेवी त्रिभुवन यादव ,विनोद यादव , दिलखुश कुमार ,पूव मुखिया तारनी राम सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उर्दू शोध और आलोचना को और अधिक मानकीकृत करने के लिए वैज्ञानिक पद्धति को अपनाना आवश्यक : प्रो आफताब अहमद आफाकी

**सी.एम. कॉलेज, दरभंगा में उर्दू शोध और आलोचनाः सिम्त -व- रफ्तार पर चर्चा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि अन्य भाषाओं में शोध और आलोचना की तरह, उर्दू बदलते समय की मांगों को पूरा करती रही है और हमारे प्रख्यात शोधकताओं और आलोचकों ने अपने मेहनत और समर्पण से न केवल उर्दू शोध और आलोचना को उच्च मानक प्रदान किए हैं, बल्कि इसे पश्चिमी आलोचना के समान भी खड़ा किया है। ये विचार सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किए। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि वर्तमान युग में विज्ञान और साहित्य जगत में एक महान क्रांति हुई है और शोध और आलोचना के क्षेत्र में भी एक बड़ा बदलाव हो रहा है, इसलिए हमारेशिक्षकों और छात्रों को बदलते साहित्यिक परिवेश का गंभीरतापूर्वक लाभ उठाना चाहिए और अपने लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। अब हमें पारंपरिक पद्धतियों को त्यागकर, खोजों से ज्ञान प्राप्त करना होगा और विषयगत स्तर पर भी अनूठे विषयों का चयन करना होगा। प्रोफेसर अहमद कॉलेज में उर्दू भाषा और साहित्य के छात्रों के लिए " उर्दू शोध और आलोचना" विषय पर एक चर्चा को संबोधित कर रहे थे। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रख्यात उर्दू विद्वान और आलोचक प्रोफेसर आफताब अहमद अफाकी अध्यक्ष उर्दू विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय इस अवसर पर विशेष अतिथि हैं प्रोफेसर आफताब अहमद अफाकी ने कहा कि उर्दू शोध और आलोचना का इतिहास अनुकरणीय रहा है और हम उर्दू भाषी लोगों को इस पर गर्व होना चाहिए, लेकिन वर्तमान युग में शोध और आलोचना के क्षेत्र को और अधिक विस्तारित और मानकीकृत करने के लिए वैज्ञानिक पद्धति को अपनाना आवश्यक है। प्रोफेसर अफकी ने कहा कि आज विश्व भर में भाषा और साहित्य के अध्ययन को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जैसे कि साहित्य का दायरा सीमित हो रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि डिजिटल पुस्तकालयों और अन्य वैज्ञानिक विधियों की बदौलत अब भाषा और साहित्य का दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और हजारों वेबसाइटों के माध्यम से विश्व की एक बड़ी आबादी भाषा और साहित्य की संपदा से लाभान्वित हो रही है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि सीएम कॉलेज, दरभंगा ऐसे समकालीन मुद्दों पर चचाओं का आयोजन करता है, जो छात्रों को ज्ञान प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर आफताब अशरफ, डॉ. नसरीन सुरैया, डॉ. शमशेर अली, डॉ. अबसार आलम, डॉ. एकेएम हादी, फैजान हैदर, डॉ. रूहुल्लाह खान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में, मिथलांचल की सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार, प्रोफेसर अफाकी का स्वागत पाग, शॉल और फूलों के गुलदस्ते से किया गया, सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने उनके आगमन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## अलीनगर में डिग्री कॉलेज का शुभारंभ, पहले ही सत्र में 68 विद्यार्थियों का नामांकन

**विधायक मैथिली ठाकुर ने फीता काटकर की शुरूआत, मुख्यमंत्री के ऑनलाइन उद्घाटन**



उद्घाटन समारोह में विधायक मैथिली ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह एवं अन्य

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू विद्यालय परिसर में नवस्थापित डिग्री कॉलेज का विधिवत शुभारंभ बुधवार को किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य के विभिन्न नवस्थापित डिग्री कॉलेजों के ऑनलाइन उद्घाटन के क्रम में अलीनगर डिग्री कॉलेज का भी शुभारंभ हुआ। स्थानीय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मैथिली ठाकुर ने फीता काटकर कॉलेज के प्रथम शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।इस अवसर पर विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पहले सत्र में 68 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, जिनमें 57 छात्राएं शामिल हैं। यह बेटियों की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और अभिभावकों के विश्वास का सकारात्मक संकेत है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह ने बताया कि जिन विषयों के शिक्षक फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं, उनकी पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से मिल्लत कॉलेज, दरभंगा एवं चंदौना महाविद्यालय के सहयोग से निःशुल्क कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कार्यक्रम का संचालन मिल्लत कॉलेज, दरभंगा के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया। वहीं जन कल्याणकारी सह शिक्षा विकास मंच, श्यामपुर की ओर से प्रथम सत्र में नामांकित एवं पहले दिन कॉलेज पहुंचने वाली छात्राओं को कलम और कॉपियां भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों का पाग, माला एवं चादर ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार झा, बीडीओ ललित कुमार मिश्र, बीईओ मसलेहउद्दीन, डॉ. दस्तगीर आलम, डॉ. विजय शंकर पंडित, सीएचसी प्रभारी डॉ. बिमलेश प्रकाश, भाजपा नेता मुनीन्द्र यादव, प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश कुमार साहनी, जन कल्याणकारी सह शिक्षा विकास मंच के अध्यक्ष निर्भय यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राम साफी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, उप प्रमुख अंजुम आरा, प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवाशीष, मो. हकीकुर्रहमान, राशिद समी, विशंभर यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## डरहार डकैती कांड को लेकर बहादुरपुर थाना का किया घेराव

**शीघ्र गिरफ्तारी की मांग एमएसयू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा मांगपत्र**



**बहादुरपुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के डरहार गांव में हुए चर्चित डकैती कांड के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में एमएसयू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बहादुरपुर थाना का घेराव कर अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर के समक्ष सभा आयोजित कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।तथा थाना प्रभारी को मांगपत्र सौंपा।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दिन-दहाड़े हुई गंभीर डकैती की घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने में असफल है। जिससे क्षेत्र की जनता में भय एवं आक्रोश का माहौल है।लोगों ने मामले के शीघ्र उद्भेदन, अपराधियों की गिरफ्तारी तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय एमएसयू के नेता क्रांतिकारी नीरज कुमार ने कहा कि डरहार डकैती कांड केवल एक परिवार पर हमला नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।उन्होंने कहा कि जनता अपराधियों की गिरफ्तारी और न्याय की मांग कर रही है।यदि प्रशासन शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं करता है,तो बाध्य होकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।वहीं बहादुरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष सह डरहार के पूर्व पैक्स अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि अपराधियों के मन में कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण लगातार पुलिस प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं,लेकिन अब तक ठोस परिणाम सामने नहीं आना चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस से वैज्ञानिक जांच के आधार पर अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक डकैती कांड के सभी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती,तब तक जनदबाव और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा।अंत में प्रतिनिधिमंडल ने बहादुरपुर थाना प्रभारी को मांगपत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायत के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दरभंगा स्टेशन रोड दुकानदार संघ ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा स्टेशन रोड दुकानदार संघ, दरभंगा की ओर से दरभंगा के जिलाधिकारी, कौशल कुमार को ज्ञापन दिया गग।संघ के मुख्य संरक्षक सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा हम सेकुलर, दरभंगा के जिलाध्यक्ष, आर के दत्ता के द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमे दरभंगा ऐलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट के तहत विस्थापित होने वाले स्टेशन रोड के दुकानदारों को बिहार सरकार की भूमि पर पुनर्वासित कर व्यवस्थित करने के लिए आग्रह किया गया। श्री दत्ता ने कहा कि आग्रह पूर्वक जिलाधिकारी का ध्यानाकृष्ट करना यह है की दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस दरभंगा एक्सप्रेसवे निमार्ण का हम दरभंगा स्टेशन रोड वासी तहेदिल से स्वागत करते है। उक्त योजना के तहत ऐलिवेटेड रोड निमार्ण कार्य के कारण स्थाई व अस्थायी सैकड़ों दुकानदार भी विस्थापित होंगे, जिनके समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या व बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। इस संदर्भ में जिलाधिकारी को पूर्व में भी एक ज्ञापन और मांग-पत्र के माध्यम से विस्थापित होने वाले दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था व व्यवस्थित करने का आग्रह किया गया था। इस ज्ञापन के माध्यम से हम जिलाधिकारी का ध्यानाकृष्ट करते हैं कि उक्त योजना के तहत भू-अधिग्रहण किए गए भूमि रकवा के बाद बिहार सरकार की लगभग 20 से 23 फीट जमीन अतिरिक्त बच जाती है और उसके बाद ऐतिहासिक हराही तालाब व भीण्डा की भूमि भी सुरक्षित रह जाती है। ज्ञापन के साथ बिहार सरकार की भूमि से जुड़ा नक्शा एवं उक्त जमीन पर पूर्व मे चले अतिक्रमणवाद से संबंधित कागजात भी जमा की गई है। जो कि आवेदन के साथ संलग्न किया गया है। श्री दत्ता ने कहा कि प्रशासनिक स्तर से जनहित में ठोस पहल की जाए तो ऐलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट में अधिगृहीत भूमि के बाद ऐतिहासिक हराही तालाब व भिण्डा की भूमि के बीच में बिहार सरकार की भूमि पर स्टेशन रोड के दुकानदारों को सरकारी स्तर पर मॉर्केट निर्माण कर पुनर्वासित व व्यवस्थित कर विस्थापन की समस्या का स्थाई निदान संभव हो सकता है।

## दरभंगा जिले के आठ नवस्वीकृत सरकारी डिग्री कॉलेजों का हुआ शुभारंभ

**मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किया उद्घाटन, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मिलेगा बड़ा लाभ**



उद्घाटन समारोह में गौड़ाबौराम विधायक सुजीत कुमार।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार के सभी जिलों में नवस्वीकृत सरकारी डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री, बिहार के कर-कमलों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर दरभंगा जिले के 08 नवस्वीकृत सरकारी डिग्री कॉलेजों का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही जिले में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम उठाया गया। जिले में कुशेश्वरस्थान पूर्वी, कुशेश्वरस्थान, गौड़ाबौराम, किरतपुर, तारडीह, अलीनगर, हनुमाननगर एवं सिंहवाड़ा प्रखंडों में स्थापित नवस्वीकृत सरकारी डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों का विधिवत प्रारंभ हो गया। गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, सिंहवाड़ा दरभंगा) में आयोजित उद्घाटन समारोह में जाले के विधायक जीवेश कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ऑनलाइन उद्घाटन समारोह के उपरांत कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मुश्ताक अहमद, प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद तस्लीम तथा सनहपुर उच्च विद्यालय जिसके परिसर में फिलहाल कॉलेज संचालित हो रहा है के शिक्षकों एवं कर्मियों द्वारा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा का मिथिला की पारंपरिक पाग, चादर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में नामांकन लेने वाली प्रथम छात्रा ललिता कुमारी का भी पाग एवं चादर ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया, जिससे छात्राओं के लिए प्रेरणादायक संदेश गया।अपने संबोधन में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, सिंहवाड़ा के प्राचार्य प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने कहा कि बिहार सरकार का यह निर्णय ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल है। गौड़ाबौराम प्रखंड में आयोजित गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, गौड़बौराम के उद्घाटन समारोह में विधायक सुजीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नए सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी तथा शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा।

## डिग्री कॉलेज के शुभारंभ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने में छात्रो को होगी आसानी : जीवेश कुमार

**सनहपुर मे उत्साहपूर्ण समारोह के साथ शुरू हुआ डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई**




सिंहवाड़ा के सनहपुर में डिग्री कॉलेज का शुभारंभ करते विधायक एवं अन्य उपस्थित लोग।

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सनहपुर में डिग्री महाविद्यालय के शुभारंभ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने में छात्र-छात्राओं को आसानी होगी। सनहपुर में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना उनके चुनावी घोषणा पत्र का प्रमुख संकल्प था। आज महाविद्यालय का शुभारंभ उसी निरंतर प्रयास और जनविश्वास का परिणाम है। सनहपुर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में डिग्री महाविद्यालय के वर्ग संचालन व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने उपस्थित लोगों से कहीं। उन्होंने कहा कि उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज राज्य के 211 प्रखंडों में नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में पठन पाठन कार्य का शुभारंभ किया गया। इससे शिक्षित बिहार का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने उन प्रखंडों में भी उच्च शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की है। जहाँ अब तक डिग्री महाविद्यालय उपलब्ध नहीं था। यह निर्णय शिक्षा के क्षेत्र में दूरगामी एवं ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि अतरवेल जाले पथ किनारे प्रस्तावित सनहपुर महाविद्यालय के आधुनिक एवं सुसज्जित भवन बनाने की व्यवस्था शुरू की गई है। तब तक यहां छात्रों की सुविधा के लिए दो अतिरिक्त कमरे एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जा रही है। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिग्री महाविद्यालय के शुभारंभ को शिक्षा के विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर भूमि सुधार उप समाहर्ता संजीत कुमार, बीडीओ बिक्रम भास्कर, सीओ अंकुर राय, बीएओ विनोद कुमार प्रचार्य मो मुश्ताक अहमद, विद्यालय के एचएम अविनाश कुमार, मुखिया अमृत कुमार चौरसिया,भजपा लोकसभा विस्तारक देवानन्द कर्ण, जिला बीस सूत्री सदस्य विजय चौधरी, राजेश साह, विनोद यादव, मिथिलेश यादव,गुड्डू चौरसिया,संजीव चौधरी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईशांत हत्याकांड में पुलिस की बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी रंजीत गिरफ्तार



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बहुचर्चित ईशांत कुमार उर्फ छोटू अपहरण एवं हत्याकांड में विद्यापतिनगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और उसके आधार पर मामले के अन्य पहलुओं की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। गौरतलब है कि 10 जून को बंगराहा निवासी किसान रामप्रीत राय का पुत्र ईशांत रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। बाद में एक आरोपी के आत्मसमर्पण और उसकी निशानदेही पर 8 जुलाई को लखनपुर-कलना चौर स्थित खेत से करीब 12 फीट गहरे गड्ढे में दफन ईशांत का शव बरामद हुआ, जिसके बाद मामला हत्या में तब्दील हो गया। इस कांड में पुलिस ने पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। इनमें एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है, एक ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था और अब मुख्य आरोपी रंजीत कुमार सिंह की गिरफ्तारी के साथ तीन आरोपी कानून के शिकंजे में आ चुके हैं। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।मंगलवार को पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। इसके अगले दिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले की चर्चा और तेज हो गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई अनुसंधान के क्रम में की गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपितों को भी गिरफ्तार कर मामले में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया जाएगा। वहीं, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है।

### नहीं रहे समाजसेवी राम सकल कुंवर, निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी एवं सरायरंजन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कुनाल कुमार के पिता, वरिष्ठ समाजसेवी राम सकल कुंवर का उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा से जुड़े रहे और अपने सरल, मिलनसार तथा सहयोगी स्वभाव के कारण लोगों के बीच विशेष पहचान रखते थे। राम सकल कुंवर ने अपने जीवनकाल में समाज के हर वर्ग के लोगों की सहायता को प्राथमिकता दी। वे सामाजिक सद्भाव, मानवीय मूल्यों और जनहित के कार्यों के लिए हमेशा सक्रिय रहे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सम्मानित एवं लोकप्रिय समाजसेवी को खो दिया है। वे अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने कहा कि राम सकल कुंवर का सादा जीवन, सेवा भावना और सामाजिक योगदान हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके निधन से हुई क्षति की भरपाई कर पाना आसान नहीं होगा।

### एनएच-88 पर दिनदहाड़े टोटो में बैठी महिला के गले से सोने का ढोलना छीनकर दो बाइक सवार बदमाश फरार

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के एसएच-88 स्थित पांड चौक के पास दिनदहाड़े झपटमारी की घटना सामने आई है। दलसिंहसराय बाजार से टोटो पर सवार होकर अपने घर लौट रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाश सोने का ढोलना झपटकर फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई। वारदात के बाद आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है। पीड़ित महिला की पहचान बाबूपुर सलखन्नी निवासी मुकेश पोद्दार की पत्नी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। पीड़िता ने बताया कि वह किसी काम से दलसिंहसराय बाजार आई थी। काम समाप्त करने के बाद वह टोटो पर सवार होकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान एसएच-88 पर पांड चौक के पास पीछे से अपाचे बाइक पर सवार होकर दो युवक पहुंचे और टोटो के करीब पहुंचते ही अचानक झपट्टा मार कर महिला के गले से सोने का ढोलना छीना और फरार हो गये। घटना इतनी तेजी से हुई कि पीड़िता को संभलने या शोर मचाकर बदमाशों को पकड़वाने का मौका तक नहीं मिला। दिनदहाड़े व्यस्त सड़क पर हुई इस झपटमारी की घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर बाइक सवार झपटमारों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्ती और वाहन जांच बढ़ाने की जरूरत है

### रिफॉर्म कार्यक्रम एवं डिजिटल लाइब्रेरी को समृद्ध बनाने हेतु समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में सहगल फाउंडेशन के गुरुग्राम चैप्टर के प्रोग्राम लीड अंकित ओझा ने विद्यालय में चलाए गए रिफॉर्म कार्यक्रम एवं डिजिटल लाइब्रेरी को समृद्ध बनाने हेतु समीक्षात्मक बैठक की।सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में बाल बैंड की धुन पर बच्चों ने फूल बरसा कर, पुष्प गुच्छ समर्पित कर एवं स्वागत गान व नृत्य कर अतिथि का स्वागत किया।इस अवसर पर श्री ओझा ने ग्रामीण परिवेश में कंप्यूटर के विभिन्न आयामों की बच्चों से जानकारी ली एवं तुरंत वर्गवार और विषय वार कंटेंट उपलब्ध कराया। इस अवसर पर छात्राओं ने समूह गायन एवं समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति कर मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा का बोध कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को अतिथि के द्वारा कॉपी, पेंसिल, स्केल, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक इंदिरा कुमारी, अनुपम कुमार राय, शिक्षक संजीव कुमार झा, विमल कुमार साह, विमला कुमारी, बाल संसद की प्रधानमंत्री अनन्या कुमारी सहित अन्य मंत्री और छात्राएं मौजूद थे।

### ग्रामीण और प्रवासी मजदूरों के लिए एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के काशीपुर स्थित विधि महाविद्यालय सभागार में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के द्वारा एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका डीएम रोशन कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अली एकराम, एवं श्रम अधीक्षक गंगा सागर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर शुभारंभ किया। इस शिविर में जिलें के सभी प्रखंडों से सैकडों की संख्या में असंगठित क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार सहित श्रमिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के ने बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना (2011) एवं बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दूर्घटना अनुदान योजना के पात्र लाभुकों के बीच सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। साथ ही वैसे प्रवासी श्रमिक जिनकी मृत्यु बिहार से बाहर अन्य राज्यों में दूर्घटना के कारण हो गया, उनके वैध आश्रितों के बीच लगभग 54 लाख रुपए का सांकेतिक चेक सभी 27 मृतक के वैध आश्रितों के बीच वितरण किया गया। बतातें चले कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रखण्ड स्तर से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक, समस्तीपुर के अनुशंसा के आधार पर जिलापदाधिकारी द्वारा स्वीकृती प्रदान की जाती है। साथ ही बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना (2011) के तहत मृतक के वैध आश्रितों को भी 50-50 हजार का सांकेतिक चेक के माध्यम से भुगतान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी के द्वारा बाल श्रम पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया साथ ही उपस्थित सभी श्रमिकों को बाल श्रमिकों से कार्य कराने वालों के विरूद्ध दण्ड के सम्बंध में विस्तार से बताया गया। विभिन्न श्रम अधिनियम के द्वारा निबंधित श्रमिक

# क्षेत्र की बेटियों को अब उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूर : डीएम

**विद्यापतिनगर को मिली उच्च शिक्षा की नई सौगात, मुख्यमंत्री ने किया विद्यापति डिग्री कॉलेज का उद्घाटन**



उद्घाटन करते डीएम व अन्य।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिनगर के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बन गया। राज्य सरकार द्वारा स्थापित 211 नए डिग्री कॉलेजों के साथ विद्यापति डिग्री कॉलेज, विद्यापतिनगर का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा भागलपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिमोट से किया गया। इस अवसर पर विद्यापति प्लस टू विद्यालय, मऊ बाजिदपुर उत्तर परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर कॉलेज का विधिवत शुभारंभ किया।समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कहा कि विद्यापति डिग्री कॉलेज का खुलना पूरे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अब स्थानीय छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। एसडीओ किशन कुमार ने कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। उन्होंने छात्रों से नियमित अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के दीक्षारंभ (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का भी शुभारंभ जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। पहले दिन 55 छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, भविष्य की योजनाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, भाकपा नेता भगवत प्रसाद सिंह, प्रमुख कृष्णा देवी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह उर्फ टून-टून, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार झा, बीपीआरओ बंटी कुमारी, बीईओ डॉ. प्रभात रंजन, कैलाश पासवान, विजय कुमार, अविनाश भारद्वाज, मुखिया विवेकानंद सिंह, उपेंद्र राय उर्फ पीना जी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह के दौरान कॉलेज प्रबंधन की ओर से जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, एसडीओ किशन कुमार, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, जदयू प्रदेश महासचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख कृष्णा देवी, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, डॉ. प्रभात रंजन, कैलाश पासवान, अविनाश भारद्वाज, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सहित अन्य अतिथियों को पाग, चादर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यापति डिग्री कॉलेज का शुभारंभ क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

## जिले के पांच प्रखंडों में नवस्थापित महाविद्यालयों का शुभारंभ, आज से पठन-पाठन प्रारंभ



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बिहार सरकार की ऐतिहासिक पहल के तहत आज राज्य के उन प्रखंडों में नवस्थापित महाविद्यालयों का शुभारंभ किया गया, जहां पूर्व में महाविद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से नवस्थापित महाविद्यालयों का उद्घाटन किया तथा सभी महाविद्यालयों में विधिवत पठन-पाठन का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि समस्तीपुर जिले के खानपुर, कल्याणपुर, सिंघिया, विथान एवं विद्यापतिनगर प्रखंडों में नवस्थापित महाविद्यालयों का आज एक साथ उद्घाटन किया गया। इन सभी महाविद्यालयों में आज से नियमित शैक्षणिक गतिविधियां एवं पठन-पाठन प्रारंभ हो गया है। इन महाविद्यालयों की स्थापना से जिले के हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा ने विद्यापतिनगर स्थित नवस्थापित महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा उसके उपरांत फीता काटकर विद्यापतिनगर महाविद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर महाविद्यालयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उच्च शिक्षा तक पहुंच सुलभ होगी, नामांकन में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र के समग्र शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय किशन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## डीडीसी की अध्यक्षता में माय भारत के जिला सलाहकार समिति की बैठक



बैठक में शामिल डीडीसी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में उप विकाश आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक माय भारत के जिला युवा अधिकारी सह जिला सलाहकार समिति की सचिव विजेता मजूमदार, विवेक कुमार शर्मा जीएम डी.आई.सी सह जिला खेल पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल आनंद, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, उदय शंकर, डीपीओ जिला गंगा समिति नीरजेश कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर डॉ शालिनी कुमारी भवांशिका, मणिभूषण ठाकुर ने बैठक में भाग लिया।

जिला युवा अधिकारी द्वारा सभी को माय भारत अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन दिया।साथ ही सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा अपना अपना मंतव्य दिया गया।बैठक का उद्देश्य आगामी एक माह में दो लाख से अधिक युवाओं को माय भारत समस्तीपुर से जोड़ना है और उन्हें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ना, प्रशिक्षित करना और लाभ पहुंचाना है।

## पुराने छात्रावास के कमरे से सड़ा गला शव बरामद, सनसनी



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के पुराने बंद पड़े खंडहरनुमा हॉस्टल के एक कमरे से बुधवार को एक युवक का सड़ा गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव देखकर प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि, मृतक के शरीर को केमिकल डालकर जलाने का प्रयास किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया। शव देखने से प्रतीत हो रहा है युवक की मौत 15-20 दिन पहले हुई होगी। शव पूरी तरह से गला हुआ है। जिससे समाचार प्रेषण तक उसकी पहचान या मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का बताना है कि हॉस्टल के पीछे उनका घर और खेत है। दोपहर को उनके खेत में लगे ताड़ के पेड़ छज्जा हॉस्टल के छत पर गिर गया था। वह अपनी खेत की ओर से पुराने हॉस्टल के छत पर चढे तो उन्हें बदबू का एहसास हुआ। जिसके बाद वह हॉस्टल की ओर दीवार से उतर कर बदबू आ रहे कमरे की ओर गए तो वहां पर सरी हुई लाश देखी। लाश देख कर वह काफी डर गए। जिसके बाद उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शशि रंजन कुमार शशि को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर उन्होंने सदर एसडीपीओ 1 संजय पांडेय को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस तप्तीश में जुट गई है । कॉलेज के प्रिंसिपिल डा. शशि रंजन कुमार शशि का बताना है कि 15 मई के बाद गर्मी की छूट्टी के कारण कॉलेज बंद था। हॉस्टल कैंपास में एक भवन बना है जिसमे कोई कार्यक्रम होने पर ही लोग आते हैं। जिस कारण इस ओर लोगों को आना-जाना नहीं रहता। पुराना हॉस्टल जर्जर है यहां कोई नहीं रहता है।

## प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूसा में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**पूसा (एनएसबी)।** केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बुधवार, बुधवार को प्रखंड स्थित पंचायत समिति भवन, पूसा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी, पूसा ने की। कार्यशाला में योजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने बताया कि, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) की आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में अजय ऐप के माध्यम से ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण कराया जाना है। यह सर्वेक्षण, योजना के सफल संचालन की आधारशिला है, क्योंकि इसके माध्यम से गांवों की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत आवश्यकताओं का आंकलन किया जाएगा। इसी के आधार पर विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी और पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव तथा ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दल को अजय ऐप के संचालन, सर्वेक्षण प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने, लाभार्थियों की पहचान, समयबद्ध प्रतिवेदन तैयार करने तथा ऑनलाइन डेटा अपलोड करने की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए प्रत्येक जानकारी का सत्यापन करना आवश्यक होगा। बैठक में योजना के उद्देश्यों, अनुसूचित जाति बहुल गांवों के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार और आजीविका से संबंधित कार्यक्रमों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों से अपील की कि वे पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ सर्वेक्षण कार्य संपन्न करें, ताकि योजना का लाभ वास्तविक पात्र परिवारों तक पहुंच सके। कार्यशाला में ग्राम सेखोपुर, गौरा कल्याणपुर एवं देओपार (पूसा) की ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण टीम उपस्थित रही। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित सर्वेक्षण पूरा करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने सभी टीमों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। कार्यशाला के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सर्वेक्षण दलों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समयबद्धता के साथ कार्य करते हुए योजना को सफल बनाने का आह्वान किया।

## राजकीय डिग्री कॉलेज, बिथान का भव्य उद्घाटन, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय शुरू



उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य।

**बिथान (एनएसबी)।** सात निश्चय 3.0 के तहत उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जिले में नवस्थापित 5 डिग्री कॉलेजों का एक साथ वर्चुअल उद्घाटन किया। इसी क्रम में राजकीय डिग्री कॉलेज, बिथान का उद्घाटन भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह अवसर पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण रहा, क्योंकि लंबे समय से स्थानीय लोगों की उच्च शिक्षा संबंधी मांग इस महाविद्यालय की स्थापना के साथ साकार हुई।

प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) संजय झा के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह का संचालन एवं नेतृत्व डॉ. दिनेश राम ने किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भूमि सुधार पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिथान बब्लू कुमार अंचलाधिकारी, रूबी कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महाविद्यालय का उद्घाटन किया। तत्पश्चात मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप अतिथियों का पाग, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में डॉ दिनेश राम ने कहा कि यह महाविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा तक सभी की समान पहुँच सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण पहल है और यह कॉलेज उस लक्ष्य को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के माध्यम से महाविद्यालय की पहचान स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इससे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से छात्राओं के लिए यह महाविद्यालय किसी वरदान से कम नहीं है। अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय, धन एवं सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता, नामांकन दर तथा शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बिहार सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि राजकीय डिग्री कॉलेज, बिथान आने वाले समय में क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर शिक्षा, सामाजिक विकास और आत्मनिर्भरता का प्रमुख केंद्र बनेगा। मौके पर कुंदन कुमार वत्स, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पूजा कुमारी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रंजना कुमारी, पूर्व संकुल कोऑर्डिनेटर कृष्णदेव कौशल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखारी के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव प्रसाद इंदु, सहायक शिक्षक लाल बाबू यादव, अवधेश यादव, पेक्स अध्यक्ष जीछश यादव, के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फोरलेन निर्माण की धीमी रफ्तार पर डीएम नाराज, कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने मंगलवार को बेनीपट्टी प्रखंड कार्यालय रोड स्थित फ्लाईओवर के समीप भारतमाला परियोजना के तहत निमार्णाधीन फोरलेन सड़क का औचक निरीक्षण किया। साहरघाट से मधुबनी लौटने के दौरान उन्होंने अचानक रुककर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं वर्तमान प्रगति की गहन समीक्षा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निर्माण कार्य अपेक्षित रफ्तार से नहीं चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से बातचीत की गई है तथा संवेदक को लीगल एग्रीमेंट के अनुरूप निर्माण कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान बेनीपट्टी के अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पांडेय भी उपस्थित थे। इस बीच मीडियाकर्मियों ने संसारि पोखर से धनौजा के बीच सर्विस रोड अथवा कट की व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की जरूरत और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए फोरलेन से अतिरिक्त संपर्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि यह उनका नियमित निरीक्षण था। उन्होंने कहा कि जिले की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की लगातार निगरानी उनकी प्राथमिकता है, ताकि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें।

### समूह लोन का झांसा देकर अंतरराज्यीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, ठग दंपत्ति गिरफ्तार

**91 साइबर शिकायतों वाले बैंक खातों का इस्तेमाल कर कई राज्यों में करोड़ों की ठगी, पुलिस ने बैंक पासबुक, मोबाइल, चेकबुक व अन्य दस्तावेज किए जब्त**

**मधुबनी (एनएसबी)।** समूह लोन दिलाने का झांसा देकर महिलाओं के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर अंतरराज्यीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का मधुबनी पुलिस ने पदार्फाश किया है।



इस मामले में पुलिस ने रहिका थाना क्षेत्र से एक ठग दंपत्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के हराजगंज गुड्डी गाछी वार्ड संख्या-27 की एक महिला ने साइबर थाना में ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में कांड संख्या-30/26 दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने विजय चंद्र पाल एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से बैंक पासबुक, मोबाइल फोन, चेकबुक, मोहर सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे समूह लोन के नाम पर महिलाओं के बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड एवं अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में रख लेते थे। इसके बाद असम, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक समेत कई राज्यों के साइबर अपराधियों के साथ मिलकर इन खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दंपत्ति के बैंक खातों से जुड़े कुल 91 साइबर शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं। बरामद सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय खजौली के संचालन का शुभारंभ

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय खजौली में नए राजकीय डिग्री महाविद्यालय खजौली के संचालन का शुभारंभ बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।



इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री का लाइव संबोधन सुना। वहीं महाविद्यालय में नामांकित छात्राओं के घर से महाविद्यालय आने-जाने हेतु विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पिंक बस का लोकार्पण भी पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इससे पूर्व आगत पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर एडीएम राजेश कुमार सिंह, एसडीएम सदर चंदन कुमार झा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नन्द कुमार, डीपीओ राशिद नमाज, प्रमुख कुमारी उषा, बीडीओ चंदन कुमार, सीओ सिमरन आजाद, प्रभारी प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी,गुलाब विष्णु नर्सिंग महाविद्यालय के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह भाजपा नेता शंभूनाथ ठाकुर, सुमित कुमार सिंह, अमरेश जयसवाल, नवीन कुमार, अनीश झा, मुखिया जय प्रकाश मंडल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लंबे संघर्ष के बाद बिस्फी के खंगरैठा में डिग्री कॉलेज का सपना हुआ साकार

**बिस्फी (एनएसबी)।** बिस्फी प्रखंड के नाहंस खंगरैठा स्थित नवस्थापित डिग्री कॉलेज का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिस्फी के विधायक आसिफ अहमद, राज्यसभा सांसद सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव, कॉलेज के प्राचार्य फुलो पासवान, बसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राम बाबू जी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आसिफ अहमद ने कहा कि यह डिग्री कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक सौगात है।



अब बिस्फी एवं आसपास के गांवों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि लंबे समय से संघर्ष के बाद यह संभव हो पाया हैं। यह कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास का मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने कॉलेज के समुचित विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से पूरी लगन और अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। इस दौरान समाजसेवी डॉ विजयचंद्र घोष, मो गालिब , जितेंद्र उर्फ मुन्ना यादव के अलावे अनेकों गणमान्य गणों ने अपने विचार प्रकट किए।

# आठ माह का रिपोर्ट कार्ड : दावों से आगे, दस्तावेजों के साथ विकास की राजनीति : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधव आनंद ने अपने लगभग आठ माह के कार्यकाल का विस्तृत विकास रिपोर्ट कार्ड सार्वजनिक करते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया है कि उनकी राजनीति केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि विभागीय पत्राचार, स्वीकृतियों और सरकारी दस्तावेजों पर आधारित है। रिपोर्ट कार्ड में रेलवे, सड़क, शिक्षा, उद्योग, सिंचाई, शहरी विकास, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया गया है।

इस रिपोर्ट कार्ड की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि उनकी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रगति को भी रेखांकित किया गया है। विधायक ने कहा है कि प्रत्येक दावे के समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध हैं और उन्हें चरणबद्ध तरीके से जनता के सामने रखा जाएगा।



विधायक माधव आनंद

#### रेलवे और सड़क परियोजनाओं पर विशेष जोर

रिपोर्ट कार्ड में रेलवे गुमटी संख्या-13 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को प्रमुख उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया है। रेलवे, राइट्स, रेलवे बोर्ड और राज्य सरकार के साथ समन्वय के बाद व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तथा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं में प्रगति होने का दावा किया गया है। इसी प्रकार निधि चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण, मधुबनी रिंग रोड, कोतवाली चौक से एनएच-57 (पेठघाट) सड़क तथा कनकपुर-जगतपुर सड़क जैसी परियोजनाओं को भी विकास की बड़ी उपलब्धियों में शामिल किया गया है।

#### शिक्षा और रोजगार को दी गई प्राथमिकता

विधायक ने कहा कि मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, वाटसन स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने, मिथिला हाट, एमएसएमई विस्तार केंद्र (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विस्तार केंद्र), "एक जिला-एक उत्पाद" (ओडीओपी) योजना, डिग्री कॉलेज तथा सरकारी छात्रावास जैसी योजनाओं पर उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उनका मानना है कि इन योजनाओं से भविष्य में शिक्षा, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

#### उद्योग और किसानों के लिए पहल

रिपोर्ट कार्ड में सकरी, रैयाम और लोहट चीनी मिलों के पुनर्जीवन को भी प्रमुखता दी गई है। विधायक के अनुसार सकरी और रैयाम चीनी मिलों के पुनः संचालन को बिहार सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि लोहट चीनी मिल की प्रक्रिया जारी है। यदि ये योजनाएँ धरातल पर उतरती हैं तो किसानों और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

#### शहरी और ग्रामीण विकास पर समान ध्यान

रिपोर्ट कार्ड के अनुसार सिंघानिया चौक और आर.के. कॉलेज क्षेत्र में सड़क एवं नाला निर्माण, 100 सबमर्सिबल पंप उपलब्ध कराने की पहल, शहरी वर्षा जल निकासी प्रणाली (स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम), नगर निगम के लिए अतिरिक्त राशि, ग्रामीण सड़कों का निर्माण, सिंचाई योजनाएँ तथा उग्रनाथ महादेव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषयों पर भी कार्य किया गया है।

#### स्वास्थ्य और जनसमस्याओं पर फोकस

विधायक का दावा है कि अस्पतालों में मरीजों के उपचार, बिजली, पेयजल, प्रशासनिक सहायता तथा हजारों जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई। नियमित समीक्षा और त्वरित हस्तक्षेप के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया।

#### राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट

रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से विधायक माधव आनंद ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका जवाब किसी राजनीतिक विरोधी को नहीं, बल्कि केवल जनता को है। उन्होंने स्वीकार किया कि अभी बहुत से कार्य बाकी हैं, लेकिन विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आएगी। मानसून सत्र के बाद विस्तृत प्रेस वार्ता कर सभी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति और दस्तावेज सार्वजनिक करने की भी घोषणा की गई है।

#### विश्लेषण

आठ माह का यह रिपोर्ट कार्ड विकास कार्यों की सूची भर नहीं, बल्कि जनता के बीच जवाबदेही और पारदर्शिता का संदेश देने का प्रयास भी है। हालांकि रिपोर्ट कार्ड में शामिल अधिकांश परियोजनाएँ अभी विभिन्न चरणों—स्वीकृति, निविदा, तकनीकी प्रक्रिया या क्रियान्वयन—में हैं। ऐसे में इन योजनाओं की वास्तविक सफलता का आकलन उनके समयबद्ध धरातलीय क्रियान्वयन के बाद ही संभव होगा।

फिलहाल इतना स्पष्ट है कि विधायक ने विकास के मुद्दे को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रखने की कोशिश की है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रिपोर्ट कार्ड में दर्ज परियोजनाएँ किस गति से पूरी होती हैं और उनका वास्तविक लाभ मधुबनी की जनता तक कितनी जल्दी पहुँचता है।

#### मधुबनी विधायक माधव आनंद ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

1. अस्पतालों में उपचार, बिजली, पेयजल, प्रशासनिक सहायता एवं हजारों जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता।
2. रेलवे गुमटी संख्या-13 फ्दइ के लिए रेलवे, RITES, रेलवे बोर्ड एवं राज्य सरकार के साथ निरंतर समन्वय; DPR एवं तकनीकी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति।
3. निधि चौक-रेलवे स्टेशन सड़क चौड़ीकरण हेतु वन विभाग की NOC प्रक्रिया अंतिम चरण में।
4. हनुमान मंदिर-रेलवे गुमटी-13 सड़क का RWD से RCD में स्थानांतरण एवं रेलवे NOC प्राप्त।
5. कोतवाली चौक-NH-57 (पेठघाट) सड़क परियोजना को आगे बढ़ाया।
6. मधुबनी रिंग रोड परियोजना की स्वीकृति एवं संविदा प्रक्रिया में प्रगति।
7. कनकपुर-जगतपुर सड़क परियोजना को स्वीकृति एवं कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ाया।
8. गांधी चौक-कंजर टोली, भच्छी स्टेडियम चौक-महादलित टोला, मकसूदा-पासवान टोली, MMGSY रोड-झखराही, खजूरी मेडिकल-महादलित टोला सहित अनेक ग्रामीण सड़कों का शुभारंभ।
9. सिंघानिया चौक एवं आर.के. कॉलेज क्षेत्र में पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण।
10. मिथिला हाट की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति।
11. MSME Extension Centre / Technical Centre की पहल।
12. डल्ली District डल्ली Product कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।
13. वाटसन स्कूल में केंद्रीय विद्यालय संचालन हेतु महत्वपूर्ण प्रगति।
14. वाटसन स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने की स्वीकृति।
15. डिग्री कॉलेज एवं सरकारी छात्रावास के लिए पहल।
16. पंडौल औद्योगिक क्षेत्र के विकास एवं निवेश प्रयास।
17. सकरी एवं रैयाम चीनी मिलों के पुनः संचालन को बिहार सरकार की स्वीकृति।
18. लोहट चीनी मिल के पुनर्जीवन की प्रक्रिया प्रगति पर।
19. ₹19.73 करोड़ के अटल कला भवन की स्वीकृति।
20. पंडौल में पुरानी कमला नदी की उड़ाही।
21. खजूरी पंचायत की वितरिका नहर परियोजना।
22. नगर निगम के लिए अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु पहल।
23. 100 सबमर्सिबल पंप उपलब्ध कराने की पहल।
24. BUDCO IYe Storm Water Drainage System योजना को आगे बढ़ाया।
25. श्री श्री 108 उग्रनाथ महादेव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कराने की पहल।
26. स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अस्पतालों की नियमित समीक्षा।
27. दरभंगा एयरपोर्ट से बेहतर सड़क संपर्क एवं अन्य कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर पहल।
28. विभिन्न विभागों में अनेक सड़क, सिंचाई, शहरी विकास, शिक्षा एवं अनुरक्षण योजनाएं प्रक्रियाधीन।
29. सभी प्रमुख परियोजनाओं के समर्थन में विभागीय पत्राचार, स्वीकृतियाँ एवं आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध।
30. मानसून सत्र के बाद विस्तृत प्रेस वार्ता एवं दस्तावेजों सहित विकास रिपोर्ट प्रस्तुत करने की घोषणा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर नवाचार से बच्चों के मानसिक विकास को मिल रही नई दिशा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिदिन विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का संचालन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी रेखा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



परियोजना पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रत्येक दिन बच्चों के लिए अलग-अलग शिक्षण आधारित गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिससे उनमें सीखने की रुचि बढ़ रही है। केंद्रों पर बच्चों के बीच खुशी, उत्साह और सक्रिय भागीदारी का वातावरण देखने को मिल रहा है। इन गतिविधियों के सफल संचालन में सेविका रिंकू देवी, प्रीति कुमारी, रागनी कुमारी, अंजू कुमारी, सबनम झा एवं आरती कुमारी सहित अन्य सेविकाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सेविकाओं का कहना है कि कुमारी रेखा द्वारा बेनीपट्टी परियोजना का कार्यभार संभालने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन आया है। केंद्रों पर नई ऊर्जा, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से हो रहा है। सेविकाओं ने बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास, रचनात्मक सोच, भाषा कौशल एवं सामाजिक व्यवहार के विकास में काफी प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में परियोजना के सभी एलएस (लेडी सुपरवाइजर) भी नियमित रूप से केंद्रों का निरीक्षण, मार्गदर्शन एवं निगरानी कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। स्थानीय स्तर पर इन प्रयासों की सराहना हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि इन गतिविधियों के कारण बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी है तथा वे प्रतिदिन उत्साह के साथ आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच रहे हैं।

### लूट की साजिश नाकाम; देसी कट्टा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने जयनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट एवं छिनतई की वारदात को अंजाम देने की साजिश नाकाम कर दी। संयुक्त नाकेबंदी के दौरान एसएसबी ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन के साथ दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। एसएसबी को सीमा चौकी बेतौन्हा के आसूचना कार्मिक से सूचना मिली थी कि सेलरा गांव के समीप कुछ अपराधी रात के समय लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते हैं और मंगलवार की रात भी किसी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर सीमा चौकी बेतौन्हा और समवाय मुख्यालय कमला की संयुक्त टीम ने सेलरा गांव के पास बांध के निकट नाकेबंदी की।

## भारी मात्रा में मादक एवं प्रतिबंधित दवाइयाँ, विदेशी मुद्रा एवं बहुमूल्य धातुएँ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां मुख्य बाजार स्थित किसान मेडिकल हॉल में 18वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस, उत्पाद तथा औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में मादक एवं प्रतिबंधित दवाइयाँ, विदेशी मुद्रा एवं बहुमूल्य धातुएँ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार किया गया है'18वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, राजनगर के कमांडेंट कोजा राम लमरोर के मार्गदर्शन तथा सहायक कमांडेंट अजीत कुमार एवं इंस्पेक्टर श्री सी. लालथनपुईया के नेतृत्व में पुलिस, उत्पाद विभाग एवं औषधि नियंत्रण विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।



14 जुलाई 2026 को सायं करीब 03 :00 सायं बजे विश्वसनीय सूचना के आधार पर समवाय मुख्यालय अरहा एवं समवाय पिपराही की संयुक्त टीम ने थाना लदनियां, जिला मधुबनी की पुलिस, औषधि निरीक्षक, मधुबनी तथा उत्पाद विभाग, मधुबनी के साथ मिलकर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 264/19 के निकट, लदनियां बाजार (भारतीय सीमा क्षेत्र) में संयुक्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित/नियंत्रित दवाइयाँ, भारतीय एवं नेपाली मुद्रा तथा सोना-चाँदी बरामद किया गया! प्रारंभिक पूछताछ में बरामद सामग्री के अवैध परिवहन एवं तस्करी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं। मामले में अग्रेतर विधिक कार्रवाई एवं विस्तृत जांच जारी है।बरामद समस्त सामग्री एवं गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु थाना लदनियां, जिला मधुबनी को सुपुर्द किया जा रहा है।

सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों, प्रतिबंधित दवाइयों एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु स्थानीय पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर अभियान संचालित कर रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान पूरी सतर्कता एवं दृढ़ता के साथ जारी रहेंगे। इससे पूर्व भी किसान मेडिकल हॉल में छापेमारी कर अवैध दबा का जखीरा बरामद कर चुका है।

## रहुआ संग्राम से जानकी नगर तक जानेवाली सड़क पर हुए जलजमाव का डीएम ने किया निरीक्षण

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा बुधवार को क्षेत्रभ्रमण के क्रम में घोघरडीहा प्रखंड के परसा हॉल्ट के समीप भुतही बलान नदी द्वारा बांध कटाव स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निदेश दिए।

जिलाधिकारी के द्वारा निरीक्षण के दौरान बांध की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा नदी के जल स्तर का जायजा भी लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बांध के प्रत्येक हिस्से की नियमित निगरानी की जाए तथा कहीं भी कटाव, रिसाव अथवा क्षति के संकेत मिलने पर तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए।

*जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के मौसम में बांध की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में होनी चाहिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने तथा 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक मात्रा में बालू की बोरियां, बोल्डर एवं अन्य सुरक्षा सामग्री उपलब्ध रखने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने को कहा।तत्पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा मधेपुर प्रखंड के रहुआ संग्राम से जानकी नगर जानेवाली सड़क पर जलजमाव का निरीक्षण किया। वे भुतही एवं तिलयुगा नदी के संगम स्थल एवं जानकी नगर के तरफ जाकर वस्तुस्थिति का जायजा भी लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने आमजनों से उनकी समस्याओं एवं उसके निदान के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आवागमन को सुचारु बनाये रखने के लिए दो नावों को लगाया गया है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अंचल अधिकारी को एक और नाव को लगाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि नदियों के जलस्तर पर निगरानी बरती जा रही है। इस स्थल पर पानी का जलस्तर कम-अधिक हो रहा है, इसकी निगरानी रखी जा रही है, एवं वस्तुस्थिति से विभाग को भी अवगत कराया जायेगा।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

उन्होंने कहा कि आपदा के मामलों में जिला प्रशासन एवं सरकार के द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जाती है। स्थानीय लोगों द्वारा बिजली की समस्या उठाये जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि वे इसकी जांच कराएंगे की विभागीय मानक के अनुसार विद्युत की आपूर्ति हो रही है अथवा नही। इसमें दोषी पाए जाने लर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित करते हुए कारवाई की जायेगी।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर, श्रीमती टोनी कुमारी, सहायक, निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, रजनीश कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग एवं बाढ़ नियंत्रण के पदाधिकारी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकी हमले की आशंका पर सभी जिलों को किया गया अलर्ट

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** स्वतंत्रता दिवस 2026 से पहले बिहार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के डीएम, एसएसपी/एसपी समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और आसूचना तंत्र को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश दिया है।

अलर्ट में आशंका जताई गई है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद स्वतंत्रता दिवस या उसके आसपास देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर हमला या विस्फोट की साजिश रच सकते हैं। विशेष शाखा के आईजी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकी संगठन बदले की फिराक में हैं। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से सुरक्षा एजेंसियां संभावित जवाबी साजिशों को लेकर सतर्क हैं।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार आतंकी आर्थिक प्रतिष्ठानों, धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों, महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों, रक्षा एवं सुरक्षा प्रतिष्ठानों तथा



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता की प्रतिकात्मक तस्वीर।

प्रमुख नेताओं को निशाना बना सकते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में बड़ी संख्या में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं और भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में आतंकी भीड़भाड़ वाले स्थानों का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि भारत की लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के कारण पड़ोसी देशों से घुसपैठ की आशंका बनी रहती है। नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियां बढ़ने की सूचना है। वहीं बांग्लादेश और म्यांमार की स्थिति को देखते हुए भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत बताई गई है।

दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी तटों के जरिए भी आतंकी घुसपैठ की आशंका से इनकार नहीं किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, राष्ट्रीय राजमार्गों के चेक पोस्ट और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जाए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और देश विरोधी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए। विशेष शाखा ने आशंका व्यक्त की है कि आतंकी आईईडी लगाकर विस्फोट कर सकते हैं तथा ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसलिए तकनीकी निगरानी बढ़ाने और सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने की हिदायत दी गई है। अलर्ट में हाल ही में पाकिस्तान के लिए कथित जासूसी के आरोप में गिरफ्तार मुजफ्फरपुर के कटरा निवासी नौशाद अली उर्फ लालू के मामले का भी उल्लेख किया गया है। जांच एजेंसियों के अनुसार वह रेलवे स्टेशनों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों की तस्वीरें एवं वीडियो पाकिस्तान भेजता था और इसके बदले उसे पैसे मिलते थे। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी और कड़ी कर दी है। वहीं बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थानों की निगरानी बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र के 10 हजार निर्धन परिवार को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने को ले खाद्य आपूर्ति मंत्री से मिले क्षेत्रीय विधायक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्य के पूर्व मंत्री व कांटी विधायक अजीत कुमार ने खाद्य आपूर्ति मंत्री अशोक चौधरी से मिलकर कांटी एवं मड़वन प्रखंड के राशन कार्ड से वंचित 10 हजार गरीब परिवार को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। मंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक श्री कुमार ने उन्हें बताया कि कांटी व मड़वन प्रखंड के हजारों पात्रता रखने वाले लोगों का नाम राशन कार्ड से प्रशासन के द्वारा काट दिया गया, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की आपूर्ति विभाग के अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे क्षेत्र के गरीब लोग काफी परेशान है। श्री कुमार के द्वारा खाद्य आपूर्ति मंत्री को सौंप गए ज्ञापन में तत्काल पात्रता रखने वाले वैसे लोग जिनका नाम राशन कार्ड से विलोपित किया गया है, उसे पुनः जुड़वाने के साथ ही कांटी विधानसभा क्षेत्र के कांटी व मड़वन प्रखंड में 10 हजार गरीब परिवार को नया राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की गई है। श्री कुमार के मांग के आलोक में मंत्री अशोक चौधरी ने शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन खाद्य आपूर्ति मंत्री को सौपते क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार।

### अंजनी कुमार ओझा बने मुजफ्फरपुर मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के नए अध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामदयालु स्थित चन्द्रविला परिसर में मुजफ्फरपुर मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया। यह बैठक बिहार मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव राम रतन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



मुजफ्फरपुर मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के नए अध्यक्ष के साथ बिहार प्रदेश एसोसिएशन के अधिकारी गण।।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर अंजनी कुमार ओझा, सचिव पद पर दिलमोहन झा तथा कोषाध्यक्ष पद पर अशोक शर्मा का चयन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव राम रतन सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में मास्टर्स एथलेटिक्स की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा खेल संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए नियमित प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर में मास्टर्स एथलेटिक्स को नई दिशा और गति मिलेगी।

### बीईयू की लापरवाही से एमआईटी के रोबोटिक्स व बायोमेडिकल छात्रों का भविष्य अधर में, रिजल्ट में 'एबी' दिखने से बढ़ी चिंता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी (बीईयू) की कथित प्रशासनिक लापरवाही के कारण एमआईटी मुजफ्फरपुर के बायोमेडिकल एवं रोबोटिक्स इंजीनियरिंग विभाग के 2022 बैच के छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। एनपीटीईएल परीक्षा का परिणाम अब तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपडेट नहीं किए जाने से पूरे बैच के छात्रों को परिणाम में 'एबी' (अनुपस्थित) दिखाया जा रहा है, जबकि छात्रों का दावा है कि उन्होंने परीक्षा में भाग लिया था और उसका परिणाम भी जारी हो चुका है। छात्रों के अनुसार, बीईयू द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के तहत कॉलेज प्रशासन के निर्देश पर सभी विद्यार्थियों ने एनपीटीईएल कोर्स में पंजीकरण कराया और परीक्षा भी दी। परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बावजूद विश्वविद्यालय ने उसे अपने पोर्टल पर अपडेट नहीं किया। छात्रों का कहना है कि इस संबंध में एमआईटी प्रशासन ने भी बीईयू को चार बार ई-मेल भेजकर परिणाम अपडेट करने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है।

छात्रों ने आरोप लगाया कि शुरुआत में उन्हें आश्वासन दिया गया था कि आठवें सेमेस्टर में परिणाम पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब उन पर पूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षा का फॉर्म भरने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि गलती उनकी नहीं बल्कि विश्वविद्यालय की है। छात्रों का कहना है कि इस तकनीकी और प्रशासनिक त्रुटि के कारण उन्हें एमटेक में नामांकन, सरकारी एवं निजी क्षेत्र की नौकरियों और अन्य करियर अवसरों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनके भविष्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले भी बीईयू में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा के परिणाम को लेकर इसी तरह की गड़बड़ी सामने आ चुकी है। उस समय छात्रों के विरोध और लगातार रिमाइंडर भेजे जाने के बाद विश्वविद्यालय ने परिणाम में सुधार किया था। अब एमआईटी के बायोमेडिकल और रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों ने भी विश्वविद्यालय से जल्द से जल्द सही परिणाम पोर्टल पर अपडेट करने और उनकी शैक्षणिक एवं रोजगार संबंधी परेशानियों का समाधान करने की मांग की है।

## मुजफ्फरपुर के सदातपुर मोड़ पर बनेगा 50 करोड़ का अंडरपास

# रोड जाम व हादसों से मिलेगी राहत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के कांटी प्रखंड स्थित सदातपुर मोड़ (दिल्ली मोड़) पर लंबे समय से बनी जाम और सड़क दुर्घटनाओं की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने यहां लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इसी माह निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। परियोजना को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

सदातपुर मोड़ को पहले ही ब्लैकस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया था। सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में लगातार यहां होने वाली दुर्घटनाओं और भीषण जाम का मुद्दा उठता रहा। इसके बाद अस्थायी तौर पर स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर बनाए गए, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसी को देखते हुए एनएचएआई ने अंडरपास निर्माण का निर्णय लिया।



सदातपुर मोड़ अंडरपास की प्रतीकात्मक फोटो।

परियोजना की डीपीआर तैयार कर मुख्यालय भेजी गई थी।स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अब निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। सदातपुर मोड़ पर चांदनी चौक, संगम घाट और मोतिहारी की ओर से आने-जाने वाले वाहनों का भारी दबाव रहता है। इसके कारण यहां अक्सर लंबा जाम लग जाता है, जिसका असर चांदनी चौक तक देखने को मिलता है। अंडरपास बनने के बाद इस समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार अंडरपास का निर्माण मुजफ्फरपुर-हाजीपुर बाइपास को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। वर्तमान में हाजीपुर की ओर से आने वाले वाहन सीधे मोतिहारी एनएच से जुड़ते हैं, जिससे यह स्थान प्रमुख जंक्शन बन गया है। वहीं दरभंगा, सीतामढ़ी और समस्तीपुर की दिशा से भी भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। अंडरपास बनने से जंक्शन पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा। एनएचएआई को उम्मीद है कि परियोजना पूरी होने के बाद सदातपुर मोड़ पर वर्षों पुरानी जाम और दुर्घटनाओं की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा तथा स्थानीय लोगों के साथ-साथ हजारों यात्रियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### आज नगर में धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर में 16 जुलाई दिन गुरुवार को संध्या 5 बजे से भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। नयाटोला, स्पीकर रोड स्थित पर्णकुटी से निकलने वाली इस रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ शामिल होगी।

यह जानकारी रथयात्रा के आयोजक सिद्धार्थ शंकर ने दी। उन्होंने बताया कि पर्णकुटी से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा स्पीकर चौक, छाता चौक, पॉलीटेक्निक चौक, चन्द्रलोक चौक, कलमबाग चौक से गुजरने के बाद पुनः पर्णकुटी में वापस लौट समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि रथयात्रा के आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर है।

### 15 वर्षों से फरार नामजद आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बेनीबाद थाना पुलिस ने हत्या से संबंधित एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 15 वर्षों से फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शंभू सहनी, पिता भागलू सहनी, निवासी सोरमार, थाना चकमेहसी, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजकुमार गौतम ने बताया कि बेनीबाद थाना कांड संख्या 293/11, दिनांक 14 नवंबर 2011 में आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 304बी, 201 एवं 34 के तहत मामला दर्ज था। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# मुजफ्फरपुर में बाइक पर मिला युवक की डेड बॉडी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ पैगंबरपुर के समीप ढाब में बुधवार की सुबह एक बाइक पर पड़ा युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की तथा मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने युवक के सिर में गोली मारकर अपराधियों द्वारा शव बाइक पर रखकर फरार हो जाने की आशंका जताई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ग्रामीण शौच के लिए निकले थे, इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर एक युवक का शव पड़ा देखा और यह खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र निवासी 31 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है, जो अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ पैगंबरपुर



अहियापुर ढाब में बाइक पर पड़ा मिला युवक का शव।

में किराए के मकान लेकर रहता था और बैनर पोस्टर और होर्डिंग का काम करता था। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पहुँचे परिजनों ने राकेश कुमार की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि कुछ महीने पहले मोहल्ले के कुछ लोगों से राकेश का विवाद हुआ था। उसी मामले में वह जेल भी गया था और चार-पांच दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। परिजनों का

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

कहना है कि मंगलवार देर रात उसे बुलाकर सिर में गोली मार दी गई और शव को सुनसान जगह पर बाइक पर छोड़ दिया गया। परिजनों ने घटना को सुनियोजित हत्या बताते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले की जांच को लेकर घटना स्थल पर पहुंची एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक की मौत सिर में गोली लगने से होने की आशंका है।

मामले की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को बुलाया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया की अपराधियों से संबंधित ठोस सुराग मिलते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# मड़वन में प्रबुद्ध किसानों की बैठक में 51 सदस्यीय किसान समिति के गठन का निर्णय

**कांटी(एनएसबी)।** मड़वन प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रबुद्ध किसानों, कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांटी विधायक ई अजीत कुमार शामिल हुए। बैठक में खरीफ मौसम को लेकर किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने, धान रोपनी की प्रगति तथा कृषि एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा दुकानों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अधिक कीमत वसूलने जैसी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से 51 सदस्यीय किसान समिति के गठन का निर्णय लिया गया। यह समिति समय-समय पर कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर किसानों की समस्याओं, उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी और आवश्यक सुझाव भी देगी। विधायक ने अधिकारियों को धान रोपनी की दैनिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने



मड़वन प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में शामिल क्षेत्र के प्रमुख किसान, क्षेत्रीय विधायक व विभागीय अधिकारी।

तथा प्रखंड में उर्वरकों की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खेती के मौसम में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गिरीश कुमार ने किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, पूर्व प्रमुख मो मोहसीन, मनोज कुमार सिंह, किसानश्री रमाशंकर सिंह, सुरेश सिंह, सुधीर सिंह, अजय चौधरी, अवधेश सिंह, कामेश्वर सिंह, सदानंद सिंह के अलावे उद्यान विभाग के अधिकारी काजल कुमारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्ध किसान उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिक कपिलदेव ठाकुर को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया प्रखंड के सिवरी ऐमा निवासी पूर्व सैनिक कपिलदेव ठाकुर का मंगलवार को तड़के उनके पैतृक निवास पर हृदयाघात से निधन हो गया। वर्ष 1997 में भारतीय सेना की आर्मर्ड कोर से सेवानिवृत्त हुए 79 वर्षीय स्व. ठाकुर अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र तथा पोते-पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र पूर्व सैनिक हैं, जबकि एक पोता वर्तमान में भारतीय सेना में देश की सेवा कर रहा है।



श्रद्धांजलि अर्पित करते विभिन्न संगठनों से जुड़े पूर्व सैनिक गण।

उनके निधन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, सरैया शाखा के अध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद सिंह, शाखा संरक्षक एवं समाजसेवी कुणाल किशोर, संयोजक रामनरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा अर्पित कर सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। सभी ने शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार हेतु पहलेजा घाट ले जाया गया। इस मौके पर देवेन्द्र प्रसाद सिंह, कुणाल किशोर, रामनरेश सिंह, रामसागर प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, महेश प्रसाद सिंह, राम लखन भगत, रामबाबू चौधरी, सियाराम महाराज, सुरेन्द्र राय, ध्रुव किशोर सिंह, रमानंद ठाकुर, राजू ठाकुर, अमरनाथ ठाकुर, ललन ठाकुर सहित अनेक पूर्व सैनिक व गणमान्य उपस्थित रहे।

# छोटे से कमरे में पूरी की गई औराई राजकीय डिग्री कॉलेज के राज्यस्तरीय उद्घाटन समारोह की औपचारिकता

नवसंदेश ब्यूरो

**औराई (मुजफ्फरपुर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, औराई हिन्दी परिसर में बुधवार को अस्त व्यस्त स्थिति में औराई राजकीय डिग्री महाविद्यालय के उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की गई। एक छोटे कमरे में की गई महाविद्यालय के उद्घाटन की तैयारी के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाविद्यालय के उद्घाटन की राज्यस्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण अस्त व्यस्त माहौल में दिखाया गया। जबकि स्थानीय स्तर पर बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री रमा निषाद ने फीता काटकर पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ किया।



छोटे कमरे में अव्यवस्था के बीच औराई डिग्री कॉलेज उद्घाटन की औपचारिकता पूरी करती मंत्री रमा निषाद।

उद्घाटन समारोह के लिए बनाए गए छोटे कमरे में भारी भीड़ जुटने से अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। कमरे में महज 20 से 25 लोगों के बैठने की व्यवस्था थी, जबकि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। जगह की कमी के कारण अधिकांश लोगों को बाहर ही खड़े होकर कार्यक्रम देखना पड़ा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। मंत्री रमा निषाद ने कहा कि औराई के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। राज्य सरकार क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने औराई में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भी हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमेश कुमार विश्वकर्मा ने की। इससे पूर्व मंत्री का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

समारोह में अपर समाहर्ता धनंजय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) अमित कुमार, बीडीओ रजनीश शंकर झा, थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अंचलाधिकारी धीरज कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार, शिक्षक अमरेश सहनी, इफ्तिखार आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष रौशन कुमार शर्मा, हरिओम कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजीत महतो, कमलेश सहनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। महाविद्यालय परिसर तक जाने वाले कीचड़युक्त रास्ते को उद्घाटन से पहले सफेद बालू एवं राबिश गिराकर समतल कराया गया, जिससे कार्यक्रम में आने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

## सीतामढ़ी को मिली उच्च शिक्षा की सौगात, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर बोले- यह गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि

# नौ प्रखंडों में एक साथ शुरू हुए राजकीय डिग्री कॉलेज

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-03 के अंतर्गत उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के नवस्थापित 211 राजकीय डिग्री कॉलेजों का एक साथ डिजिटल उद्घाटन कराया। भागलपुर के गोराडीह से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रिमोट के माध्यम से इन महाविद्यालयों का लोकार्पण किया, जिससे राज्य में उच्च शिक्षा के नए अध्याय की शुरूआत हुई।

इस क्रम में सीतामढ़ी जिले को भी बड़ी सौगात मिली। जिले के रुन्नीसैदपुर, सोनबरसा, बाजपट्टी, परसौनी, सुप्पी, चोरौत, नानपुर, बोखरा एवं मेजरगंज प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों का शुभारंभ हुआ। अब इन क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रुन्नीसैदपुर प्रखंड के थुम्मा स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, जिलाधिकारी रिची पांडेय, स्थानीय विधायक पंकज मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

अन्य प्रखंडों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि एक साथ नौ राजकीय डिग्री कॉलेजों



डिग्री कॉलेज के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित डीएम एवं अन्य अतिथि गण।

**रुन्नीसैदपुर, सोनबरसा, बाजपट्टी, परसौनी, सुप्पी, चोरौत, नानपुर, बोखरा एवं मेजरगंज प्रखंडों में डिग्री कॉलेजों का शुभारंभ हुआ**

का प्रारंभ होना जिले के शैक्षणिक विकास की दिशा में मील का पत्थर है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी तथा विशेष रूप से छात्राओं को शिक्षा जारी रखने में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन महाविद्यालयों के सुचारु संचालन एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि यह सीतामढ़ी के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि है। लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में डिग्री कॉलेजों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे राज्य सरकार ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास का आधार है और इन महाविद्यालयों के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को भी बेहतर उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

## स्कार्पियो की ठोकर से बच्चा घायल

**बैरगनिया(एनएसबी)।** बैरगनिया - सीतामढ़ी सड़क में बागमती नदी के पास एक स्कॉर्पियो की ठोकर से 13 बर्षीय बच्चा बुरी तरह घायल हो गया. जिसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बागमती नदी में आई उफान को देखने नन्दबारा सहित आसपास गांव के लोग, बच्चे जा रहे थे तभी बैरगनिया की ओर से सीतामढ़ी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बच्चा को ठोकर मारकर फरार हो गया। जख्मी बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ उसका प्राथमिक उपचार कर चिंताजनक स्थिति के मद्देनजर रेफर कर दिया। हालांकि उसकी पहचान नन्दबारा गांव निवासी कमलूल आलम के पुत्र अबरेज आलम के रूप में हुई है।जख्मी के घर मे कोहराम मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल के रौतहट जिले में एक युवक ने पेट्रोल छिड़ककर शरीर में लगाई आग, गंभीर स्थिति में काठमांडू रेफर

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नेपाल के रौतहट जिले में एक युवक ने अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा लिया है, बुरी तरह जख्मी स्थिति में काठमांडू रेफर कर दिया गया है।डीएसपी बसंत गौतम ने बताया कि जिले के गरुडा नगरपालिका -9 गम्हरिया टोला निवासी देवेंद्र सहनी के 28 बर्षीय पुत्र गौतम कुमार सहनी मंगलवार की रात करीब एक बजे अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा लिया। जिससे वह 35 फीसदी जल चुका है।

तत्काल बेटर नेपाल अस्पताल, गरुडा में इलाज के लिए उसे भर्ती कराया गया था। लेकिन गौतम की चिंताजनक स्थिति को लेकर उसे बर्न अस्पताल, काठमांडू रेफर कर दिया गया है। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस कारणों को पता करने में जुटी हुई है।

### मुजफ्फरपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी 17 से, कला संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार करेंगे उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शाकुन्तलम् कला-संस्कृति मंच के तत्वावधान में तीन दिवसीय "धरोहर "राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 17, 18, 19 जुलाई को नगर के छाता चौक स्थित चित्रगुप्त एशोसिएशन सभागार में किया


जानकारी देते शाकुन्तलम के निदेशक डॉ मुकेश सोना।

जायेगा। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, कला एवं संस्कृति मंत्री, मुख्य अतिथि पद्मश्री श्याम शर्मा, (अन्तराष्ट्रीय कलाकार) तथा मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता होंगे। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष व निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सोना ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अजय पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य कला एवं शिल्प महाविद्यालय, विरेन्द्र कुमार सिंह, बिहार, कला मंच के सचिव एवं वरिष्ठ कलाकार मनोज कुमार बच्चन, वरिष्ठ कलाकार जितेन्द्र मोहन वरिष्ठ कलाकार विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर देश के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 55 प्रसिद्ध चित्रकारों की पेंटिंग के अलावा बिहार के 45 नवोदित कलाकारों की भी कृति इस प्रदर्शनी में शामिल की जाएगी। 18 जुलाई को चित्रकला पर परिचर्चा का आयोजन होगा तथा 19 जुलाई को स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के 300 से अधिक बच्चे भाग लेंगे। समापन समारोह में विजयी कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता सभी शामिल कलाकारों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं योग्य सम्मान दिया जायेगा। प्रेस वार्ता में रामबाबू सुमन, चित्रगुप्त एशोसिएशन के महामंत्री प्रो. अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार कोषाध्यक्ष, आयोजक समिति के सदस्य सुमित ठाकुर, प्रेम सिंह, सत्येन्द्र कुमार पिंकू, जय कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### बेनीबाद के आवासीय विद्यालय से छात्र लापता, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाना क्षेत्र स्थित आदर्श सरस्वती आवासीय विद्यालय, जाता कांटा के हॉस्टल से 15 वर्षीय छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और हॉस्टल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, अंकित कुमार (15 वर्ष), दरभंगा जिले के भरवाड़ा निवासी प्रशांत भारती के पुत्र हैं। वह विद्यालय के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। मंगलवार की सुबह लगभग 4:30 बजे वह बिना किसी अनुमति के हॉस्टल से बाहर निकल गए और इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है।


छात्रावास से गायब छात्र की तस्वीर।

छात्र के लापता होने की सूचना मिलते ही बेनीबाद थानाध्यक्ष राजकुमार गौतम स्वयं विद्यालय पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने हॉस्टल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है, ताकि छात्र के बाहर जाने की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों और छात्र के परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि हॉस्टल में रात्रिकालीन उपस्थिति (नाइट रोल कॉल), वार्डन की नियमित निगरानी और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होती, तो छात्र देर रात या तड़के हॉस्टल से बाहर नहीं निकल पाता। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और छात्र की तलाश जारी है। वहीं, इस घटना ने आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जिले में उद्योगों की स्थापना में बैंक निभाएं सक्रिय भूमिका

## स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं के लाभुकों को समय पर उपलब्ध कराएं ऋण : जिलाधिकारी

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (PMFME), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बंधन बैंक, एक्सिस बैंक लिमिटेड, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन तथा स्थानीय उद्यमियों

**बैठक से अनुपस्थित छह बैंकों से स्पष्टीकरण, खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को डीएम ने दी चेतावनी**

को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसमें बैंकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यदि बैंक समय पर ऋण स्वीकृत नहीं करेंगे तो सरकार की योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित होगा, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिया कि सभी बैंकों के साथ नियमित समन्वय स्थापित करें तथा प्रत्येक बैंक की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। जिन बैंकों का प्रदर्शन कमजोर है, उनके साथ विशेष बैठक कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराया जाए। PMFME योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले का कुल भौतिक लक्ष्य 356 है, जिसके विरुद्ध 134 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें अब तक 18


उद्योग बिभाग की योजनाओं का बैंकरों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं तथा 23 लाभुकों को मार्जिन मनी का वितरण किया जा चुका है। जबकि 114 आवेदन अभी भी विभिन्न बैंकों में लंबित हैं। प्रदर्शन की समीक्षा में इंडियन ओवरसीज बैंक ने 66.67 प्रतिशत स्वीकृति दर के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। एचडीएफसी बैंक ने 33.33 प्रतिशत तथा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 10.87 प्रतिशत स्वीकृति दर दर्ज की। वहीं एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया एवं एक्सीस बैंक का प्रदर्शन असंतोषजनक पाया गया। अग्रसारित आवेदनों के बावजूद इन बैंकों द्वारा एक भी परियोजना स्वीकृत नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक केवल वित्तीय संस्थान नहीं, बल्कि जिले के औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में बैंकों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। सभी बैंक पात्र आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करें तथा अनावश्यक विलंब से बचें। भविष्य की समीक्षा बैठकों में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों की जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 4,918 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं, जिनमें से 1,314 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं तथा 1,141 लाभुकों को ऋण का वितरण किया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने इस योजना के लंबित मामलों का भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बैंकिंग उप समाहर्ता आशुतोष श्रीवास्तव, डीपीआरओ कमल सिंह, उद्योग महाप्रबंधक प्रिया भारती, एलडीएम अनिल कुमार सिंह के साथ विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सीतामढ़ी में संदिग्ध नेटवर्क से कथित संपर्क के आरोप में दो गिरफ्तार, तीन मोबाइल जब्त

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के गाढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टकोर गांव से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बरामद मोबाइल फोन से संदिग्ध व्हाट्सएप ग्रुप, विदेशी मोबाइल नंबरों से संपर्क तथा पाकिस्तान स्थित संदिग्ध नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत देने वाले डिजिटल साक्ष्य मिले हैं।

उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर प्रथमदृष्टया अभियुक्तों के विरुद्ध देशविरोधी गतिविधियों की योजना बनाने से संबंधित साक्ष्य प्राप्त होने की


गिरफ्तारी की जानकारी देती पुलिस।

बात कही गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक एवं तकनीकी जांच कराई जा रही है। साथ ही, पूरे प्रकरण के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है।

पुलिस ने बरामद सामग्रियों को विधिवत जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में गाढ़ा थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज किया गया है। पुलिस इस कथित नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है तथा विधिसम्मत अग्रेतर कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो अखलाख (लगभग 29 वर्ष), ग्राम- टकोर, थाना- गाढ़ा, जिला- सीतामढ़ी। मो अरमान (लगभग 28 वर्ष), ग्राम- टकोर, थाना- गाढ़ा, जिला- सीतामढ़ी के रूप में की गई है।

## 52 वर्षो के बाद मुजफ्फरपुर को मिली पहली महिला डीटीओ प्रियंका सिन्हा ने संभाला पदभार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले को 52 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार महिला जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मिली हैं। प्रियंका सिन्हा ने जिले की 38वीं जिला परिवहन पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उनकी नियुक्ति को जिले के प्रशासनिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।जिला परिवहन कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार, वर्ष 1973 में आरएन झा मुजफ्फरपुर के पहले डीटीओ बने थे। इसके बाद से अब तक इस पद पर केवल पुरुष अधिकारियों की ही नियुक्ति होती रही। करीब 52 वर्षों बाद पहली बार किसी महिला अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभाला है। प्रियंका सिन्हा इससे पहले गोपालगंज जिले के हथुआ में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। वह मूल रूप से नालंदा जिले की निवासी हैं और प्रशासनिक सेवा में अपने कार्यों के लिए जानी जाती हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रियंका सिन्हा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता वाहन मालिकों और आम नागरिकों को बेहतर एवं समयबद्ध


मुजफ्फरपुर की नवपदस्थापित पहली महिला जिला परिवहन पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा।

सेवाएं उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे तथा कार्यालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुजफ्फरपुर में पहली महिला डीटीओ की नियुक्ति को प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में परिवहन विभाग की सेवाएं और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनेंगी।

## रौतहट के पोखर से पूर्वी चंपारण के युवक का मिला शव

**बैरगनिया(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण के एक युवक का शव नेपाल के रौतहट जिले के पोखर से बरामद किया गया है। डीएसपी बसंत गौतम ने बताया कि जिले के इश्नाथ नगरपालिका-4 मठिया माध्यमिक विद्यालय, लतमरी के समीपवर्ती एक पोखर से 23 बर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान पूर्वी चंपारण के ढाका थानांतर्गत लाल मोहमद के पुत्र मोहमद वजीर के रूप में की गई है।

डीएसपी ने बताया कि स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक वजीर उक्त पोखर में मंगलवार की रात अचानक छलांग लगा दी जिससे डूबने के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि छलांग लगाने की सूचना पर पुलिस चौकी मठिया के साथ सशस्त्र पुलिस की टीम भी पहुँचकर रात में ही पोखर में तलाश कराई, लेकिन शव नही मिला। लेकिन वुधवार की सुबह 9.30 बजे शव बरामद किया गया है।

डीएसपी ने बताया कि चम्पारण के युवक द्वारा यहां के पोखर में छलांग लगाकर जान गवाने की सघन जांच पड़ताल विभिन्न विन्दुओं पर की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गौर प्रादेशिक अस्पताल में कराकर मृतक के परिजन को शव सौपने के पहलुओं पर अग्रेतर करवाई कर रही है।

# ऑपरेशन नया सवेरा 3.0' : सीतामढ़ी पुलिस ने 20 बच्चों को बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल तस्करी से कराया गया मुक्त

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में सीतामढ़ी जिला पुलिस द्वारा बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल तस्करी के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान "ऑपरेशन नया सवेरा 3.0" के अंतर्गत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। यह अभियान सीतामढ़ी पुलिस की मानव तस्करी निरोध इकाई के द्वारा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन , अदिथी संस्था तथा श्रम विभाग के संयुक्त सहयोग से वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह नोडल पदाधिकारी मो नजीब अनवर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

अभियान के तहत 01 जुलाई 2026 से 14 जुलाई 2026 के बीच कुल 20 बच्चों को बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल तस्करी जैसी गंभीर परिस्थितियों से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक



ऑपरेशन नया सवेरा अभियान के सफल समापन पर कार्यक्रम में शामिल पुलिस अधिकारी व जवान।

संपन्न हुई। इस अवधि में सुरसंड, मेजरगंज, रीगा, रुन्नीसैदपुर एवं सोनबरसा थाना क्षेत्रों में प्रभावी छापेमारी एवं विधिसम्मत कार्रवाई की गई। अभियान की सफलता में संबंधित सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी और समन्वित कार्यशैली अत्यंत सराहनीय रही। सीतामढ़ी पुलिस का यह अभियान स्पष्ट संदेश देता है कि जिले में बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं बाल तस्करी जैसे अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अभियान की सफलता में सुरसंड थाना, मेजरगंज थाना, रीगा थाना, रुन्नीसैदपुर थाना एवं सोनबरसा थाना की भूमिका विशेष रूप से प्रशंसनीय रही। साथ ही एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन, अदिथी संस्था एवं श्रम विभाग के समन्वित सहयोग ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया।

सीतामढ़ी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई बच्चा बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी अथवा मानव तस्करी का शिकार होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को दें। समाज और प्रशासन की साझी भागीदारी से ही प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं अधिकारपूर्ण बचपन उपलब्ध कराया जा सकता है।

## सम्पादकीय

# शून्य परिणाम और वैश्विक मंदी का बढ़ता खतरा

मध्य पूर्व की तप्त रेत पर एक बार फिर से युद्ध और संघर्ष के बादल गहरे हो गए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी ने हालिया घटनाक्रमों के बाद फिर से एक खतरनाक मोड़ ले लिया है। दोनों देशों के बीच लगातार जारी बयानबाजी, सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, प्रॉक्सी युद्धों में वृद्धि और सामरिक जलमार्गों पर मंडराते खतरे ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही वाशिंगटन और तेहरान के बीच कूटनीतिक संबंधों में जो खटास आई थी, वह समय-समय पर हिंसक झड़पों और कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के रूप में सामने आती रही है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जब दुनिया पहले से ही महामारी के बाद की आर्थिक चुनौतियों, रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभावों और विभिन्न भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रही है, तब अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी नए और बड़े टकराव की कीमत केवल इन दोनों देशों को ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व को चुकानी पड़ सकती है। इस ज्वलंत मुद्दे पर सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि इतने वर्षों के संघर्ष, प्रतिबंधों और छद्म युद्धों के बाद आखिर इन दोनों देशों ने हासिल क्या किया है, और क्या यह टकराव सचमुच दुनिया को एक गहरे आर्थिक संकट या मंदी की ओर धकेलने की क्षमता रखता है।

यदि हम तटस्थ दृष्टि से मूल्यांकन करें कि इस लंबे और थकाऊ संघर्ष से दोनों देशों को क्या प्राप्त हुआ है, तो परिणाम काफी हद तक निराशाजनक और नकारात्मक ही नजर आते हैं। ईरान के नजरिए से देखें, तो उसने अपने एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस (प्रतिरोध की धुरी) के माध्यम से इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में अपना क्षेत्रीय प्रभाव जरूर बढ़ाया है। पश्चिमी देशों के भारी दबाव के बावजूद, तेहरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को काफी उन्नत कर लिया है और सैन्य मोर्चे पर विशेषकर ड्रोन और मिसाइल तकनीक में आत्मनिर्भरता हासिल की है। इसे ईरानी नेतृत्व अपनी एक बड़ी रणनीतिक और वैचारिक जीत मानता है। लेकिन इस घ्यकथित उपलब्धि की कीमत ईरान की आम जनता ने चुकाई है। दशकों से लगे कड़े अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दी है। ईरानी मुद्रा रियाल का भारी अवमूल्यन हुआ है, मुद्रास्फीति आसमान छू रही है, विदेशी निवेश लगभग शून्य है और बेरोजगारी चरम पर है। आर्थिक बदहाली के कारण देश के भीतर लगातार असंतोष पनप रहा है, जो कई बार बड़े जन-आंदोलनों के रूप में फूट चुका है। संक्षेप में कहें तो, ईरान ने एक क्षेत्रीय शक्ति बनने का भ्रम तो पाला है, लेकिन अपने देश के भीतर की समृद्धि और विकास को पूरी तरह से खो दिया है।

दूसरी ओर, अगर हम अमेरिका की उपलब्धियों की बात करें, तो वहां भी तस्वीर बहुत उज्ज्वल नहीं है। अमेरिका का मुख्य लक्ष्य हमेशा से ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना, मध्य पूर्व में अमेरिकी सहयोगियों (जैसे इजरायल और खाड़ी देशों) की सुरक्षा सुनिश्चित करना और क्षेत्र में ईरान के बढ़ते प्रभाव को कम करना रहा है। अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों के माध्यम से ईरान की अर्थव्यवस्था को जरूर पंगु बना दिया है, लेकिन वह तेहरान के व्यवहार में कोई स्थायी या सकारात्मक बदलाव लाने में विफल रहा है। अधिकतम दबाव (मैक्सिमम प्रेशर) की नीति के बावजूद, न तो ईरान का परमाणु कार्यक्रम रुका है और न ही क्षेत्र में उसके छद्म गुटों की आक्रामकता कम हुई है। उलटे, अमेरिका को मध्य पूर्व की अस्थिर राजनीति में अपनी भारी सैन्य और वित्तीय पूंजी फँसा कर रखनी पड़ी है। इस निरंतर टकराव ने अमेरिका के भीतर भी युद्ध को लेकर एक थकान पैदा कर दी है, जहाँ आम करदाता यह सवाल पूछने लगा है कि दुनिया भर की पुलिसिंग में उनका पैसा क्यों बर्बाद किया जा रहा है। इसके अलावा, अमेरिका की आक्रामक नीतियों ने ईरान को कूटनीतिक रूप से रूस और चीन के और अधिक करीब धकेल दिया है, जो भविष्य में अमेरिकी वैश्विक वर्चस्व के लिए एक नई चुनौती बन रहा है। कुल मिलाकर, अमेरिका और ईरान दोनों ही एक ऐसे चक्रव्यूह में फंसे हैं जहां जीत किसी की नहीं हो रही है, बल्कि दोनों को भारी सामरिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस द्विपक्षीय संघर्ष का सबसे खतरनाक पहलू वह भौगोलिक क्षेत्र है जहां यह लड़ा जा रहा है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाला होरमुज जलडमरूमध्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा माना जाता है। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल चेक पॉइंट है। वैश्विक स्तर पर समुद्र के रास्ते होने वाले तेल व्यापार का लगभग 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है।

# संबद्धता प्राप्त अनुदानित कॉलेजों की उपेक्षा



डा. संजय कुमार राजा

बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह की योजनाएं लागू की गई हैं, वे पहली नजर में अत्यंत महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी प्रतीत होती हैं। विशेषकर 'सात निश्चय' जैसी योजनाओं के तहत हर प्रखंड में राजकीय डिग्री महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसका उद्देश्य स्पष्ट था ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के छात्रों, खासकर गरीब एवं वंचित वर्गों को उनके घर के आसपास ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना।

लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में एक गंभीर सवाल लगातार उठ रहा है । क्या नई संस्थाओं के निर्माण की होड़ में पहले से कार्यरत संबद्धता प्राप्त अनुदानित कॉलेजों की अनदेखी तो नहीं की जा रही । और क्या नए राजकीय डिग्री कॉलेज बिना बुनियादी संसाधनों के केवल कागजों पर ही 'उच्च शिक्षा के केंद्र' बनकर रह जाएंगे।

### अनुदानित कॉलेज : उपेक्षा का शिकार

बिहार के अनेक जिलों में दशकों से संचालित संबद्धता प्राप्त अनुदानित कॉलेज उच्च शिक्षा की रीढ़ रहे हैं। इन संस्थानों ने सीमित संसाधनों के बावजूद लाखों छात्रों को शिक्षा प्रदान की है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में इन कॉलेजों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

इसके बावजूद, वर्तमान परिदृश्य में इन कॉलेजों को जिस तरह नजरअंदाज किया जा रहा है, वह चिंताजनक है। वित्तीय सहायता का अभाव, शिक्षकों और कर्मियों के वेतन में अनियमितता, बुनियादी ढांचे का जर्जर होना, ये सभी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। सरकार की प्राथमिकता अब नए कॉलेज खोलने पर अधिक केंद्रित हो गई है, जबकि पुराने संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा।

यह स्थिति किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। जिन संस्थानों ने वर्षों तक शिक्षा का भार संभाला, उन्हें आज संसाधनों के अभाव में संघर्ष करना पड़ रहा है, जबकि नई संस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

### नए राजकीय डिग्री कॉलेज : जमीन की समस्या

दूसरी ओर, नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। इन कॉलेजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है स्थायी भूमि और बुनियादी ढांचे का अभाव। कई जगहों पर ये कॉलेज अस्थायी भवनों, स्कूल परिसरों या किराए के कमरों में संचालित हो रहे हैं। इससे न केवल शिक्षण कार्य प्रभावित होता है, बल्कि छात्रों के लिए एक सुसंगत शैक्षणिक वातावरण भी नहीं बन पाता। प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान, छात्रावास जैसी आवश्यक सुविधाएं तो दूर की बात है, कई जगहों पर पर्याप्त कक्षाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या केवल कॉलेज खोल देना ही शिक्षा के विस्तार का पर्याप्त उपाय है या फिर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ठोस आधारभूत संरचना अनिवार्य है।

### योजना बनाम क्रियान्वयन की खाई

सरकारी योजनाएं अक्सर कागजों पर बहुत आकर्षक दिखती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका क्रियान्वयन कई चुनौतियों से घिरा होता है। राजकीय डिग्री कॉलेजों के मामले में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है।

एक ओर सरकार हर प्रखंड में कॉलेज खोलने की घोषणा करती है, दूसरी ओर जमीन अधिग्रहण, भवन निर्माण, स्टाफ की नियुक्ति जैसे बुनियादी कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाते। परिणामस्वरूप, कॉलेज तो खुल जाते हैं, लेकिन वे लंबे समय तक पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाते।

यह स्थिति न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। अधूरी तैयारी के साथ शुरू किए गए संस्थान छात्रों को वह गुणवत्ता नहीं दे पाते, जिसकी उन्हें अपेक्षा होती है।

### छात्र-छात्राओं पर प्रभाव

इन दोनों प्रकार की समस्याओं का सीधा असर छात्रों पर पड़ता है। अनुदानित कॉलेजों में संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा का स्तर प्रभावित होता है, जबकि नए कलेजों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

हालांकि, एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नए कॉलेज खुलने से छात्राओं की भागीदारी में वृद्धि देखी जा रही है। घर के पास कॉलेज होने से अभिभावकों का विश्वास बढ़ा है और लड़कियां उच्च शिक्षा की ओर अधिक संख्या में अग्रसर हो रही हैं। यह सामाजिक परिवर्तन का संकेत है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

लेकिन यदि इन संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह उत्साह लंबे समय तक कायम नहीं रह पाएगा।

### संतुलित नीति की आवश्यकता

वर्तमान परिस्थिति यह संकेत देती है कि सरकार को अपनी नीति में संतुलन लाने की आवश्यकता है। केवल नए कॉलेज खोलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से कार्यरत संस्थानों को सशक्त बनाना भी उतना ही जरूरी है।

इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं

**1 अनुदानित कलेजों का सुढ़ीकरण :** इन संस्थानों को नियमित वित्तीय सहायता, पर्याप्त शिक्षक एवं बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान की जाए।

**2 नए कॉलेजों के लिए भूमि सुनिश्चित करना :** राजकीय डिग्री कलेज खोलने से पहले उनकी स्थायी जमीन और भवन निर्माण की स्पष्ट योजना बनाई जाए।

**3 समयबद्ध क्रियान्वयन :** योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तय समयसीमा का सख्ती से पालन हो, ताकि अधूरी परियोजनाओं की संख्या कम हो।

**4 गुणवत्ता पर जोर :** केवल संख्या बढ़ाने के बजाय शिक्षा की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए।

**5 स्थानीय सहभागिता :** स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाए, ताकि जमीन और संसाधनों से जुड़ी समस्याओं का समाधान तेजी से हो सके।

निष्कर्ष : बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की जो पहल की गई है, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि इस विस्तार को मजबूत नींव पर खड़ा किया जाए।

एक ओर जहां अनुदानित कॉलेजों की उपेक्षा उन्हें धीरे-धीरे कमजोर कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिना पर्याप्त संसाधनों के स्थापित किए जा रहे राजकीय डिग्री कॉलेज अपने उद्देश्य को पूर्ण रूप से हासिल नहीं कर पा रहे हैं।

जरूरत इस बात की है कि सरकार एक समग्र दृष्टिकोण अपनाए, जहां पुराने संस्थानों का सशक्तीकरण और नए कॉलेजों का सुविचारित विकास, दोनों साथ-साथ चलें। तभी 'उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य' का सपना वास्तव में साकार हो सकेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# एआई के साथ आपकी कलाई बनेगी सेहत की नई साथी

**जैसे-जैसे** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है, मोबाइल डिवाइस इसके इस्तेमाल का सबसे अहम माध्यम बन रहे हैं। सैमसंग का लक्ष्य एआई को लोगों की दैनिक जिंदगी का ऐसा हिस्सा बनाना है, जो बिना किसी जटिलता के उनकी जरूरतों के मुताबिक काम करे और हर कदम पर उपयोगी साबित हो।

इसी दिशा में कंपनी अपने पूरे गैलेक्सी इकोसिस्टम में एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स का विस्तार कर रही है। इसमें गैलेक्सी वच की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी, जो हमेशा सक्रिय रहकर यूजर्स को उनकी सेहत से जुड़ी व्यक्तिगत और उन्नत जानकारी उपलब्ध कराएगी।

नई गैलेक्सी वॉच यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बेहतर हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी। यह बैकग्राउंड में लगातार काम करते हुए सेहत से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बना देगी। नए इंटरनल हार्डवेयर और बेहतर बैटरी के साथ आने वाली यह स्मार्टवॉच पहले से ज्यादा समय तक और अधिक सटीक तरीके से हेल्थ डेटा रिकार्ड कर सकेगी। गैलेक्सी वॉच अब तक यूजर्स की नींद, मूवमेंट और दैनिक गतिविधियों को ट्रैक कर उनकी सेहत की अहम जानकारियां जुटाती रही है। अब एआई से मिलने वाले स्मार्ट इनसाइट्स के साथ यह पहले से ज्यादा सक्षम हो गई है। इसकी मदद से यूजर्स अपनी सेहत को रियल-टाइम में बेहतर ढंग से समझ सकेंगे और समय रहते जरूरी कदम भी उठा पाएंगे।

सैमसंग 22 जुलाई को शाम 6: 30 बजे (भारतीय समयानुसार) आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में नई गैलेक्सी वॉच से पर्दा उठाएगा। कंपनी के मुताबिक, एआई आधारित कनेक्टेड गैलेक्सी इकोसिस्टम से लैस यह स्मार्टवॉच यूजर्स को अपनी सेहत की बेहतर निगरानी करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद करेगी।

# क्या राष्ट्रपति प्रणाली की ओर बढ़ रहा है भारत

## राजनीतिक दावे, संवैधानिक वास्तविकता और लोकतंत्र की कसौटी

**भारतीय** राजनीति में समय-समय पर ऐसे बयान सामने आते हैं, जो केवल राजनीतिक हलकों में ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के बीच भी व्यापक चर्चा का विषय बन जाते हैं। हाल ही में वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक आरफा खानम शेरवानी का यह कथन कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति बन सकते हैं। वह केवल औपचारिक नहीं, बल्कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जैसी शक्तियों वाले राष्ट्रपति होंगे और अगले 15 वर्षों तक चुनाव नहीं होंगे, ने भी इसी प्रकार की बहस को जन्म दिया है।

यह कथन राजनीतिक दृष्टि से भले ही आकर्षक और बहस योग्य हो, लेकिन इसका सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि क्या भारतीय संविधान ऐसी किसी व्यवस्था की अनुमति देता है । क्या भारत वास्तव में संसदीय लोकतंत्र छोड़कर शक्तिशाली राष्ट्रपति प्रणाली की ओर बढ़ सकता है । क्या किसी सरकार के लिए यह परिवर्तन इतना सरल है कि वह केवल राजनीतिक बहुमत के आधार पर पूरे शासन ढांचे को बदल दे । इन प्रश्नों का उत्तर केवल राजनीति में नहीं, बल्कि संविधान में निहित है।

भारत ने 26 जनवरी 1950 को जब अपना संविधान लागू किया, तब संविधान निर्माताओं ने लंबे विचार-विमर्श के बाद ब्रिटेन की संसदीय प्रणाली को अपनाया। इस व्यवस्था में राष्ट्रपति राष्ट्र के संवैधानिक प्रमुख हैं, जबकि वास्तविक कार्यपालिका प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद होती है। राष्ट्रपति संविधान के अनुसार कार्य करते हैं और अधिकांश निर्णय मंत्रिपरिषद की सलाह पर लिए जाते हैं।

इसके विपरीत अमेरिका और कुछ अन्य देशों में राष्ट्रपति ही सरकार के वास्तविक प्रमुख होते हैं। उनके पास कार्यपालिका की व्यापक शक्तियाँ होती हैं। रूस की व्यवस्था भी राष्ट्रपति-केंद्रित मानी जाती है, जहाँ राष्ट्रपति की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली है। भारत की वर्तमान संवैधानिक संरचना इन व्यवस्थाओं से मूल रूप से भिन्न है।

यदि भारत को राष्ट्रपति प्रणाली अपनानी हो, तो यह केवल किसी एक नेता या सरकार की इच्छा से संभव नहीं होगा। इसके लिए संविधान के अनेक महत्वपूर्ण अनुच्छेदों में संशोधन करने होंगे। चूँकि शासन प्रणाली संविधान की मूल संरचना से जुड़ा विषय है, इसलिए ऐसा परिवर्तन अत्यंत जटिल संवैधानिक प्रक्रिया से ही संभव होगा। संसद में विशेष बहुमत, कई मामलों में राज्यों की स्वीकृति तथा संवैधानिक परीक्षण जैसी प्रक्रियाएँ आवश्यक हो सकती हैं। भारत का सर्वोच्च न्यायालय भी संविधान की मूल संरचना को सुरक्षित मानता है। यदि कोई संशोधन संविधान की मूल संरचना को प्रभावित करता है, तो उसका न्यायिक परीक्षण भी संभव है।

इसी प्रकार, यह दावा कि अगले 15 वर्षों तक चुनाव नहीं होंगे, वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। भारतीय लोकतंत्र नियमित चुनावों पर आधारित है। लोकसभा का सामान्य कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा हैं और उन्हें अनिश्चितकाल तक टाल देना संविधान के मौजूदा ढाँचे में संभव नहीं माना जाता।



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

किसी असाधारण परिस्थिति में भी चुनाव संबंधी निर्णय संवैधानिक प्रावधानों के अधीन ही लिए जाते हैं।

लोकतंत्र में राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों को भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखने का पूरा अधिकार है। वे विभिन्न राजनीतिक परिस्थितियों का आकलन करते हैं, संभावित घटनाक्रमों की व्याख्या करते हैं और अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। किंतु किसी भी विश्लेषण और स्थापित तथ्य के बीच स्पष्ट अंतर होता है। विश्लेषण संभावना व्यक्त करता है, जबकि तथ्य संवैधानिक या आधिकारिक रूप से प्रमाणित स्थिति को दर्शाते हैं।

भारत का लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि संस्थाओं के संतुलन से संचालित होता है। संसद कानून बनाती है, न्यायपालिका संविधान की रक्षा करती है, निर्वाचन आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करता है तथा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद अपनी-अपनी संवैधानिक सीमाओं में कार्य करते हैं। यही संस्थागत संतुलन भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

यह भी सत्य है कि पिछले कुछ वर्षों में एक राष्ट्र, एक चुनाव, शासन प्रणाली में सुधार, संवैधानिक संशोधन तथा प्रशासनिक केंद्रीकरण जैसे विषयों पर समय-समय पर बहस होती रही है। इन विषयों को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं। कोई इन्हें प्रशासनिक सुधार मानता है, तो कोई संघीय ढाँचे और लोकतांत्रिक संतुलन के संदर्भ में प्रश्न उठाता है। किंतु किसी भी परिवर्तन की अंतिम कसौटी संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया ही होती है।

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहाँ सत्ता किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता के अधीन होती है। सरकारें बदलती हैं, राजनीतिक दल बदलते हैं, नेतृत्व बदलता है, लेकिन संविधान की मूल भावना लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखती है। यही कारण है कि किसी भी बड़े संवैधानिक परिवर्तन पर व्यापक राजनीतिक सहमति, संसदीय बहस और न्यायिक समीक्षा की संभावना बनी रहती है।

आज सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक बयान तेजी से फैलते हैं और कई बार उन्हें तथ्य के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगता है। इसलिए नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे किसी भी दावे को स्वीकार करने से पहले उसकी संवैधानिक, कानूनी और तथ्यात्मक पृष्ठभूमि को समझें। लोकतंत्र केवल मतदान का अधिकार नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकता की भी मांग करता है।

अंततः कहा जा सकता है कि भारत में राष्ट्रपति प्रणाली लागू होने या चुनावों के लंबे समय तक स्थगित होने जैसे दावों पर चर्चा अवश्य हो सकती है, लेकिन वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार ऐसे परिवर्तन न तो सरल हैं और न ही केवल राजनीतिक इच्छा से संभव हैं। यदि भविष्य में कभी ऐसा कोई प्रस्ताव आता भी है, तो उसका निर्णय संविधान, संसद, न्यायपालिका और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप ही होगा।

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति किसी एक व्यक्ति या पद में नहीं, बल्कि संविधान, संस्थाओं और जागरूक नागरिकों के सामूहिक विश्वास में निहित होती है। इसलिए राजनीतिक बहसें आवश्यक हैं, लेकिन उनसे भी अधिक आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक संविधान की भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और तथ्यपरक विमर्श को समझे तथा किसी भी दावे का मूल्यांकन संवैधानिक कसौटी पर करे।

# आधुनिक घरों के लिए नए पंखे, वॉटर हीटर और किचन उपकरण सूर्या रोशनी ने किए पेश

**सूर्या रोशनी** लिमिटेड, लाइटिंग, वायर एवं केबल, पंखे, घरेलू उपकरण, पीवीसी पाइप, वॉटर पंप, वॉटर टैंक और स्टील पाइप्स के क्षेत्र में देश के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक, ने अपने नए प्रीमियम कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उत्पादों की श्रृंखला लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लॉन्च कंपनी की नवाचार, गुणवत्ता, सुरक्षा और बेहतर उपभोक्ता अनुभव देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

नए प्रोडक्ट रेंज का लॉन्च कोलकाता में आयोजित एक चैनल पार्टनर मीट के दौरान किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल के साथ-साथ बिहार, झारखंड और ओडिशा के चैनल पार्टनर्स ने भी हिस्सा लिया।

इस नई पेशकश में प्रीमियम डिजाइनर बीएलडीसी पंखे शामिल हैं, जिनमें स्लीक एयर डेको और स्मार्ट प्लस के साथ-साथ ज्वेल प्रो और रॉयल जैसे डेकोरेटिव पंखे शामिल हैं। आधुनिक घरों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए ये पंखे आकर्षक डिजाइन, कम बिजली खपत और बेहतर हवा देने की क्षमता का बेहतरीन मेल हैं। उन्नत बीएलडीसी तकनीक से लैस यह नई रेंज उपभोक्ताओं को अधिक आराम देने के साथ बिजली की बचत भी सुनिश्चित करती है।

वॉटर हीटर श्रेणी को मजबूत करते हुए कंपनी ने ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के नए मानकों के अनुरूप ऊर्जा-कुशल वटर हीटरों की नई रेंज भी पेश की है। इसमें बेहतर ऊर्जा रेटिंग, आधुनिक डिजाइन और अधिक सुविधाओं वाले क्यूब, आर्कटिक डीएक्स और आर्कटिक ईएक्स स्टोरेज वॉटर हीटर शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी ने इंस्टावर्म इंस्टेंट वॉटर हीटर की नई श्रृंखला भी लॉन्च की है, जो 3 लीटर और 5.9 लीटर क्षमता में उपलब्ध होगी। यह रेंज तेज गर्म पानी, भरोसेमंद प्रदर्शन और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती है।

किचन अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए सूर्या ने 500 वॉट, 750 वॉट और 900 वॉट क्षमता वाले मिक्सर ग्राइंडर की नई प्रीमियम रेंज भी पेश की है। इसमें मिनी स्टार, अल्फा, टर्बो और टर्बो प्लस सीरीज शामिल हैं। भारतीय रसोई की विविध जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह रेंज बेहतर ग्राइंडिंग, दमदार प्रदर्शन, टिकाऊपन और उपयोग में आसानी प्रदान करती है। कंपनी ने स्टार 1100 वॉट और एरोलाइट 750 वॉट जैसे नए ड्राई आयरन भी लॉन्च किए हैं, जो बेहतर प्रदर्शन, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और सुविधाजनक डिजाइन के साथ आते हैं।

लान्च के अवसर पर सूर्या रोशनी लिमिटेड के सीईओ (लाइटिंग एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स) वासुमित्र पांडेय ने कहा, आज के उपभोक्ता ऐसे उत्पाद चाहते हैं जो बेहतर प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता, आकर्षक डिजाइन और भरोसेमंद गुणवत्ता का संतुलन प्रदान करें। पंखों, वॉटर हीटरों और किचन अप्लायंसेज की हमारी नई रेंज नवाचार आधारित उत्पाद विकास और भारतीय परिवारों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इन नए उत्पादों को कंपनी की बढ़ती अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षमताओं का भी समर्थन प्राप्त है। हाल ही में उत्तराखंड के काशीपुर में स्थापित किए गए अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर का उद्देश्य नए उत्पादों का विकास, गुणवत्ता में सुधार, परीक्षण और अगली पीढ़ी के उपभोक्ता समाधान तैयार करना है।

निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्टता को और मजबूत करते हुए सूर्या रोशनी को हाल ही में ब्रिटिश सेफ्टी अवार्ड और सीआईआई नेशनल ईएचएस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी की विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण और उत्कृष्ट परिचालन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्रवचन

# समस्यायें शोक नहीं, आनंद के श्रोत हैं : जीयर स्वामी

**शब्द, रूप, रस, गंध और स्पर्श रूपी विषयों से बचें**

**हृदय में वैराग्य हो तो घर और वन में अन्तर नहीं**

जीवन की समस्यायें शोक नहीं, भविष्य के आनन्द के सूचक हैं। समस्यायें संघर्ष की क्षमता बढ़ाती हैं और अनुभव संजोने का अवसर प्रदान करती हैं। समस्याओं से संघर्ष करने वालों का ही इतिहास बनता है। जो समस्याओं से भागता है, समाज उसे आदर नहीं देता है। मर्यादित गृहस्थ आश्रम बंधन का कारण नहीं होता न मर्यादित जीवन भटकाव का कारण होता है। जीवन में मर्यादा से हटने के कारण ही भटकाव की स्थिति उत्पन्न होती है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तहत ब्रह्मा जी द्वारा प्रियव्रत को उपदेश दिये जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम पवित्र आश्रम है। यह सभी आश्रमों में श्रेष्ठ है। इसमें व्यक्ति को स्वयं, परिवार एवं समाज के प्रति दायित्व निर्वह्न का बेहतर अवसर प्राप्त होता है। पुत्र, पत्नी और परिवार के साथ मर्यादित जीवन जीते हुये ईश्वर का सानिध्य प्राप्त करने का बहुविध अवसर मिलता है। राजा जनक इस आश्रम में रह कर ही विदेह कहलाये।

स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्मा जी द्वारा प्रियवत को गृहस्थ आश्रम का उपदेश के बाद उसका विवाह विश्वकर्मा की पुत्री बर्हिश्मति के साथ करा दिया गया।

स्वामी जी ने कहा कि एक-एक विषय में आशक्ति के कारण प्राणी अपने को बंधन में डाल देते हैं या मृत्यु के विषय बन जाते हैं। ये विषय शब्द, स्पर्श, रुप, रस और गंध आदि है। जीव-जन्तु इनमें से मात्र एक विषय में आशक्ति के कारण बंधन या मृत्यु प्राप्त करते हैं। जैसे हिरण शब्द से, भौरा गंध से, हाथी विषय-सुख और मछली स्वाद के कारण बंधन और मृत्यु को प्राप्त करती है। जबकि मनुष्य पांचों इंद्रियों के पांचों विषय से युक्त है। इन विषयों के प्रति वैराग्य से ही मानव जीवन सफल होगा।

इसके लिए संतान उत्पन्न कर उनका लालन-पालन एवं धनोपार्जन के साथ धीरे-धीरे विरक्त जीवन जीने का अभ्यास करते हुए आशक्ति का त्याग कर दें। आशक्ति के त्याग से घर या वन दोनों समान प्रतीत होते हैं। गृहस्थ संन्यासी से भी बढ़कर है। गृहत्याग संन्यास नहीं हैं, आशक्ति-त्याग सन्यास है। अनासक्त गृहस्थ संन्यासी ही है।

स्वामी जी ने कहा कि सन्मार्गी दुःख को हंसते हुए सहज स्वीकार करते हैं। सामान्य व्यक्ति परमात्मा को उलाहना देने लगता है। महापुरूष दुःख को सुखी मन से स्वीकार करते हैं।

महाभारत में श्री कृष्ण ने गर्गाचार्य से पूछा कि जन्म से हमपर कितना संकट आया। गर्गाचार्य ने कहा कि श्रीराम पर कितनी समस्यायें आयीं। समस्याओं को सहज स्वीकार के कारण ही वे मर्यादा पुरूष बने। जीवन की समस्यायें शोक नहीं आनंद के सूचक हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# प्रखंड स्तर पर स्थापित डिग्री कॉलेजों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे : जिलाधिकारी

## पूर्वी चंपारण जिला के लिए यह गौरव और ऐतिहासिक क्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रखंड स्तर पर नव स्थापित डिग्री महाविद्यालय में पठन-पाठन के शुभारंभ के अवसर पर आज जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला में 15 प्रखंडों सहित बिहार में कुल 211प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय में पठन-पाठन का आज शुभारंभ हुआ है। डिग्री कलेज की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे। उच्च शिक्षा की पहुंच घर-घर तक होगी एवं स्थानीय स्तर पर कम खर्च में ही बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा राजकीय डिग्री कलेज गोराढीह, भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के सभी 211 नव स्थापित डिग्री कलेज में पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। पूर्वी चंपारण जिले में डिग्री कलेज शुभारंभ के मुख्य समारोह का आयोजन राजकीय डिग्री कलेज, तुरकौलिया में किया गया। मुख्य समारोह में जिलाधिकारी के साथ विधायक हरसिद्धि ष्ण नंदन पासवान, उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं डिग्री कलेज के प्राचार्य प्रोव दुर्गेश मणि तिवारी सहित अन्य प्रोफेसर उपस्थित थेस जिलाधिकारी एवं विधायक के द्वारा डिग्री महाविद्यालय तुरकौलिया में पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला के लिए यह गौरव और ऐतिहासिक क्षण है जहां एक साथ प्रखंड लेवल पर 15 डिग्री महाविद्यालय का शुभारंभ किया जा रहा है। पहले डिग्री प्राप्त करने के लिए दूर जाना पड़ता था, अब इन डिग्री महाविद्यालय के खुल जाने से स्थानीय स्तर पर ग्रामीण बच्चों को बड़ी फायदा होगी। बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे और पूर्वी चंपारण जिला सहित बिहार को आगे बढ़ाएंगेस इस अवसर पर विधायक ने बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक गण को संबोधित करते हुए कहा प्रखंड स्तर पर डिग्री महाविद्यालय की स्थापना गौरव का विषय है। सुदूर देहात में डिग्री कलेज की उपलब्धता से अब बच्चों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को धन्यवाद दियास वही जिले में जिन प्रखंडों में राजकीय डिग्री महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं, उनमें राजकीय डिग्री महाविद्यालय श्री उदय बहादुर सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय, मंगलापुर, संग्रामपुर, राजकीय डिग्री महाविद्यालय मेहसी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कटहा), राजकीय डिग्री महाविद्यालय बंजरिया (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कुकुरझरी), राजकीय डिग्री महाविद्यालय पिपराकोठी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुर कलोनी), राजकीय डिग्री महाविद्यालय सुगौली (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, शुक्ल पाकड़), राजकीय डिग्री महाविद्यालय तुरकौलिया (रामउग्रह सिंह कुशवाहा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जयसिंहपुर), राजकीय डिग्री महाविद्यालय तेतरिया (राजकीय मध्य विद्यालय, माधूआहा मल), राजकीय डिग्री महाविद्यालय पताही (प्लस टू सिंहेश्वर सेमिनरी), राजकीय डिग्री महाविद्यालय फेनहारा (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बिशुनपुर बसंत), राजकीय डिग्री महाविद्यालय रामगढ़वा (आदर्श राजकीय बुनियादी विद्यालय, सिसवनिया, ग्राम पंचायत मुरला), राजकीय डिग्री महाविद्यालय आदापुर (राजकीय बुनियादी विद्यालय, भवनगरी), राजकीय डिग्री महाविद्यालय छौड़ादानो (एस़आऱएऩआऱवाईएल़ उच्च विद्यालय, जीतपुर बिशुनपुरवा), राजकीय डिग्री महाविद्यालय बनकटवा (राजकीय मध्य विद्यालय, मठिया भोपत गोढ़िया), राजकीय डिग्री महाविद्यालय पकड़ीदयाल (श्री राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय, बड़कागांव) तथा राजकीय डिग्री महाविद्यालय चिरैया (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, परेवा) शामिल हैं।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम, डीडीसी व विधायक ।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व युवा कौशल दिवस पर जन शिक्षण संस्थान, मोतिहारी में कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान, मोतिहारी के कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला नियोजन कार्यालय से निलेश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान, मोतिहारी के निदेशक श्री दिनेश कुमार ने युवाओं को कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला है तथा युवाओं को अपनी क्षमता के अनुरूप कौशल अर्जित कर बेहतर भविष्य का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को कौशल विकास के प्रति जागरूक रहने एवं समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने के संदेश के साथ हुआ।

### 19 जुलाई से चार दिवसीय दौरे पर आएंगे नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी

**मोतिहारी।** नीति आयोग के 'आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम' (एबीपी) के तहत पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंडों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा नामित केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (सीपीओ) एवं भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी नीरज कुमार 19 से 22 जुलाई तक जिले के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे।दौरे के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित पांच प्रमुख क्षेत्रों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, षि एवं संबद्ध सेवाएं, बुनियादी ढांचा तथा सामाजिक विकास के अंतर्गत 40 प्रमुख संकेतकों पर हो रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक रणनीति पर भी चर्चा होगीस चार दिवसीय प्रवास के दौरान श्री नीरज कुमार कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंड का क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का भौतिक सत्यापन भी करेंगे। इस क्रम में वे सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं धात्री माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगेसइस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दोनों प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सभी 40 संकेतकों से संबंधित अद्यतन आंकड़े एवं प्रगति प्रतिवेदन तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों में और सुधार लाते हुए जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाना है।

### प्रखंड स्तरीय विद्युत समिति की बैठक

**अरेराज (एनएसबी)।** अरेराज प्रखंड परिसर में आज प्रखंड स्तरीय बिद्युत समिति की बैठक की गयी जिसमें विधायक राजू तिवारी, नगर अध्यक्ष रंटू पाण्डेय, नगर उपाध्यक्ष अहमद अली आजाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित, विद्युत अभियंता उमंग अग्रवाल, कनीय अभियंता अंदान अंसारी, डीलिंग सुपरवाइजर, स्मार्ट मीटर सुपरवाइजर, बिजली विभाग के सभी मीटर रीडर, उपस्थित रहे समिति मे नया कनेक्शन, बिल सुधार, ट्रांसफरमर सम्बंधित, पोल तार से सम्बंधित इत्यादि सभी मामला को देखा गया स जितना भी सम्भव था सबको डिस्पोजल किया गया बाकी के लिए समय पर कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

### चोरों ने एक साथ दो घरों में खिड़की तोड़कर की चोरी

**चकिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी गवंदरा में मंगलवार को देर रात्रि अज्ञात चोरों ने एक साथ दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। खिड़की तोड़कर चोर घर में घुसे व नगद राशि सहित करीब तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य के गहने व सामान लेकर चंपत हो गए। घर मालिक निशांत कुमार ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति रात में खाना खाकर सोने चले गए। सुबह उठे तो देखा घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चारों तरफ देखे तो देखा कि चोर घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे थे। इसके बाद घर में रखी नगद राशि तथा आभूषण व कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। साथ ही बताया कि बगल में मेरे चाचा रामा शंकर चौधरी के घर से भी नगद सहित आभूषण की चोरी हो गई जो कुल कीमत एक लाख रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि थाना को लिखित आवेदन दिया है।

## विराट रामायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को 150 एमबीबीएस सीटों की मिली मान्यता, सांसद राधा मोहन सिंह ने जताई खुशी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** विराट रामायण इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंस के संस्थापक आलोक शर्मा ने बुधवार सुबह सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मेडिकल कलेज की प्रगति एवं क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विराट रामायण इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंस को 150 एमबीबीएस सीटों की मान्यता प्रदान किया जाना मोतिहारी ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से पूर्वी चंपारण सहित बिहार के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का बेहतर अवसर मिलेगा तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती प्राप्त होगीस उन्होंने कहा कि यह संस्थान चिकित्सा शिक्षा एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी और क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा भी उपलब्ध होगीस ज्ञात हो कि विराट रामायण इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंस का भव्य परिसर चकिया से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर कोइलाबेलवा गांव में स्थित है। संस्थान में 650 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल संचालित है, जहां मरीजों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 150 सीटों की मान्यता मिलने के बाद यह संस्थान बिहार में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


बैठक में उपस्थित लोग।

### डीएम और एसपी ने सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पर्यटकीय विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने श्री सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, अरेराज के पर्यटकीय विकास के लिए कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यो की प्रगति, गुणवत्ता और समय सीमा की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में पुराना अंचल कार्यालय के समीप निर्माणाधीन पर्यटक भवन, पोखरा सौंदर्यीकरण कार्य, तिलाई नदी पर बन रहे दो पैदल पुल, केडिया धर्मशाला एवं चहारदिवारी निर्माण कार्यो का जायजा लिया गया।अधिकारियों को बताया गया कि पुराना अंचल कार्यालय के पास निर्माणाधीन धर्मशाला के भू-तल की छत के लिए सेंटरिंग का कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्य अभियंता को निर्देश दिया कि संवेदक से समन्वय स्थापित कर सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। इसी परिसर में स्थित पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य के तहत दो तरफ पाइलिंग का कार्य शुरू किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंता और संवेदक को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा किया जाए। इसके बाद अधिकारियों ने पुराने पर्यटन होटल का भी निरीक्षण किया। कार्य अभियंता ने बताया कि पुराने पर्यटन होटल के सौंदर्यीकरण का कार्य अगले चार माह में पूरा कर लिया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज एवं कार्यपालक पदाधिकारी, अरेराज को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय में पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।


निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## अभाविप सदैव छात्रहित के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्रहित के विभिन्न आयामों में निभा रही सक्रिय भूमिका : डा. श्याम नंदन

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर सेवार्थ विद्यार्थी इकाई ने किया वृक्षारोपण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के सातवें दिन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की सेवार्थ विद्यार्थी (थ्ै) इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण का निर्माण तथा विद्यार्थियों में प्रति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुढ़ करना थास कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है।इस अवसर पर सेवार्थ विद्यार्थी (थ्ै) के उत्तर बिहार प्रांत प्रमुख ड़ श्याम नंदन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्रहित के विभिन्न आयामों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक ड. गोविन्द प्रसाद वर्मा, संस्त विभाग के सहायक प्राध्यापक ड़ बबलू पाल तथा प्ऱो श्याम कुमार झा सहित अन्य प्राध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने परिषद की इस पर्यावरणीय पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रति संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अखिल सेवार्थ विद्यार्थी आयाम के कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर आशुतोष, सच्चिदानंद, पवन कुमार, अमनदीप, सलोनी, पल्लवी, कामिनी, सोनी, गुड़िया, ॠषु राज, आशुतोष कुमार, युवराज, तौसीफ रजा, अंजली, श्वेता, अपराजिता सहित अनेक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



वृक्षारोपण करते अभाविप के अधिकारी गण ।

### बीडीओ को प्रमुख के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने दी विदाई

**पीपराकोठी।** बुधवार को स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मोहिनी कश्यप को विदाई दी गई। प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार के नेतृत्व में उनके सम्मान में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ मोहिनी कश्यप के कार्यकाल की सराहना की। उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति-चि भेंटकर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मोहिनी कश्यप ने अपने कार्यकाल के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया। उन्होंने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रजनीश कुमार ने उनके सरल, सौम्य और कर्मठ व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।बीडीओ मोहिनी कश्यप ने पीपराकोठी में मिले सहयोग औरे ह को हमेशा याद रखने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मियों और आम लोगों का आभार व्यक्त किया। कश्यप ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का हिस्सा है, लेकिन यहां के लोगों का अपनापन उनके लिए हमेशा याार रहेगा। इस अवसर पर उपप्रमुख योगी मांझी, पंचायत समिति सदस्य रीतज कुमार, उपमुखिया सुधीर शर्मा, पंचायत सचिव आलोक कुमार बैठा, राजू सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति : राधामोहन

### भाजपा जिला पदाधिकारियों की सांगठनिक बैठक संपन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** चंद्रहिया स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष पवन राज की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय चौधरी ने कियास सांसद पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित है और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। आप सबके परिश्रम और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि मोतिहारी संगठन जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठापित हुआ हैस बैठक में श्री सिंह ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार तथा पार्टी द्वारा निर्धारित विभिन्न अभियानों की समीक्षा के साथ रणनीति पर विस्तार से चर्चा कीस उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित डिजिटल प्रशिक्षण के सम्बंध में बताते हुए कहा कि देशभर में एक करोड़ कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाना हैस उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, डिजिटल संवाद, पार्टी की विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों का प्रचार, संगठनात्मक कार्य और आधुनिक डिजिटल टूल्स का उपयोग सिखाया जाएगास जिलाध्यक्ष पवन राज ने सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का आह्वान कियास बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के सफल संचालन, मंडल एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा विभिन्न मोर्चो एवं प्रकोष्ठों के कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही सभी दायित्वधारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर संगठनात्मक दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने के निर्देश दिए गएस इस अवसर पर मोतिहारी विधायक सह पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, उप महापौर ड लालबाबू प्रसाद, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह एवं प्रकाश अस्थाना, महामंत्री मार्तण्ड नारायण सिंह, ड (श्रीमती) हेना चंद्रा सहित पार्टी के अपेक्षित जिला पदाधिकारी एवं दायित्वधारी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



बैठक में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डीएसपी कुमार चंदन और पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सम्मानित

**फेनहारा(एनएसबी)।** चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हर किशोर राय ने विशेष अभियान में उत्ष्ट प्रदर्शन के लिए पकड़ीदयाल के डीएसपी कुमार चंदन एवं मधुबन पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार के साथ पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार,पताही थानाध्यक्ष बबन कुमार, फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 107 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियान में अवैध शराब एवं हथियारों की भी बरामी की गई। बेहतर नेतृत्व, प्रभावी रणनीति और सफल कार्रवाई के लिए डीआईजी ने दोनों अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस सम्मान को पुलिस टीम के बेहतर समन्वय और अपराध नियंत्रण की दिशा में किए गए प्रभावी प्रयासों की पहचान माना जा रहा है।अभियान की सफलता पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों का भी उत्साहवर्धन हुआ।

### कुख्यात नरेश पांडेय के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी 16 लाख रुपये, हथियार व आभूषण बरामद

#### सहयोगी उज्ज्वल कुमार गिरफ्तार, फरार अपराधी की तलाश में जुटी पुलिस

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी नरेश पांडेय के ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल ने छतौनी थाना क्षेत्र के बंगाली कलोनी स्थित उसके ठिकानों पर कार्रवाई की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 16 लाख रुपये भारतीय मुद्रा, नेपाली करेंसी, नोट गिनने वाली मशीन, एक लोडेड कट्टा, छह कारतूस, शराब की बोतलें, भारी मात्रा में सोना-चांदी के आभूषण तथा जमीन से संबंधित दो दर्जन से अधिक दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, नरेश पांडेय के खिलाफ छतौनी, नगर, मुफस्सिल एवं पिपराकोठी थाना में डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके एक सहयोगी उज्ज्वल कुमार को मौके से गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में कई अन्य मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार अपराधी नरेश पांडेय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है।छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार के अलावा छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार, एएचटीयू प्रभारी सर्वेन्द्र कुमार सिन्हा, छतौनी थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज, दारोगा आभा कुमारी, अंकुल कुमार, जिला आसूचना इकाई एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जनगणना 2027 की तैयारी को लेकर क्षेत्र पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

#### जिला जनगणना हस्तपुस्तिका व ग्रामधगर निर्देशिका में शुद्ध आंकड़ों के संकलन पर जोर

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका एवं ग्रामधगर निर्देशिका के सफल संकलन को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन भवन के सभा-कक्ष में क्षेत्र पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जनगणना पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता (राजस्व), पूर्वी चम्पारण श्री मुकेश कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका एवं ग्रामधगर निर्देशिका नीति निर्माण और विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत दस्तावेज हैं। इसलिए इनमें संकलित किए जाने वाले आंकड़ों में शत-प्रतिशत शुद्धता एवं समयबद्धता आवश्यक है।प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र पदाधिकारियों को जनगणना 2027 के उद्देश्यों, आंकड़ों के महत्व, प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, कोडिंग, मानचित्रण एवं डाटा सत्यापन के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला जनगणना पदाधिकारी ने सभी क्षेत्र पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रखंडों में पूरी सावधानी के साथ आंकड़ों का संकलन करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्तर पर प्राप्त प्रशिक्षण का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा किया जाए। जिला नोडल पदाधिकारी (जनगणना कोषांग)-सह-जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में चकिया एवं हरसिद्धि चार्ज अंतर्गत सभी क्षेत्र पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 37 चार्ज के अंतर्गत 27 ग्रामीण एवं 10 शहरी चार्ज के क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 15 जुलाई 2026 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम को राज्य निदेशालय से नोडल पदाधिकारी आदित्य कुमार, राज्य प्रशिक्षक हेमंत कुमार सिंह एवं प्रताप कुमार सिन्हा, राज्य स्तरीय प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह तथा जिला प्रशिक्षक कुणाल चौबे एवं अभिजीत कुमार द्वारा संचालित किया जा रहा है।इस अवसर पर प्रबंधन कोषांग के गोपाल जी मिश्रा, अमरेश कुमार एवं कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एसडीएम नागमणि कुमार वर्मा संभालेंगे कमान, मनीष कुमार का हुआ तबादला

**रक्सौल(एनएसबी)।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक सेवा में बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा (ठ ी) के अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में नागमणि कुमार वर्मा को रक्सौल का नया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त किया गया है। वहीं, वर्तमान एसडीएम मनीष कुमार का भी स्थानांतरण कर दिया गया है।नागमणि कुमार वर्मा मूल रूप से नवादा जिले के रामनगर के निवासी हैं। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर 22वीं रैंक हासिल की थी और अपनी मेधा का परिचय दिया था। इससे पहले वे जमुई में वरीय उप समाहर्ता के पद पर कार्यरत थेस आईआईटी धनबाद से इलेक्ट्रनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कर्पोरेट नौकरी छोड़ शिक्षण को अपना पेशा बनाया। वर्षो तक प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ाने के बाद उन्होंने स्वयं सिविल सेवा की तैयारी की और पहले ही प्रयास में बीपीएससी में सफलता हासिल कर प्रशासनिक सेवा में जगह बनाईस रक्सौल जैसे भारत-नेपाल सीमा से जुड़े महत्वपूर्ण अनुमंडल में उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नए एसडीएम के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने, विकास कार्यो और जनसमस्याओं के समाधान में नई गति मिलेगी।

### फेनहारा प्रखंड क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का विधायक राणा रणधीर सिंह ने दीप प्रवजलित कर शुभारंभ किया

**फेनहारा(एनएसबी)।** डिग्री कलेज का शुभारंभ अस्थाई भवन प्लस टू विद्यालय भवन विशुनपुर बसंत में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। हालांकि मुख्यमंत्री के संवाद का वर्चुअल वेव कास्ट संसाधन के अभाव में प्रसारित नहीं हुआ।समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक राणा रणधीर सिंह ने फेनहारा प्रखंड में डिग्री कलेज का शुभारंभ को ऐतिहासिक गौरव का पल बताया।उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कलेज के स्थापना से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव दिखेगा।साधारण परिवार के बच्चे बच्चियों को इसका सर्वाधिक लाभ होगा।घर से साइकिल से भी पहुंच तक तक शिक्षा प्राप्त कर लेंगी। एसडीओ मंगला कुमारी ने डिग्री कलेज के विकाश के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए बताया कि डिग्री कलेज की स्थापना से क्षेत्र में उच्च शिक्षा आम परिवार के लिए भी काफी सुलभ होगा।बीएस कलेज के प्राचार्य बागेश्वरी नंदन कुमार ने डिग्री कलेज की स्थापना को क्षेत्र के लिए वरदान बताते हुए कहा कि महिला शिक्षा को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा। डिग्री कलेज के प्राचार्य ड प्रो विंदा राम ने बताया कि कलेज के विकाश में उनका हर संभव योगदान रहेगा। उन्होंने स्थानीय अभिभावकों ,जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग का आह्वान किया।सभा को जिला परिषद सदस्य आकाश गुप्ता,बीडीओ श्रय मोना राय ,अंचलाधिकारी डेजी सिंह आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कपिल देव राम,मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि ,शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक के बीच से पेंड्रॉल क्लिप चोरी करते एक शख्स को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा मधेपुरा रेल खंड पर रेलवे ट्रैक के बीच से पेंड्रॉल क्लिप चोरी करते हुए एक शख्स को सहरसा रेलवे सुरक्षा बने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। घटना मंगलवार देर रात्रि की है। रेल सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सहरसा रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट कमांडर धनंजय कुमार के निर्देशन पर रात्रि में सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार सिंह के अलावा प्रधान आरक्षी फुलकान्त मिश्रा अपराधिक निगरानी के लियें सहरसा यार्ड, वाशिंग पीट में गस्त लगा रहा थे। इसी क्रम में बिट सी में तैनात प्रधान आरक्षी जितेंदर प्रसाद मिले सभी एक साथ होकर गस्त कर रहे थे की इसी दौरान सहरसा-मधेपुरा रेल लाईन से पूरब मधेपुरा वाली लाईन से पुरब वाली लाईन पर खड़ी कोच के पास एक व्यक्ति सफेद रंग के



प्लास्टिक की बोरी में रखा कुछ वजनी सामान अपने कंधे पर लेकर जा रहा था।जिसे गस्त कर रही रेलवे सुरक्षा बल की टीम सतर्क होकर अपने-आप को छिपाते हुए उसके तरफ बढ़े तो उसने पुलिस को आते देख वह तेज कदम से भागने लगा। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने घेरकर उसे पकड़ लिया गया तथा उसके कंधे से सफेद रंग वाली प्लास्टिक की बोरी उतरवाकर उसी से खुलवा कर देखा तो उसमे रेल लाइन में लगने वाला 15 पुराना पेंड्रल क्लिप बरामद हुआ। पूछने पर उसने अपना चन्दन कुमार 34 वर्ष, पिता इन्द्रदेव शैनी टोला, वार्ड 21, सिमरीबख्तियारपुर का निवासी बताया। जिसके बाद रेसुब द्वारा उस व्यक्ति से उक्त रेल सम्पति बाबत कागजात माँगा गया तो उसके द्वारा रेल सम्पति बाबत किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नही किया गया तथा उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगने लगा और बताया की वह गरीब है। लालच वस सहरसा यार्ड के रेल लाइन से उक्त पेंड्रल क्लिप को खोल कर ले जा रहा और किसी चलते-फिरते कबाड़ी वाले के यहाँ बेच कर कुछ पैसा कमा लेता। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने समक्ष गवाहन जप्ती सूची बनाकर उपरोक्त रेल सम्पत्ति को जप्त किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर समस्त कार्रवाई उपरांत गिरफ्तारी की सुचना अभियुक्त के परिजन को उसके घर दी गई। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय खगड़िया में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बनमा ईटहरी को मिली उच्च शिक्षा की सौगात, परसबन्नी में डिग्री कॉलेज का शुभारंभ

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंडवासियों का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। बनमा ईटहरी प्रखंड के परसबन्नी उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित डिग्री कॉलेज का शुभारंभ राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। उद्घाटन के बाद स्थानीय स्तर पर डीसीएलआर सीतू शर्मा, बीडीओ गुलशन कुमार झा, अंचलाधिकारी आशीष कुमार, पूर्व प्रमुख रमेशचंद्र यादव, मुखिया रीता देवी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने फीता काटकर कॉलेज का औपचारिक उद्घाटन किया। कॉलेज



के शुभारंभ को लेकर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकत्ताओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर आरओ शशिभूषण कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान, मुखिया रीता देवी, संजू कुमार, अनिल कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, प्रदीप एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि डिग्री कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब स्नातक की पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और आर्थिक संसाधनों दोनों की बचत होगी तथा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का बेहतर अवसर मिलेगा। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज का सबसे अधिक लाभ छात्राओं को मिलेगा, जिन्हें अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। पूर्व प्रमुख रमेशचंद्र यादव ने राज्य सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज शुरू होने से बनमा ईटहरी के साथ-साथ आसपास के कई पंचायतों के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवरने का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कॉलेज में नियमित नामांकन, शिक्षकों की नियुक्ति, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र व्यवस्था करने की मांग भी की। समारोह के अंत में लोगों ने इसे बनमा ईटहरी प्रखंड के शैक्षणिक इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज की स्थापना क्षेत्र के सामाजिक और शैक्षणिक विकास को नई दिशा देगी तथा आने वाले वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह संस्थान मील का पत्थर साबित होगा।

### राजकीय महाविद्यालय पतरघट में वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा उद्घाटन किया गया

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट प्रखंड के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण सामने आया है। जहां वुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र का ऑनलाइनध्वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पठन पाठन का विधिवत शुभारंभ किया । इस ऐतिहासिक शुरूआत को लेकर पतरघट सहित क्षेत्र में खुशी और उत्साह की लहर है। पतरघट राजकीय डिग्री कॉलेज का ऐतिहासिक शुभारंभ राज्य सरकार के उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य के संकल्प और सात निश्चय योजना के तहत, पतरघट प्रखंड में नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पतरघट सहित सूबे के 211



नए डिग्री कॉलेजों का एक साथ ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस भव्य समारोह का सीधा प्रसारण पतरघट कॉलेज परिसर में किया गया, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र और ग्रामीण सीधे जुड़े। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और कॉलेज संचालन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। समारोह का आयोजनरू तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10,00 से 10,30 बजे के बीच कॉलेज परिसर में उद्घाटन समारोह की शुरूआत हुई। डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन और उद्घाटन पत्रध्शिलापट्ट का लाइव अनावरण देखा गया। पतरघट के इस नए राजकीय डिग्री कॉलेज में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए शुरूआत में कला संकाय के महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई शुरू करने की घोषणा की गई है। ताकि स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाया जा सके। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार एवं, प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रदेव कुमार निराला, जिला से विभिन्न पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सोनवर्षा अंचल के छह राजस्व कर्मचारी का हुआ ट्रान्सफर

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा मंगलवार को बडी तादाद में राजस्व कर्मचारी का स्थानान्तरण किया गया। इस दौरान सोनवर्षा अंचल के छह राजस्व कर्मचारी भी शामिल है। उक्त बाबत सोनवर्षा के राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह ने बताया की अंचल में कार्यरत कुल 10 राजस्व कर्मचारियों में छह का विभाग द्वारा स्थानांतरण अन्य जिले में कर दिया गया है। स्थानांतरित कर्मचारियों में निरज कुमार, विक्की कुमार, बिटेश्वर प्रसाद, विकास कुमार, सतीश कुमार एवं सुनील पंडित शामिल है।

# सात निश्चय-3 के तहत जिले के छह प्रखंडों में राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का शुभारंभ, उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य संकल्प को मिला नया आयाम, स्थानीय स्तर पर प्रारंभ हुई स्नातक की पढ़ाई

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा सात निश्चय-3 के अंतर्गत उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य संकल्प को साकार करते हुए राज्य के डिग्री महाविद्यालय-विहीन प्रखंडों में स्थापित 211 नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में आज से पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल के साथ ही राज्यभर में नए महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं भी प्रारंभ हो गईं। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का मुख्य आयोजन भागलपुर जिले के गोराडीह में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री, बिहार सरकार सम्राट चैधरी ने 211 नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य का शुभारंभ किया। यह पहल राज्य में उच्च शिक्षा के विस्तार तथा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। इसी क्रम में सहरसा जिले के छह प्रखंडों सत्तरकटैया, सौर बाजार, पतरघट, नवहट्टा, बनमा ईटहरी तथा सलखुआ में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का विधिवत उद्घाटन किया गया।



पतरघट, में उदघाटन करते डीएम व अन्य

उद्घाटन कार्यक्रमों में संबंधित प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पतरघट प्रखंड में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने महाविद्यालय का उद्घाटन कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, सहायक समाहर्ता केतन शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही सौर बाजार प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में सहरसा विधानसभा के विधायक आई.पी. गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रखंड के वरीय पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनवाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में सभी नवस्थापित महाविद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन के साथ ही सभी महाविद्यालयों में नियमित शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। बिहार सरकार की यह दूरदर्शी पहल ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलेगी। अब स्नातक की पढ़ाई के लिए छात्रों को दूर-दराज के शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होगी। स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होने से अधिकाधिक युवा स्नातक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे तथा बेटियों को भी समान अवसर मिलेगा। इससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार करेंगी और समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।यह पहल न केवल उच्च शिक्षा की पहुंच को व्यापक बनाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक वातावरण को भी सुदृढ़ करेगी। अपने-अपने प्रखंड में राजकीय डिग्री महाविद्यालय खुलने से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं खुशी का माहौल देखा गया। अभिभावकों ने बिहार सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उनके बच्चों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त होगी और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात करते हुए समृध्द बिहार विकसित भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## महापौर बैन प्रिया द्वारा शंकर चैक मंदिर गेट पर कराया गया सोख्ता निर्माण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के शंकर चैक स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर गेट पर हो रहे जल जमाव के कारण श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।वही मंदिर की गेट पर गंदा पानी रहने के कारण लोगों की पवित्रता भी भंग हो रही है। खासकर महिलाओं एवं बुजुर्ग लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए नगर निगम के महापौर बैंन प्रिया ने इसके निवारण की पहल की है। बुधवार को मंदिर गेट से जल जमाव को दूर करने के लिए सोख्ता का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर ने बताया कि सावन महीने की शुरूआत होने वाली है। सावन माह भगवान शिव को समर्पित है। इस महीने में श्रद्धालु दूर-दूर से आकर शिवलिंग पर जलार्पण करते हैं। इन कठिनाइयों को देखते हुए नगर निगम के द्वारा सोख्ता का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शंकर चैक पर आर ओ बी का निर्माण कार्य तेजी से चलाया जा रहा है जिसे देखते हुए मंदिर की गेट के बगल में सोख्ता का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से गेट पर लगा हुआ पानी की समस्या दूर हो जाएगी। वहीं श्रद्धालुओं को मंदिर में पूजा पाठ करने में काफी सहूलियत होगी।महापौर ने मंदिर गेट पर अनाधिकृत रूप से बेच रहे ठेला विक्रेताओं एवं फुटपाथ दुकान हटाने की मांग है।



सोख्ता निर्माण का निरीक्षण करती महापौर

## पूर्व सैनिकों वीर नारियों एवं वीरांगनाओं के सभी काम ससमय पूरा होगा: अमित कुमार सिन्हा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। शहर के सेन्ट्रल स्कूल के बगल में स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय में बुधवार को नये पदाधिकारी का भव्य स्वागत व स्थानांतरित पदाधिकारी को विदाई समारोह आयोजित हुआ।इस अवसर पर प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार झा, जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, नोडल ऑफिसर गुण सागर यादव, विमल कुमार पाठक, जीतेन्द्र झा, कोषाध्यक्ष विकास मिश्र सहित अन्य सैनिकों ने जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल अमित सिन्हा का पाग चादर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। वही स्थानांतरित जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल संजय कुमार सिंह को अंगवस्त्र पाग एवं पुष्पगुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर निवर्तमान पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि 5 जून को इस कार्यालय का विधवत उद्घाटन किया गया है। इसके लिए मैं जिला प्रशासन भवन निर्माण सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करता हूं। वही आगे आने वाले समय में इस संरचना का और अधिक विकास होगा।उन्होने कहा कि पूर्व सैनिकों वीर नारियों एवं वीरांगनाओं के लिए यह क्षेत्रीय कार्यालय काफी सहायक सिद्ध हो रहा है।इस कार्यालय के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा तब जाकर कोशीवासियों को यह सौगात मिला है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की समस्या समाधान के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा।इस क्षेत्र के सैनिकों को अब अन्यत्र कही भटकना नही पड़ेगा।वही नवपदास्थापित पदाधिकारी कर्नल अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि ईश्वर की असीम अनुकंपा से सहरसा कार्यालय में मेरा इस पद पर पदास्थापना हुआ है इस कार्यालय के अंतर्गत सुपौल मधेपुरा का कार्य भी संचालित होगा। मैं श्रद्धा और निष्ठा पूर्वक इस दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगा।साथ ही सभी पूर्व सैनिक,वीर नारियों एवं वीरांगनाओं का काम समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।



नये पदाधिकारी का स्वागत करते

## युवक से 50 हजार व लॉकेट छीना, पीड़ित ने तीन युवकों पर लगाया मारपीट कर लूट का लगाया आरोप

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र में एक युवक से मारपीट कर 50 हजार रुपये और सोने का लॉकेट छीन लिया गया। घटना को गांव के ही तीन युवकों ने अंजाम दिया। पीड़ित युवक सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती है। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। जख्मी युवक की पहचान सलखुआ थाना क्षेत्र के मूसहनिया वार्ड नंबर दो निवासी नुनु लाल पासवान के 18 वर्षीय पुत्र ध्रुव कुमार के रूप में हुई है। ध्रुव अपनी ममेरी बहन की शादी में शामिल होने भोरा गांव गया था। 13 जुलाई को वह 50 हजार रुपये लेकर अपनी मां के घर लौट रहा था, तभी रास्ते में यह वारदात हुई। ध्रुव के पिता नुनु लाल पासवान ने बताया कि गांव के ही ललन पासवान, नंदकिशोर पासवान और सौरभ पासवान ने उनके बेटे को रोका। तीनों ने ध्रुव पर जानलेवा हमला कर मारपीट की और उसके गले से 50 हजार रुपये तथा सोने का लॉकेट छीनकर फरार हो गए। नुनु लाल पासवान ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने बुधवार को पुलिस के बड़े अधिकारियों से न्याय और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में सदर अस्पताल पुलिस चैकी के थाना अध्यक्ष गुंजन कुमार ने बताया कि पीड़ित का फर्द बयान बुधवार को दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित सलखुआ थाने को लिखा जा रहा है।



## करंट लगने से 7वीं के छात्र की मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बैजनाथपुर थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से 11 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार बुधवार को जब छात्र घर में पंखा चलाने की कोशिश कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक की पहचान बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के खुजरी पंचायत अंतर्गत बनचोल्हा वार्ड नंबर 3 निवासी श्री देव सादा के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। धर्मेंद्र दो भाइयों में सबसे छोटा था और गांव के ही मिडिल स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। धर्मेंद्र के चचेरे भाई ने बताया कि बुधवार सुबह वह उनके साथ खेत में धान रोपने गया था। दोपहर बाद वह घर स्नान के लिए आया। इसके बाद गर्मी लगने पर उसने पंखा चलाने के लिए स्विच में तार लगाया, तभी एक नंगे तार की चपेट में आने से उसे करंट लग गया। करंट लगने के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बैजनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि बिजली के करंट से एक किशोर की मौत हुई है। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



पोस्टमार्टम करते परिजन

### लगमा पैक्स में धान अधिप्राप्ति के मामले में बड़ी अनियमितता कार्रवाई का निर्देश, जिला सहकारिता पदाधिकारी ने एक पत्र जारी कर दिया निर्देश

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत लगमा पैक्स में धान अधिप्राप्ति के मामले में बड़ी अनियमितता सामने आई है। हालांकि इस, दौरान डीसीओ द्वारा लगाए गए आरोपों की अभी तक जांच नहीं की गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने सोनवर्षा के बीसीओ सचीन कुमार को पत्र के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा है की लगमा पैक्स द्वारा खरीफ विपनण वर्ष 25-26 में कुल 663,860 क्विंटल धान की खरीद की गई है। जिसका समतूल्य 451,425 एमटी होता है। लेकिन विभागीय पोर्टल पर अपलोड आंकड़े से पता चलता है की उक्त पैक्स द्वारा अभी तक मात्र 289,426 एमटी सीएमआर की आपुर्ति एसएफसी सहरसा को किया गया। ऐसे में अभी लगमा पैक्स द्वारा 162 एमटी सीएमआर एसएफसी सहरसा को आपुर्ति किया जाना शेष है। जो 5,58 लॉट धान के बराबर है।

## जिला स्तरीय रेड रन-2026 का सफल आयोजन, 12 महाविद्यालयों के 70 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में रेड रन 2026 के अंतर्गत बुधवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में जिला स्तरीय रेड रन-2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 12 महाविद्यालयों से कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अशोक कुमार सिंह, छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ0 उमाशंकर चैधरी, रेड रिबन क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ. विवेक कुमार, वित्त पदाधिकारी कृष्ण कुमार तथा मुख्य सतर्कता पदाधिकारी प्रो.नरेश कुमार यादव ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने युवाओं से एच.आई.वी. एड्स के प्रति जागरूक रहने, नशामुक्त जीवन अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेड रन केवल एक दौड़ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को स्वास्थ्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और जन-जागरूकता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता के समापन पर शीर्ष तीन छात्र एवं शीर्ष तीन छात्राओं को विजेता घोषित किया गया। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अमरेश कुमार (टी.पी. कॉलेज), द्वितीय स्थान रंजीत कुमार (यू.वी.के. कॉलेज, करामा) तथा तृतीय स्थान अमित कुमार (यू.वी.के. कॉलेज, करामा) ने प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान कुमकुम कुमारी (यू.वी.के. कॉलेज, करामा), द्वितीय स्थान प्रिया कुमारी तथा तृतीय स्थान सिमरन कुमारी (मधेपुरा विमेंस कॉलेज) ने हासिल किया। सभी विजेताओं को विजेता प्रमाण-पत्र तथा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में टी.पी.कॉलेज के एन.सी.सी. पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गुड्डू कुमार, मधेपुरा कॉलेज के एन.सी.सी.पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गौतम कुमार, टी.पी.कॉलेज के एन.एस.एस.कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, यू.वी.के.कॉलेज, करामा के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. संजीत कुमार झा, मधेपुरा विमेंस कॉलेज की एन.एस.एस.कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.नीलू कुमार, टी.पी.कॉलेज के प्रो.विजय कुमार, यू.वी.के.कॉलेज, करामा के अभिषेक कुमार आचार्य तथा पटना से आए बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के रिसोर्स पर्सन शिवम कुमार ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग से ताहशीन अख्तर, यू.वी.के.कॉलेज, करामा के एन.एस.एस.कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.संजीत कुमार झा, टी.पी.कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.राकेश कुमार, प्रो. विजय कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को एच.आई.वी.ध्एड्स की रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार, नशा मुक्ति, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।



चयनित छात्र-छात्रा एवं अतिथि

# मानसी और चौथम को मिले डिग्री कॉलेज

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया।** खगड़िया सदर विधानसभा क्षेत्र के मानसी प्रखंड को लंबे इंतजार के बाद राजकीय डिग्री कॉलेज की सौगात मिल गई। कॉलेज के उद्घाटन के अवसर पर खगड़िया सदर के कैप्सन-पिंक बस को रवाना करते विधयक उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारना होता है और मानसी में डिग्री कॉलेज की स्थापना उसी संकल्प का परिणाम है।

मानसी के घरारी स्थित नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों से वादा किया था कि यदि जनता उन्हें अवसर देगी तो मानसी में उच्च शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद इस विषय को प्राथमिकता देते हुए विधानसभा के

## अब स्नातक की पढ़ाई के लिए नहीं जाना होगा दूर



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक, डीएम व अन्य।

**जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व जनता से किए वादों को धरातल पर उतारना होता है और मानसी में डिग्री कॉलेज की स्थापना उसी संकल्प का परिणाम है।**

बजट सत्र में शून्यकाल के दौरान सरकार के समक्ष मजबूती से रखा। लगातार प्रयास और विभागीय स्तर पर फॉलोअप के बाद सरकार ने इस मांग को गंभीरता से लिया और कॉलेज की स्थापना की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। विधायक ने कहा कि मानसी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अब तक स्नातक की पढ़ाई के लिए खगड़िया जिला मुख्यालय या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। विशेष रूप से छात्राओं के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण थी।

विधायक ने कहा कि वे केवल घोषणाओं की राजनीति में विश्वास नहीं करते, बल्कि जो भी वादा जनता से करते हैं, उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करते हैं। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी विक्रम विरकर, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गोंड, मानसी के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत, जदयू प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, जदयू मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद, भाजपा नेता जितेंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम समाप्ति के बाद विधायक ने मानसी में संचालित होने वाली पिंक बस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने बताया कि यह बस मानसी प्रखंड में चलेगी और महिलाओं के लिए विशेष सेवा देगी।

## मुख्यमंत्री ने लाइव वेबकास्ट के माध्यम से किया डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के पहाड़चक गांव में डिग्री कलेज का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया। उद्घाटन समारोह को लेकर स्थानीय एवं प्रखंड प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिसर के सभा हल में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी तथा लोगों के बैठने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे। सभी ने लाइव वेबकास्टिंग के जरिए मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। संबोधन समाप्त होने के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से डिग्री कलेज का उद्घाटन किया। बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र में यह पहला डिग्री कलेज बनने से लोगों में खासा उत्साह और खुशी देखने को मिली। वर्षो से क्षेत्रवासियों की जिस मांग का इंतजार था, वह अब पूरी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कलेज की स्थापना से अब

**विद्यालय परिसर के सभा हॉल में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने सुना सम्राट चौधरी का संबोधन**

स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस डिग्री कलेज के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी बड़ी राहत मिलेगी। अब अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए शहरों में रहने, आवास, यात्रा और अन्य अतिरिक्तखर्चो का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। छात्र-छात्राएं अपने क्षेत्र में ही ातक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, जिससे शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला भूमि उपसमाहर्ता आलोक कुमार, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ रंजीत कुमार, प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार, षि पदाधिकारी महेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सभा हल में पहुंचकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। कार्यक्रम के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# हाफ एनकाउंटर के बाद दबोचा गया शातिर



घटनास्थल का जायजा लेते एसपी और अन्य पुलिस अधिकारी।

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार द्वारा अपराधियों पर सख्ती बरतने के कड़े निर्देष मिलने के बाद खगड़िया पुलिस ने भी अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना ली है। पुलिस की मोबाइल और पिस्टल छिनने के कुछ घंटों में ही जहां आरोपी को धर दबोचा, बल्कि पुलिस के साथ दुबारा घटना दुहराने के प्रयास के बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने हॉफ एनकाउंटर भी किया।

जानकारी के अनुसार, खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसने चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी पर हमला कर उसकी सरकारी पिस्टल और मोबाइल फोन छीन लिया था। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बुधवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिले के पुलिस कप्तान भानु प्रताप सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन कचरा भवन के पास रोड पर पुलिस रूटीन वाहन चेकिंग अभियान चला रही

**पुलिस की पिस्टल और मोबाइल फोन छीनने का आरोप**

थी। मंगलवार देर रात्रि 10 से 11 बजे के बीच वहां तीन संदिग्ध पहुंचे। पुलिस बल ने जब उन्हें रोककर पूछताछ और जांच करने की कोशिश की, तो वे पुलिसकर्मियों से उलझ गए और मारपीट करने लगे। इसी आपाधापी में अपराधियों ने एक पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्टल और मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए बेलदौर थाना अध्यक्ष ने तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसडीपीओ गोगरी, डीआईयू की टीम और स्थानीय थाने की पुलिस को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने रात में ही इलाके में सघन छापेमारी और सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस की तत्परता के कारण मुख्य आरोपी अखिलेश कुमार, जो कि बेलदौर थाना क्षेत्र के कुरबन (वार्ड नंबर 4) का रहने वाला है, को दबोच लिया गया। पुलिस ने उसके पास से छीनी गई सरकारी पिस्टल और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह ने बताया कि जब पुलिस आरोपी को पकड़कर ला रही थी, तो उसने दोबारा पुलिस टीम पर हमला कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे सरेंडर करने को और हथियार फेंकने की चेतावनी दी, लेकिन उसने चेतावनी को नजर अंदाज कर भागने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लया गया। इस मामले में कुल तीन अपराधी शामिल थे। मुख्य आरोपी अखिलेश कुमार की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि उसके परिवार के ही दो अन्य सदस्य, जो इस घटना में शामिल थे, फिलहाल फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का सम्मान करें। उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, रात्रि में पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए ही गश्त और चेकिंग करती है। यदि कोई भी कानून का उल्लंघन करेगा या पुलिस को चुनौती देने की कोशिश करेगा, तो पुलिस की तरफ से इसी तरह की कड़ी और सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नन्हकू मंडल बहियार में मिनीगन फैक्ट्री उद्भेदन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने नन्हकू मंडल बहियार में मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। एसपी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि अभ्यास यादव, सा- नन्हकू मंडल टोला, थाना- मुफस्सिल नन्हकू मंडल बहियार में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का संचालन कर अवैध हथियार का निर्माण और कर बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस नन्हकू मंडल बहियार मंजीरा के खेत में छापेमारी कर आगेयास्त्र निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों को बरामद किया। अभ्यास यादव खेत में लगी फसल एवं नदी का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि छापेमारी में लोहे का देशी कट्टा जिसके बट की लम्बाई करीब 04 अंगुल, बॉडी की लम्बाई करीब 05 अंगुल तथा बैरल की लम्बाई करीब 06 अंगुल, मशीन- एक पीस, हैण्ड ड्रिल मशीन-एक पीस, ब्लेड लगा हुआ हेक्सा- एक पीस, लकड़ी का करीब 12 इंच लम्बा और 05 इंच चौड़ा शीट- एक पीस, लोहे के चदरा का करीब 12 इंच लम्बा और 4 इंच चौड़ा शीट- एक पीस,लोहे का मुड़ा हुआ चदरा आदि बरामद किया गया है।

# पांच माह बाद सुलझी नवादा घाट पर मिली लाश की गुत्थी

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा घाट पर चार मार्च को मिले अज्ञात युवक के शव की गुत्थी करीब पांच माह बाद सुलझ गई है। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों ने सोमवार को चौथम थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया। इस मामले में मृतक के पिता बहादुर पासवान ने एक महिला समेत 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।

प्राथमिकी के अनुसार, मृतक ओम कुमार पासवान का अंशु देवी से प्रेम संबंध था। आरोप है कि 3 मार्च को अंशु देवी ने फोन कर बकाया रुपये लौटाने के बहाने ओम कुमार को बुलाया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि कुछ माह बाद एक स्थानीय पत्रकार ने उन्हें 4 मार्च को नवादा घाट से मिले अज्ञात शव की तस्वीर दिखाई। तस्वीर देखते ही बहादुर पासवान ने उसकी पहचान अपने पुत्र ओम कुमार पासवान के रूप में की। इसके बाद परिवार ने अपने स्तर पर मामले की छानबीन शुरू की और जानकारी जुटाने के बाद चौथम थाने में

**अवैध संबंध के कारण मारा गया था ओम कुमार पासवान**

प्राथमिकी दर्ज कराई। आवेदन में अंशु देवी, उसके पति संजय चौधरी सहित कुल 12 लोगों पर हत्या में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है।

चार मार्च को नवादा घाट पर युवक का शव मिलने की सूचना पर चौथम थाने की पुलिस ने उसका पोस्टमॉर्टम कराया था। पहचान नहीं होने के कारण शव को अज्ञात मानकर आगे की कार्रवाई की गई थी। चौथम थाने के पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा शव की पहचान ओम कुमार पासवान के रूप में कर ली गई है। प्रथम दृष्टया मामला कथित अवैध संबंध से जुड़े विवाद का प्रतीत होता है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवा में पदोन्नति मिलने पर सहकर्मियों में खुशी

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना में दफ्तरी के पद पर कार्यरत पुलिसकर्मी संतोष कुमार के सब-इंस्पेक्टर (एसआइ) पद पर पदोन्नत होने से थाना परिसर में खुशी का माहौल है। सहकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार वर्ष 2010 में सामान्य पुलिस (पीसी) के रूप में बिहार पुलिस में नियुक्त हुए थे। लगभग 16 वर्षो की सेवा के दौरान उन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, प्रशासनिक दक्षता, ईमानदारी और अनुशासित कार्यशैली से अपनी अलग पहचान बनाई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा तथा प्रशासनिक कार्यो के सफल निर्वहन को देखते हुए उन्हें सब-इंस्पेक्टर (एसआइ) पद पर पदोन्नत किया गया है। सहकर्मियों का कहना है कि संतोष कुमार ने हमेशा विभागीय आदेशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनकी पदोन्नति से चौथम थाना के सभी पुलिसकर्मियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### खजरैठा में घर से 45 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत भरतखंड थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खजरैठा गांव से एक तस्कर को 45 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खजरैठा निवासी विनय चौधरी के पुत्र अक्षय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के घर में छापेमारी की, जहां से विभिन्न ब्रांड की कुल 45 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। भरतखंड थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर से शराब जब्त की। मौके से अक्षय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी प्रहार माना जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जीविका से जुड़कर अंजलि बनीं लखपति दीदी




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के चौथम थाना क्षेत्र के बोरने पंचायत के नोरंगा गांव की रहनेवाली अंजलि कुमारी जीविका से जुड़कर अपने जीवन में काफी बदलाव लायी है। अंजली कुमारी जीविका में जुड़ने से पहले एक साधारण गृहिणी थी। इनके पति दूसरे के यहां फर्नीचर बनाने का काम करते थे, जिससे इनकी मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं हो पाती थी और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। और इनके पति को बिहार से बाहर मजदूरी करने के लिए जाना पड़ता था। जीविका से जुड़कर इन्होंने ऋण लेकर लकड़ी की दुकान खोली। जिसमें उन्होंने दो से तीन बार में 1 लाख रुपए तक लोन लेकर क्रमशः अपने रोजगार में लगाया और दुकान का विस्तार किया। बैंक के द्वारा और समूह के सहयोग से इन्हें लखपति चुना गया और एक लाख की राशि दी गई, जिसे इन्होंने अपने दुकान में निवेश किया और अब कुछ और लोगों को भी मिस्त्री के रूप में काम पर रखा। वही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से प्राप्त 10 हजार रुपए को भी इन्होंने अपने व्यवसाय में निवेश किया, जिससे इन्हें दुकान में पूंजी निवेश और लाभ वृद्धि में मदद मिली। वर्तमान में इनके दुकान में टेबल, कुर्सी, चौकी एवं अन्य लकड़ी से बने सामानों की बिक्री की जाती है और कभी कभी अर्डर भी लिया जाता है। अंजली जीविका के सहयोग के बारे में बताते हुए कहती हैं कि पहले इनके पति बाहर कमाने जाते थे और आज इनके पास दूसरे लोग भी काम करते है। अभी इनकी प्रत्येक दिन की कमाई 1500 से 1800 हो जाती हैं ।

# फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** कुर्वन पंचायत में अपराधियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान भानु प्रताप सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते मंगलवार की रात बेलदौर पुलिस कुर्बन पंचायत के कचरा भवन के समीप रात्रि गश्ती के दौरान वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को जांच के लिए रोका गया। तीनों युवक नशे की हालत में थे। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू की, तो उन्होंने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था और उनकी सरकारी पिस्तौल छीनकर भागने लगे। हालांकि



पुलिस की तत्परता के कारण एक युवक को छीनी गई पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी भानु प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया, जिसके बाद फरेंसिक टीम ने मौके से खून के सैंपल और अन्य साक्ष्य एकत्र किए।

# आपदा के मुआवजे को लेकर लगाया जाएगा विशेष शिविर

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन परिसर में संचालित अंचल कार्यालय में आपदा मुआवजा से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए 16 जुलाई को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंचलाधिकारी रवि राज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर इस विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य ऐसे आपदा पीड़ित परिवारों की सहायता करना है, जिन्हें अब तक सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि प्रातिक आपदाओं, विशेषकर वज्रपात, बाढ़, आंधी-तूफान या अन्य आपदाओं में मृतकों के आश्रितों के लंबित मामलों का शिविर में प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। पात्र परिजनों से आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्राप्त कर मामलों का त्वरित सत्यापन किया जाएगा, ताकि उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। अंचलाधिकारी ने सभी संबंधित परिवारों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर आवेदन जमा करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही परीक्षण कर पात्र मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

# 15 अगस्त तक राशन कार्ड में जुड़ेंगे वंचित लोगों के नाम

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** राशन से वंचित रह गए परिवारों के लिए राज्य सरकार 15 जुलाई से 15 अगस्त तक नए नाम जोड़ने और छूटे नामों को शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाएगी। यह जानकारी अनुश्रवण समिति की बैठक में दी गई। बैठक आईटी भवन के अंचल कार्यालय में हुई। अंचलाधिकारी ने बताया कि वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि एक महीने में सभी पोषक क्षेत्र के लाभार्थियों के नए नाम जुड़वाए जाएं और छूटे हुए नाम भी शामिल किए जाएं। अंचलाधिकारी ने कहा कोई भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित नहीं रहेगा। पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन लिए जाएंगे। 15 अगस्त के बाद आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। बैठक में बीपीआरओ प्रमोद पासवान ने आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी दी। निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पारिवारिक संयुक्त फोटो, बिजली बिल के साथ सभी कागजात की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी लगानी होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे।

# दो फरार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के दो फरार अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बन्देहरा निवासी स्व0 मेदो यादव के पुत्र सिकंदर यादव और खड़ौआ निवासी रविंद्र कुमार के पुत्र चंदा कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों लंबे समय से मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे थे और पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी अपने-अपने घर पर छिपे हुए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और दोनों को उनके घरों से ही गिरफ्तार कर



लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों से आवश्यक पूछताछ की और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके उपरांत, न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और फरार चल रहे अन्य अपराधियों की धर-पकड़ के लिए भी अभियान जारी रहेगा।

# अलनीनो पर केवीके में चला जागरूकता कार्यक्रम

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** कृषि विज्ञान केंद्र में अलनीनो के बारे में जानकारी के लिए किसानों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केवीके के वरीय वैज्ञानिक एनके सिंह ने बताया अलनीनो जटिल जलवायु पैटर्न है जो प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के पास समुद्र के पानी के सामान्य से अधिक गर्म होने के कारण उत्पन्न होता है। इसका असर अक्सर क्रिसमस के आसपास महसूस किया जाता है। सामान्य परिस्थितियों में प्रशांत महासागर में चलने वाली हवाएं गर्म पानी को एशिया की तरफ धकेलती हैं, लेकिन अलनीनो के दौरान ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं या विपरीत दिशा में बहने लगती हैं। इसके




परिणामस्वरूप, गर्म पानी अमेरिकी तट की ओर बढ़ने लगता है, जिससे वैश्विक हवाओं का रुख और मौसम का चक्र पूरी तरह बदल जाता है। भारत पर अलनीनो का बहुत गहरा और नकारात्मक असर पड़ता है, विशेषकर देश की कृषि और अर्थव्यवस्था पर। इसके प्रभाव से भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर हो जाता है, जिससे देश के कई हिस्सों में सामान्य से बहुत कम बारिश होती है या सूखे जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। मानसून में देरी या कमी के कारण खरीफ फसलों, जैसे धान, मक्का और गन्ने की बुवाई और पैदावार पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में 'किसान सारथी' पोर्टल भारतीय किसानों के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म कृषि विज्ञान केंद्रों और किसानों के बीच सेतु का काम करता है, जिससे किसान अलनीनो जैसी स्थितियों में सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से किसान मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर अपनी फसलों की रणनीति बदल सकते हैं, जैसे कम पानी वाली फसलों का चुनाव करना या सिंचाई की आधुनिक तकनीक अपनाना। इसके अतिरिक्त किसान कृषि विशेषज्ञों से फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और सूखे के दौरान बचाव के तरीकों पर सीधे परामर्श ले सकते हैं। यह पोर्टल किसानों को समय पर सलाह प्रदान करके न केवल उनकी फसलों को संभावित नुकसान से बचाने में मदद करता है, बल्कि उन्हें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल खेती करने के लिए सशक्त भी बनाता है। कार्यक्रम में सस्य वैज्ञानिक जितेंद्र कुमार, उद्यान वैज्ञानिक रूपम रानी, इं धनंजय पासवान दास, कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक, आत्मा गोगरी के अध्यक्ष अरुण

## संक्षिप्त खबरें

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ष्णा उर्फ तांती, पिता यदु तांती, निवासी नयागांव, बड्डीपाड़ा, ईस्ट कलोनी, जमालपुर के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की कार्रवाई जमालपुर थाना में पदस्थापित पीटीसी राजीव पासवान के नेतृत्व में की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।जमालपुर पुलिस ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी रहेगी।

### दनियावां में स्नातक शिक्षा का शुभारंभ

**दनियावां (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय .2 हाई स्कूल सिंगरियावां में नए सत्र से ।तक शिक्षा का शुभारंभ हुआ।इस मौके पर महाविधालय का लोकार्पण और उद्घाटन कार्य स्थानीय लोजपा विधायक अरुण कुमार एवं प्राचार्य प्रो खालिद अहमद ने किया।प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय को आठ कमरे मिले है।जबकि अर्थशास्त्र विभाग में एक शिक्षक सीमा कुमारी तथा एक शिक्षकेतर कर्मी पंकज कुमार ने भी योगदान दिया है।मौके पर बीडीओ प्रियंका कुमारी, मुखिया रूबी कुमारी,प्रो कीर्ति,प्रो उमेश प्रसाद,भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीपीएससी से चयनित आपूर्ति निरीक्षक को विधान सभाध्यक्ष ने किया सम्मानित

**दनियावां।** दनियावां निवासी युवक निशेष निशांत के बीपीएससी 70वीं में आपूर्ति निरीक्षक पद पर चयन होने पर विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय में प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### पुनपुन नदी से अधेड़ का शव बरामद

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के नरैना फोरलेन स्थित पुनपुन नदी से बुधवार फतुहा पुलिस ने एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश बरामद की है। उसके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं हैं। पुल के पास उसकी स्कूटी भी खड़ी थी। ग्रामीणों के अनुसार यह स्कूटी दो-तीन दिन से यहीं पर खड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया एवं स्कूटी को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि स्कूटी से उसकी पहचान पटनासिटी डंका इमली निवासी रामलखन प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। वह डेकोरेशन का काम करता था तथा उसके ऊपर भारी कर्ज था। वह पिछले 13 जुलाई से अपने घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदी की रिपोर्ट आलमगंज थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस हत्या और आत्महत्या के पहलुओं पर जांच कर रही है।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** नदी थाने की पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ बुधवार की सुबह गुलमहियाचक से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि बुधवार की सुबह सबलपुर में चेकिंग लगाई गई थी तभी बाइक सवार दो लोग पुलिस को देख भागने लगे। गश्ती पुलिस द्वारा उनलोगों को खदेड़कर पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि दोनों चोरी की बाइक से किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। पुलिस गिरफ्त में आए लोगों की पहचान वैशाली राघोपुर निवासी सोनू कुमार और दीदारगंज निवासी गोरख राय के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### दिनदहाड़े युवक को घायल मामले में पुलिस के हाथ खाली

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** मंगलवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर अपराधियों द्वारा एक फल विक्रेता को धारदार हथियार से घायल करने के मामले में 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बुधवार को डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने बताया कि घायल का बयान आने या फिर परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिसिया कार्रवाई में ही इस घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस के अनुसार फिलहाल घायल फल व्यवसायी का इलाज पटना में चल रहा है और वह अभी बयान देने में असमर्थ है। वहीं थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि किसी के द्वारा अभी थाने में केस नहीं किया गया है। पुलिस अपने स्तर से आगे की कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि मंगलवार को स्टेशनरोड स्थित किराए के मकान के तीसरी मंजिल पर रहने वाले 40 वर्षीय फलविक्रेता बिनोद साव को सोए अवस्था में दिनदहाड़े अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। गम्भीर रूप से घायल विनोद साव का फिलहाल पटना में इलाज जारी है।

# स्टेशन पर 30 .24 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईबी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 30 लीटर 240 एमएल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा को गोपनीय सूचना मिली थी कि गोड्डा-टाटा एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा, सहायक उप निरीक्षक यतेन्द्र पाठक एवं आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के कांस्टेबल अनोज यादव के साथ रेलवे स्टेशन पर निगरानी कर रहे थे।ट्रेन के प्लेटफर्म संख्या-2 पर पहुंचते ही टीम की नजर



बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

एस-2 कोच से दो पिट्ठू बैग और एक झोला लेकर तेजी से फुट ओवरब्रिज की ओर बढ़ रहे एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर युवक भागने लगा, लेकिन संयुक्त टीम ने पीछा कर उसे फुट ओवरब्रिज के समीप दबोच लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल कुमार निवासी लाल दरवाजा, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर बताया। आसपास मौजूद यात्रियों से तलाशी के दौरान स्वतंत्र गवाह बनने का अनुरोध किया गया, लेकिन किसी के आगे नहीं आने पर नियमानुसार पुलिस टीम के सदस्यों की मौजूी में तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान दोनों बैग और झोले से अफिसर्स चइस ओरिजिनल व्हिस्की के 180 एमएल के कुल 168 टेट्रा पैक बरामद हुए। बरामद शराब की कुल मात्रा 30 लीटर 240 एमएल आंकी गई।

इसके बाद बरामद शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया गया। मामले में मध्य निषेध एवं उत्पाद थाना मुंगेर में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## तीन पंचायत मैं चल रहे विकास कार्य का बीडीओ ने किया समीक्षा

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर प्रखंड के तीन पंचायत में चल रहे विकास कार्य को देखने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी इन्द्ररूख पश्चिमी, परहम और सिंघिया पंचायत पहुंचकर समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने चल रहे प्रगति कार्य को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी एवं पंचायत



पंचायत में चल रहे कार्यो का समीक्षा करते बीडीओ।

सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इन्द्ररूख पश्चिमी पंचायत में बीडीओ ने बताया कि मध्य विद्यालय हेरू दियारा में सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, जब कार्ड और भू-राजस्व से जुड़ी समस्याओं का एक ही जगह पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। बीडीओ ने पंचायत सेवक को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।इसके बाद परहम पंचायत पहुंचकर बीडीओ ने निर्माणाधीन अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने काम में तेजी लाने को कहा। बताया कि यहां कचरे से जैविक खाद तैयार होगी जिससे किसानों को लाभ मिलेगा।अंत में सिंघिया पंचायत में इकाई के लिए चयनित स्थल का जायजा लेकर जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए।

## छठ से पहले तैयार होगा काली पहाड़ी नहर का सौंदर्यीकरण, मुख्य पार्षद ने किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद जमालपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में काली पहाड़ी नहर के सौंदर्यीकरण कार्य को छठ महापर्व से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद की टीम के साथ निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद ने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा की जानकारी ली। कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने बताया कि छठ पर्व से पूर्व नहर के सभी सीढ़ी घाटों का निर्माण, आकर्षक लाइटिंग तथा



निरीक्षण करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी एवं अन्य।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि कार्य को निर्धारित समय पर पूरा कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि काली पहाड़ी नहर का सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद यह जिला का सबसे आकर्षक छठ घाट बनेगा। यहां वतियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित सीढ़ी घाट, बैठने की व्यवस्था, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध रहेगा।उन्होंने कहा कि यह स्थल केवल छठ पूजा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुबह-शाम टहलने, व्यायाम करने और स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। नगर परिषद शहर को ष्ग्रीन एंड क्लीनष बनाने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ा रहा है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी सोनम राज, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, आलोक कुमार, नगर परिषद कर्मी प्रेम शंकर, सत्यनारायण सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।

## सड़क पार कर रहे मजदूर का वाहन से टकराने पर मौत

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के पीतांबरपुर गांव के समीप बुधवार की शाम फोरलेन पार करने के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से पचरुखिया थाना क्षेत्र के लसगरी चक निवासी संजीव राम के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, संजीव राम बुधवार को मजदूरी का काम खत्म कर पैदल ही फोरलेन पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना को लेकर दो अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीतांबरपुर के पास एक पार्सल ट्रक ने संजीव को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, दूसरी चर्चा के अनुसार, किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक संजीव राम के वर्तमान निवास को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ स्थानीय सूत्रों का कहना है कि वे इन दिनों अपने ससुराल में रह रहे थे और पीतांबरपुर में खेत की रोपणी का काम कर लौट रहे थे। वहीं, अन्य चर्चाओं के अनुसार, वे सोनारू गांव में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहकर मजदूरी करते थे और काम निपटाकर घर लौट रहे थे। मृतक की उम्र 35 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है।घटना के संबंध में फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

### श्री महामाया शक्तिधाम मंदिर के चतुर्थ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम शुरू

**जमालपुर (मुंगेर)।** श्री महामाया शक्तिधाम मंदिर मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर के चतुर्थ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ। इधर मंदिर परिसर से निकाली गई शोभा यात्रा टिप



कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

टप गली, सदर बाजार, बंशीधर मोर जुबली बेल, स्टेशन रोड होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर समापन हुआ। इस बीच कलश शोभा यात्रा का स्वागत अभिनंदन शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर धर्म प्रेमियों ने किया। इधर कलश शोभा यात्रा के बाद संध्याकालीन सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भी किया गया।श्रीमद् भगवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन को भव्य बनाने को लेकर वृंदावन से कथा वाचिका पूज्य ड लवी मैत्रीय जी अपने पूरे टीम के साथ कथा वचन करते हुए माहौल को भक्ति में किया। वही मंदिर के स्थापना दिवस पुजनों महोत्सव के मुख्य यजमान महेश जी संघई के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए देश समाज में अमन चौन स्थापित होने की प्रार्थना किया।मौके पर मंदिर के अध्यक्ष जयशंकर शर्मा,मंत्री गिरधर संघई, संयोजक कमलेश खेतान सह संयोजक माधव मस्कारा,गोपाल शर्मा,पवन बुदिया,राजकुमार शर्मा,विकास गर्ग,दिनेश जोशी,प्रकाश पंसारी,गोपाल अग्रवाल,शेखर जलान,श्यामल साह,नूपुर शंघाई,लक्ष्मी देवी, ज्योति शर्मा, प्रीति, उमा शर्मा, पुष्पा देवी, उर्मिला देवी एवं समस्त महामाया शक्तिधाम मंदिर के सदस्य एवं सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## बड़ी मात्रा में चोरी के मोबाइल के साथ सरगना सहित चार गिरफ्तार

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** नदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बांसतल इलाके में छापेमारी कर बुधवार को बड़ी मात्रा में चोरी के मोबाइल को बरामद करते हुए मोबाइल चोर गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी के 28 एंड्राइड मोबाइल बरामद किए हैं है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपितों की पहचान बांसतल निवासी राहुल कुमार, सनी कुमार और झारखंड के साहिबगंज निवासी अजहर अंसारी और नूर आलम के रूप में की गई है। बताया जाता है कि चोर गिरोह के यह सदस्य भीड़भाड़ वाले इलाके में मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और चोरी के मोबाइल को झारखंड ले जाकर बेच देते थे। हैरत की बात यह है कि गिरोह ने नौ-नौ हजार रुपए महीने पर मोबाइल चोरी करने वालों को भी हायर कर रखा था। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद दोनों ने इस बात का खुलासा किया। डीएसपी- 1 अवधेश कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# ज्योति कलश रथ के शुभागमन से गूंजे श्रेष्ठ मनुष्यता के निर्माण के संदेश

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश रथ का शुभागमन लौहनगरी में होते ही शंख ध्वनि, पुष्प वर्षा, और शोभा यात्रा के साथ श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों, और बुद्धिजीवियों के द्वारा भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया गया।रथ फुलका फरीदपुर फाड़ी, नया टोला, केशोंपुर, फरीदपुर, हीरा चौक, भारत माता चौक, ईंह रोड, गुरुद्वारा का परिभ्रमण करते हुए चौती दुर्गा स्थान,मोसमतिया तालाब पहुंचा। जहां संध्याकालीन दीप यज्ञ में 157 श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रथ के सारथी और शांतिकुंज हरिद्वार के दूत सुजीत कुमार ने नवयुग के संविधान 18सूत्री सत् संकल्प का पाठ करते हुए आत्म परिवर्तन से युग परिवर्तन,सद् व्यवहार की महत्ता,आरोग्य, राष्ट्रीय और सामाजिक दायित्व के बारे में भी बताया। महिला प्रतिनिधि नीलम भगत ने गायत्री परिवार के अभियान ष्आओ गढें संस्कारवान पीढ़ीश और ष्कन्या किशोर कौशल



श्रद्धालुओं का स्वागत करते गायत्री परिवार।

अभिवर्धनष को के बारे में बताते हुए कहा कि संस्कारित पीढ़ी ही समाज को सभ्य और राष्ट्र को समर्थ बनाते हैं। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्री ष्णा चंद्र चौरसिया ने बताया कि गायत्री माता की भक्ति और ऋषि साहित्य के अध्ययन से जीवन की समस्याएं सुलझती हैं।उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने दीप यज्ञ संपन्न कराते हुये बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा देव संसति की विजय की उद्घोषणा है और गायत्री की उपासना से मानव में देवत्व का जागरण होता है।युग गायक वीरेंद्र मिश्र और विकास कुमार द्वारा भक्ति और प्रेरणा के संगीत की सुरीली प्रस्तुति हुई।उत्तम कार्य के लिये आयोजन समिति के द्वारा कार्यकर्ताओं को शाल और युग साहित्य के उपहार के साथ सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सविता शर्मा, मुन्नी मिश्रा, प्रखर मिश्रा, राजीव नायर, विपिन कुमार चौरसिया, भोला प्रसाद, राजनाथ मंडल, अंजनी कुमारी, सुनीता देवी, सुमित कुमार, शैलेंद्र कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### दिनदहाड़े कोढ़ा गैंग का धावा, ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग से एक लाख रुपये भरा बैग झपटकर फरार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ शहर में कोढ़ा गैंग एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मंगलवार को भुवनेश्वरी चौकसेशन रोड पर दिनदहाड़े नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने ई-रिक्शा से स्टेशन की ओर जा रहे एक बुजुर्ग से एक लाख रुपये से भरा बैग झपट लिया और देखते ही देखते फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित की पहचान अरविंद कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह किसी आवश्यक कार्य से नकदी लेकर ई-रिक्शा से स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने ई-रिक्शा के समीप पहुंचकर उनके हाथ में रखा बैग झपट लिया और तेज रफ्तार से फरार हो गए। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले अपराधी आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। घटनास्थल तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाढ़ शहर में कोढ़ा गैंग की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। विशेष रूप से बैंक से पैसा निकालकर लौटने वाले लोगों और ई-रिक्शा या पैदल चल रहे यात्रियों को निशाना बनाया जा रहा है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने लोगों से बड़ी राशि लेकर यात्रा के दौरान सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

### ओवर टेक में स्कार्पियो ने मारी पलटी चालक जख्मी

**सोनपुर (एनएसबी)** बाकरपुर बाजार के समीप ट्रक से आगे निकलने के चक्कर में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने खड़ी ट्रक में धक्का मारते हुए पलटी मारी। इस दुर्घटना में स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं स्कार्पियो का चालक बुरी तरह जखघ्मी हो गया। कुछ देर के लिए सोनपुर-छपरा मुख्य सड़क जाम हो गया। सोनपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और स्कार्पियो चालक अस्पताल भेजा और आवागमन चालू की । वहीं लोगों और राहगीरों ने कहा कि सब्जी मंडी होने के कारण सड़क की दोनों ओर छोटी-बड़ी वाहनों की लम्बी कतार लगी रहती है। जिसके कारण राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। छोटी-बड़ी दुर्घटना आए दिन होती रहती है। मुख्य सड़क होने के कारण बड़ी संख्या वाहनों का आने-जाने सिलसिला लगातार जारी रहता है। वहीं यातायात व्यवस्था है ही नही। बड़े-बड़े अधिकारियों और मंत्री महोदय आए दिन इस मार्ग आने का सिलसिला जारी है। पुलिस वाहन सायरन बजाती मंत्री महोदय से लेकर अधिकारी महोदय की पासिंग कराती नजर आती है। लोग यह पुंछ रहे हैं सोनपुर शहर की मुख्य सड़क का कब सुधरेगी यातायात व्यवस्था।

### शहर से गांव में शराब बंदी के बावजूद नहीं थमा शराबी और कारोबारी

**सोनपुर (एनएसबी)** शहर से लेकर गांव की कई मोहल्लों और चौक-चौराहा पर बिचौलियों सक्रिय हैं। जिनके माध्यम से अंग्रेजी शराब मिलती है। आए दिन यह लोगों के बीच सबसे बड़ी चर्चा का महत्वपूर्ण मामला बन गया है। तीन थाना क्षेत्रों में शराब कारोबार फैली है। सरकार की शराब बंदी नियमावली का भय नहीं है। और दर-किनार कर बेखौफ कारोबार का संचालन में निम्नवर्गीय मजदूर किस्म लोग सहित नये युग के युवकों का सक्रिय देखा गया है। तीन थाना क्षेत्र शराब कारोबारी का एक ऐसी जाल फैला रखा है कि पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई। यहां तक कि सड़क पर बेसुध पड़े नशा टूटने के इंतजार में सड़क किनारे दिन और रात गुजारते देखा जा सकता। सबसे बड़ी बात यह जबकि शराब बेचना और पीना अपराध की श्रेणी है। इसके बावजूद भी पियक्कड़ों की ताड़ी दूकान भीड़ लगी रहती है। ताड़ी के साथ-साथ शराब भी बड़ी आसानी से मिल जा रही है।

### टेम्पो और कार के आमने-सामने टक्कर में आधा दर्जन जखमी

**सोनपुर (एनएसबी)** पहलेजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत जेपी सेतू सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की कहर ने कार और टेम्पो की आमने-सामने टक्कर में टेम्पो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह जखघ्मी हो गया। टक्कर इतनी भयानक थी कि जोरदार आवाज सुन लोगों की भीड़ से सड़क जाम हो गया और राहगीरों की भीड़ लग गई। तब-तक पहलेजा थाना की पुलिस भी आ गई। देखते-देखते टेम्पो सवार के चौसिया गांव से परिजन भी आ गए। सड़क पर कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन में जख्मी को अस्पताल की ओर भागे। वहीं लोगों ने कहा कि सभी सवार चौसिया गांव के रहने बाले थे। घटना स्थल से एक किलोमीटर पर चौसिया गांव है। लोगों ने यह भी कहा कि कार पर पुलिस लिखा था। पहलेजा थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टी करते हुए कहा कि किसी ने आवेदन नहीं दिया। दोनों वाहन अभी कब्जे में है।


### कथित वायरल वीडियो पर गिरी गाज अथमलगोला थाने की महिला दरोगा निलंबित

#### सोशल मीडिया पर वायरल कथित बयान के बाद विभागीय कार्रवाई की चर्चाय पुलिस विभाग की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**अथमलगोला थाना में पदस्थापित एक महिला दरोगा को सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित वीडियो और बयान के मामले में निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार महिला दरोगा के खिलाफ प्रारंभिक विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया गया है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति या आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित वीडियो में महिला दरोगा को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि, ष्हम प्रधानमंत्री से भी नहीं डरते, उनको भी काम होगा तो फोन करेंगे, प्रभारी डरते होंगे, हम नहीं।ष इस कथित बयान के वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई और मामला चर्चा का विषय बन गया।गौरतलब है कि हाल के दिनों में अथमलगोला थाना लगातार विभिन्न कारणों से सुर्खियों में रहा है। इससे पहले भी इसी थाने के एक अन्य दरोगा का वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय कार्रवाई की गई थी। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने थाना की कार्यशैली और अनुशासन को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।पुलिस सूत्रों का कहना है कि विभाग अनुशासनहीनता और सेवा आचरण से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेता है तथा प्रत्येक मामले की जांच तथ्यों के आधार पर की जाती है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि इस प्रकरण में विभाग की ओर से आधिकारिक रूप से क्या जानकारी और आगे की कार्रवाई सामने आती है।

### संघर्ष से संगठन तक : जदयू जिला प्रवक्ता संजय यादव ने बनाई अलग पहचान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल (यूनाइटेड) के जिला प्रवक्ता संजय यादव का राजनीतिक सफर निरंतर संघर्ष, सक्रिय जनसंपर्क और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण माना



संजय कुमार, जिला प्रवक्ता बाढ़।

जाता है। लंबे समय से पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर भागीदारी और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत संवाद के कारण उन्होंने पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाई है। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें जिले के प्रमुख युवा चेहरों में शामिल किया है। संजय यादव का कहना है कि राजनीति उनके लिए केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे।जदयू कार्यकर्ताओं का मानना है कि संजय यादव का संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सक्रिय कार्यशैली से पार्टी को निरंतर मजबूती मिल रही है।

# चांदी में फरार आरोपी व पक्सो एक्ट के आरोपी दबोचे गए

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के चांदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार एक आरोपी समेत पक्सो एक्ट के एक अभियुक्त को गिरतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के नरही गांव में छापेमारी कर विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे प्रभंजन सिंह उर्फ भजन सिंह को गिरतार किया। वह नरही गांव निवासी शशिभूषण सिंह का पुत्र है। थानाध्यक्ष के अनुसार गिरतार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी करीब एक दर्जन मामलों में जेल जा चुका है। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने पक्सो एक्ट के एक मामले में फरार अभियुक्त चंदन कुमार को गोपालपुर गांव से गिरतार किया। वह मुना शर्मा का पुत्र है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में उसे उसके गांव से दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## करनामेंपुर में दो फरार कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** करनामेंपुर थाने की पुलिस ने फरार अपराधियों एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लंबे समय से फरार दो कुर्की वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में रामकरही गांव निवासी नथूनी यादव तथा ईश्वरपुरा गांव निवासी रघुनाथ तिवारी शामिल हैं। दोनों आरोपित न्यायालय द्वारा जारी कुर्की वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा फरार अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सीएचसी के ई. पंकज कुमार को दी विदाई



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** सीएचसी गड़हनी में ब्लॉक एमएंडई पंकज कुमार के स्थानांतरण पर बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील महेंद्र कपूर की देखरेख में संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों ने पंकज कुमार को अंगवस्त्र, गुलदस्ता एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कार्यकुशलता, अनुशासन और सहयोगात्मक व्यवहार से स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पंकज कुमार ने भी सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दो वाहनों से छह लाख की विदेशी शराब जब्त, दो लोग गिरफ्तार

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को सूचना मिली कि ट्रक एवं ऑटो द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर ले जायी जा रही है।

सूचना मिलने के बाद सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर नदी पुल के पास से 10 चक्का ट्रक में बने गुप्त तहखाने से कुल 1152 पीस में कुल 628.200 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। वाहन पर यूपी का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने वाहन के चालक मुजफरपुर जिले के सकरा थाना अंतर्गत बिशनपुर बधनगरी गांव निवासी राहुल कुमार पंडित को गिरफ्तार कर लिया।

एक अन्य मामले में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर गीता थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर मोड़ के पास से ऑटो से 240 पीस में कुल 43.200 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। वाहन पर पटना का निबंधन संख्या संख्या अंकित पाया गया। टीम ने वाहन के चालक पटना जिले के दानापुर थाना अंतर्गत दानापुर गांव निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 6 लाख 35 हजार रुपये आंका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से पटना ले जाया जा रहा था।

छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे। गिरफ्तार व्यक्तियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया है।

### ट्रक और ऑटो से ले जायी जा रही थी शराब




**10 चक्का ट्रक के तहखाने में मिली 1152 पीस में कुल 628.200 लीटर विदेशी शराब**

# चरपोखरी, संदेश और अगिआंव में खुले डिग्री कॉलेज



**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यालय से सटे बरनी मौजा में अवस्थित लाखा इंटर स्तरीय विद्यालय में बुधवार को चरपोखरी डिग्री कॉलेज का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में राष्ट्र गीत एवं राष्ट्र गान के बाद बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी एवं विधायक महेश पासवान ने संयुक्त रुप से कॉलेज का उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने शास्त्रीय स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कॉलेज उद्घाटन के बाद अतिथियों द्वारा विद्यालय के संस्थापक स्व. लाखा बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रसूंजय कुमार सिन्हा के आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। मौके पर भोजपुर जिला उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, पीरो एसडीएम केके उपाध्याय, जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र राय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आजिम अली, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिमलादित्य, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार तथा प्रमुख रामचन्द्र सिंह यादव के अलावा अन्य कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुख्य अतिथि को महिला सशस्त्र बल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** बरनी गांव स्थित लाखा इंटर स्तरीय विद्यालय में दिखा नया नजारा लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। चरपोखरी डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसमें पूर्णतः महिला सशस्त्र बल की भूमिका रही।

### प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज, राज्य सरकार की ऐतिहासिक व दूरदर्शी पहल : राधाचरण



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के राज्य सरकार की प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में भोजपुर जिले के संदेश प्रखंड स्थित राजकीय डिग्री महाविद्यालय में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संदेश के विधायक राधा चरण साह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक राधा चरण साह ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना राज्य सरकार की ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं छात्र-हितैषी पहल है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी इस महत्वाकांक्षी योजना का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर बताया।

### प्रखंड में डिग्री कॉलेज से ग्रामीण छात्रों को मिलेगा उच्च शिक्षा का नया अवसर




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के राज्य सरकार के प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में भोजपुर जिले के अगिआंव प्रखंड स्थित राजकीय डिग्री महाविद्यालय में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके निकट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया, जिससे उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ेगी तथा विद्यार्थियों के समय एवं आर्थिक संसाधनों की बचत होगी।

# विदाई समारोह में झलका अपनापन, नए बीएओ का किसानों ने किया अभिनंदन



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** परिसर स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में स्थानांतरित प्रखंड.षि पदाधिकारी राजन शुक्ला को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं शाहपुर के नवपदस्थापित बीएओ देवानंद रजक का स्थानीय प्रगतिशील किसानों एवं.षि विभाग के कर्मियों ने गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। किसानों और विभागीय कर्मियों ने राजन शुक्ला के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर .षि योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का प्रयास किया। यहां के किसानों का अपनापन और सहयोग हमेशा उनके दिल में रहेगा। उन्होंने किसानों से आधुनिक खेती अपनाने और सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। नवपदस्थापित बीएओ देवानंद रजक ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र के किसान काफी प्रगतिशील हैं।.षि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों के साथ बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित कर.षि विकास को नई गति देने का भरोसा दिलाया। मौके पर अमित कुमार, अजय पांडे, प्रशांत पांडे, अखिलेश ओझा, राजीव कुमार, पैक्स अध्यक्ष.ष्ण कुमार यादव, समन्वयक सीमा राय, रणधीर गोस्वामी, एटीएम नीतीश कुमार, बीपीएम सिद्धार्थ कुमार, संतोष कुमार सिंह, विश्वकर्मा प्रसाद, रविभूषण कुमार सहित.षि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, प्रगतिशील किसान एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विषैले सांप के डंसने से युवक की हालत बिगड़ी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी थाना क्षेत्र के मंदुरा गांव में बुधवार की सुबह विषैले सांप के डंसने से युवक की हालत काफी बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के मदुरा गांव निवासी दिनेश सिंह का 30 वर्षीय पुत्र रोशन राज है। युवक के परिजन ने बताया कि बुधवार की सुबह वह गांव में स्थित खेत में पटवन करने के लिए गया था। इस दौरान विषैले में सांप ने उसे डंस लिया जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई।

### पुलिस ने कायमनगर उर्दू विद्यालय में चलाया जागरुकता अभियान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक राज के निर्देश पर गीधा थाने की पुलिस ने कायमनगर स्थित उर्दू विद्यालय में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत स्कूली छात्राओं और बच्चों को महिला सशक्तीकरण के तहत उनके कानूनी अधिकार व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावे वर्तमान समय की चुनौतियां जैसे साइबर अपराध (ऑनलाइन फ्रॉड व सोशल मीडिया) के सुरक्षित इस्तेमाल व बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### करंट की चपेट में आने से किशोर घायल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव में विधुत करंट की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल किशोर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी सुनील सिंह का 16 वर्षीय पुत्र पवन कुमार है। इधर, घायल किशोर के परिजन ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह घर में पंखे का तार जोड़ रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हसवाडीह के समीप ऑटो व बाइक की टक्कर, पांच जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के हसवादी गांव के समीप बुधवार की सुबह ऑटो व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार व अटो सवार बुजुर्ग समेत पांच लोग जख्मी हो गए। जिसमे ऑटो सवार बुजुर्ग को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं ऑटो पर सवार तीन एवं बाइक सवार एक अन्य युवक का इलाज परिजन द्वारा अपने स्तर से निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रानी सागर गांव निवासी जगदीश भगत के 45 वर्षीय पुत्र अमरजी भगत एवं चार अन्य लोग शामिल है। इधर, जख्मी अमर जी भगत के परिजन ने बताया कि बुधवार की सुबह वह अटो द्वारा घर से इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान हसवाडीह गांव के समीप विपरीत बाइक सवार से टक्कर हो गई। तब अटो सवार जख्मी अमरजी भगत को इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया।

### पिकअप ने सवारियों से भरी ऑटो में मारी टक्कर बुजुर्ग सहित आधा दर्जन यात्री जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-अरवल मार्ग पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव के समीप बुधवार को पिकअप ने सवारियों से भरी ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार बुजुर्ग समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। इनमें दो को सदर अस्पताल लाया गया जहां से एक को चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव निवासी 70 वर्षीय सुदामा धानुक व सहार थाना क्षेत्र के सहार गांव निवासी 15 वर्षीय दिलनवाज एवं चार अन्य लोग शामिल हैं। बताया जाता है कि दिलनवाज घर से बिहिया जा रहा था जबकि सुदामा धानुक नातिन की ससुराल अगिआंव से वापस गांव लौट रहे थे। ऑटो पर आठ लोग सवार थे। जयनगर गांव के समीप पीछे से आ रही पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर से आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। गंभीर हालत में दिलनवाज एवं सुदामा धानुक को सदर अस्पताल लाया गया जहां से सुदामा को पटना भेज दिया गया।

# युवाओं से कौशल विकास से जुड़ने का आह्वान



विश्व युवा कौशल दिवस

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हरप्रसाद दास जैन कॉलेज में बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई की ओर से युवाओं में बदलते करियर में कौशल की भूमिकाविषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बदलते दौर में कौशल विकास के महत्व और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी गई।

अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में सफलता के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से जुड़कर अपने व्यक्तित्व और करियर को मजबूत बनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. जगनारायण मिश्रा ने इतिहास, वर्तमान और भविष्य के संदर्भ में कौशल विकास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ नई तकनीकों और व्यावहारिक कौशल को अपनाना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। साथ ही विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि पांच बिहार बटालियन के समादेशी पदाधिकारी कर्नल पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को कौशल विकास और उद्यमिता की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मौके पर एनसीसी की सीटीओ डॉ. तबस्सुम, डॉ. माधवी प्रसाद, डॉ. निहारिका सिन्हा, डॉ. विनय कुमार, डॉ. गीता कुमारी, डॉ. श्याम कुमार, डॉ. रंजय, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. वंदना सुमन, डॉ. मालविका तिवारी, डॉ. रचना, डॉ. प्रेम शंकर एवं डॉ. सूरज सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# प्रभात फेरी व युवा संवाद का आयोजन




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. पीसी निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, कुशल युवा कार्यक्रम तथा महिला एवं बाल विकास निगम डोमेन स्किल इ-हैरिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी एवं युवा संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक, संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर मालती गुप्ता, संस्था के सचिव सत्य प्रकाश, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विभू जैन, निदेशक सह शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख ड़ विकास कुमार तथा महामंत्री आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विश्व युवा कौशल दिवस के प्रभात फेरी एवं युवा संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं कौशल विकास, रोजगार, आत्मनिर्भरता एवं युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में दीक्षा राज (एडीसीए) ने प्रथम, शमा परवीन ने द्वितीय तथा रौनक राज एवं सम्राट ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई 2026 को.षि भवन, आरा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। शिक्षा प्रकोष्ठ के डॉ. विकास कुमार ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। विभू जैन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कौशल एवं स्वरोजगार योजनाओं से आज हजारों युवक-युवतियां लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वैभव, दुर्गावती, अर्पिता, अरिहंत, रोहित, प्रमोद, आशा, जय गोविंद, मृगांशी, रोहित कुमार सिंह, सनी राज, कोमल, रिया केसरी, सबा, साहिन परवीन, खुशी कुमारी सहित संस्थान के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ गोवर्द्धन मंदिर परिसर



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा के पावन अवसर पर सकड्डी स्थित गोवर्धन मंदिर परिसर में आयोजित चातुर्मास वत एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतर्गत बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। यह आयोजन पूज्य गुरुदेव काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्री जनार्दनाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और मंगलाचरण से हुई। इस अवसर पर स्वामी श्री जनार्दनाचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान, धर्म और वैराग्य का संचार करती है। उन्होंने कहा कि गुप्त नवरात्रि साधना और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष काल है तथा इस दौरान भगवान के नाम का स्मरण और कथा श्रवण अत्यंत फलदायी माना गया है। कथा के प्रथम दिन सकड्डी सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन मंदिर परिसर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने के साथ-साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे यज्ञ परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भक्ति से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। यज्ञ समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं सनातन धर्म प्रेमियों से प्रतिदिन आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम




**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के छठे दिन विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र व संचालन सज्जाद हैदर ने किया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बराप टोला पहुंची, जहां लोगों को शिक्षा के महत्व एवं साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवियों ने 'अज्ञानता का अंधकार मिटाएं, साक्षरता का दीप जलाएं' जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मृत्युंजय सिंह, रमाकांत पाठक, ड़ ब्रजेश तिवारी, सचिन पाण्डेय, पूर्णानंद जी, अरुण कुमार सिंह, लालू कुमार, अजीत कुमार, सचिन कुमार, अभय कुमार, मो अख्तर हुसैन, काजल कुमारी, ज्ञांति कुमारी सहित छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी के जनता दरबार में लोगों ने रखी अपनी अपनी समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।



### कुर्था ब मानिकपुर की पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**कुर्था (एनएसबी)** अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ नवजोत सिमी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत कुर्था थाने एवं मानिकपुर थाने की पुलिस ने बाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली। इस दौरान वाहन चालकों से जुमानें की राशि भी वसूल की गई इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों से 5000 रुपए जुमार्नें की राशि वसूल की गई। वही मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 7000 रुपये की जुमार्ना वाहन चालकों से वसूल की गई वाहन चेकिंग अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।



### तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर गुमटी में घुसा, बड़ा हादसा टला

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र के ग्राम बोध बिगहा के समीप बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक गुमटी में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुमटी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। इसके बाद हाईवा सड़क किनारे खड़े एक आम के पेड़ से टकराते हुए खेत में जा घुसा। संयोगवश इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा कलेर की ओर से तेज गति से आ रहा था। बोध बिगहा के समीप चालक अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वाहन सीधे सड़क किनारे स्थित गुमटी में जा घुसा। टक्कर के बाद हाईवा गुमटी को तोड़ते हुए आगे बढ़ा और एक आम के पेड़ से टकराकर खेत में जा रुका।दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे के समय गुमटी के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था और आसपास भी कोई राहगीर नहीं था। वहीं हाईवा के चालक और सहचालक भी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार क्षतिग्रस्त गुमटी पहलेजा पंचायत के पूर्व सरपंच परशुराम पासवान के पुत्र मुकेश कुमार की है। गुमटी में दैनिक उपयोग की वस्तुओं के अलावा शीतल पेय की बिक्री की जाती थी।




### बुनियाद केन्द्र का निरीक्षणः डीएम ने गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास सेवाओं के विस्तार का दिया निर्देश, आधार केन्द्र का किया उद्घाटन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने बुधवार को बुनियाद केन्द्र, जहानाबाद का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित बुनियाद संजीवनी सेवा, फिजियोथेरेपी, वाक एवं श्रवण चिकित्सा, नेत्र परीक्षण, परामर्श तथा अन्य पुनर्वास सेवाओं का जायजा लिया और निर्देश दिया कि इन सेवाओं का लाभ जिले के अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्वक पहुँचाया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वीकृत पदों के अनुरूप रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग से आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही थेरेपी सेवाओं की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (फ्इरङ) के साथ बुनियाद केन्द्र के बेहतर समन्वय पर जोर दिया, ताकि बच्चों को समग्र एवं प्रभावी पुनर्वास सेवाएं मिल सकें। जिला पदाधिकारी ने बुनियाद संजीवनी सेवा को प्रस्तावित रूट प्लान के अनुसार पंचायत स्तर पर नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इसी अवसर पर उन्होंने बुनियाद केन्द्र परिसर में स्थापित आधार केन्द्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने आधार केन्द्र के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थी इस सुविधा का लाभ उठाएं। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने बुनियाद केन्द्र परिसर में शीघ्र सोलर पैनल स्थापित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि केंद्र की सेवाएं और अधिक सुचारु एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से संचालित हो सकें। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, सीएससी (उरड) के कर्मी तथा बुनियाद केन्द्र के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।निगरानी की मांग की है।



### कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षाः डीएम ने छात्रावासों की रिक्त सीटें 20 जुलाई तक भरने के दिए निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग तथा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, डॉ. भीमराव अंबेडकर कल्याण छात्रावास, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान एवं खाद्यान योजना तथा बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। साथ ही पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभिन्न छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय योजनाओं की भी समीक्षा की गई।



# विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीएम ने किया छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद



निरीक्षण करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** औचक निरीक्षण, मध्याह्न भोजन, पेयजल एवं शैक्षणिक व्यवस्था की ली जानकारी जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा आज सोनभद्रवंशी सूर्यपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरवाली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यालय में सचालित मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता, भोजन की मात्रा, स्वच्छता एवं मेनू के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जांच की। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता एवं नियमित उपलब्धता के संबंध में बातचीत कर उनकी राय भी जानी। साथ ही विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, राशन भंडारण कक्ष, स्वच्छता, शौचालय, कक्षाओं की स्थिति एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरवाली का किया जिला पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढाई, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं तथा उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक मध्याह्न भोजन तथा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, ओएसडी ऋषिकेश तिवारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्थानीय स्तर पर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए : डीएम



बैठक करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र सरवाली का किया निरीक्षण, शीघ्र एवं समुचित संचालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र, सरवाली का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की गुणवत्ता, उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का पूर्ण एवं समुचित संचालन यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने भवन में उपलब्ध कक्षो, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सा उपकरणों तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को सभी शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन, औषधियों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपकेंद्र प्रारंभ होने के साथ ही आमजन को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्राथमिक उपचार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, ओएसडी ऋषिकेश तिवारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध बालू ढुलाई में लगा ट्रैक्टर जब्त, लाइनर गिरफ्तार, चालक फरार



**पुलिस को देखते ही चलती ट्रैक्टर से कूदकर भागा चालक, परासी थाना पुलिस की कार्रवाई**

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत परासी थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुय बहादुरपुर-सुमेरा मार्ग स्थित बनकट के समीप अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर-डाला जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान अवैध बालू परिवहन कराने वाले एक लाइनर को गिरफ्तार किया गया, जबकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया।गिरफ्तार लाइनर की पहचान प्रेमजीत कुमार, पिता सिनेश्वर पंडित, निवासी ग्राम बहादुरपुर, थाना परासी, जिला अरवल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रेमजीत कुमार अवैध बालू लदे वाहनों को सुरक्षित रास्ता दिखाने तथा उन्हें पुलिस जांच से बचाकर गंतव्य तक पहुंचाने का काम करता था।

परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बहादुरपुर-सुमेरा मार्ग से एक ट्रैक्टर पर अवैध बालू लादकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक घबरा गया और चलती ट्रैक्टर से छलांग लगाकर मौके से फरार हो गया। चालक के अचानक कूद जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह वाहन को नियंत्रित कर सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया।पुलिस ने मौके से सोनालिका कंपनी का नीले रंग का ट्रैक्टर तथा उस पर लगा डाला, जिसमें अवैध बालू लदा था, जब्त कर लिया। वहीं लाइनर प्रेमजीत कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। फरार चालक की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर, डाला एवं अवैध बालू के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है कि अवैध बालू कहां से लाया जा रहा था और किन लोगों की इसमें संलिप्तता है।उन्होंने कहा कि अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। इस धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मेहंदिया पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना पुलिस ने फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के वलिदाद नटबीघा गांव से एक कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान धर्मेंद्र खलीफा के रूप में हुई है। उसे मंगलवार की देर रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया।जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र खलीफा के विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की वारंट जारी किया गया था। कुर्की वारंट निर्गत होने से पहले ही वह फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही मेहंदिया थाना पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की वारंट जारी था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया, जहां से अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया डिग्री कॉलेज का उद्घाटन



मौके पर उपस्थित डीएम व अन्य।

**अरवल (एनएसबी)।** जिले के प्रथम राजकीय डिग्री महाविद्यालय का हुआ शुभारंभ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय प्रारंभ नामांकित छात्र-छात्राओं को स्टडी किट प्रदान कर बढ़ाया गया उत्साह मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में अरवल जिले के प्रथम राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सोनभद्र बंसी सूर्यपुर (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई) का भी विधिवत शुभारम किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर ने अरवल जिले के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात किया है। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं को स्टडी किट प्रदान की गई। स्टडी किट प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उनके शैक्षणिक सफर की बेहतर शुरूआत सुनिश्चित करना है। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि अरवल जिले में प्रथम राजकीय डिग्री महाविद्यालय की स्थापना जिले के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होने से शिक्षा का दायरा बढ़ेगा, उच्च नामांकन को प्रोत्साहन मिलेगा तथा जिले के समग्र शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। जिले में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी अमृषा बैस, उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, ओएसडी ऋषिकेश तिवारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल का स्वागत करते हुए इसे जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सोनभद्र बंसी सूर्यपुर के संचालन से अरवल जिले के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी तथा रोजगारोन्मुखी अवसरों की दिशा में नई संभावनाएँ प्राप्त होंगी। यह महाविद्यालय जिले के शैक्षणिक विकास का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरेगा तथा विकसित बिहार-समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## डीएसपी ने किया कलेर थाना का निरीक्षण, लंबित कांडों व विधि-व्यवस्था की समीक्षा




निरीक्षण करते डीएसपी।

**अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और जन शिकायतों के त्वरित निपटारे पर दिया जोर**

**मेहंदिया (एनएसबी)।** अरवल के पुलिस उपाधीक्षक कुमार संजय ने बुधवार को कलेर थाना का निरीक्षण कर थाना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण, लंबित कांडों की प्रगति, वारंटों के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, नियमित गश्ती एवं क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं की जानकारी ली।

इस दौरान डीएसपी ने थाना में संधारित विभिन्न पंजीयों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया और पुलिस पदाधिकारियों से एक-एक कर मामलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने, पुराने मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही न्यायालय से निर्गत वारंटों और कुर्की-जब्ती के मामलों के शीघ्र निष्पादन पर भी विशेष जोर दिया।निरीक्षण के क्रम में थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्ती, वाहन जांच अभियान तथा शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा की गई। डीएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखें तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने थाना आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने, उनका त्वरित निष्पादन करने तथा आम लोगों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने का भी निर्देश दिया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी बल दिया। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि डीएसपी कुमार संजय ने थाना का नियमित निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## स्कूल में पढ़ रहे बच्चे को शिक्षा विभाग ने किया मृत घोषित




शिक्षा विभाग का पोर्टल।

**बच्चा पढ़ रहा है मध्य विद्यालय प्रतापपुर में लेकिन शिक्षा मंत्रालय के वेबसाइट पर है मृत**

**कुर्था (एसएनबी)।** शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल के अंतर्गत एक छात्र डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली बनाया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के प्रत्येक छात्र का पूरा रिकॉर्ड जैसे प्रोफाइल, नामांकन, ड्रॉपआउट, प्रमोशन, और स्थानांतरण ऑनलाइन सुरक्षित और अपडेट रखना है परंतु दुख इस बात की है कि विद्यालय के शिक्षक विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को भी वेबसाइट पर मृत घोषित कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था थाना क्षेत्र के सचई गांव निवासी संत राहुल का पुत्र हैप्पी कुमार जो प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही बुद्धा पब्लिक स्कूल में किया। जहां उनका शिक्षा मंत्रालय के वेबसाइट के माध्यम से पोर्टल पर नामांकन भी किया गया लेकिन बच्चा किस समय से मृत्यु घोषित कर दी गई है। वेबसाइट पर जबकि वह बच्चा उक्त विद्यालय से पढ़कर प्राथमिक विद्यालय सचई में भी नामांकन कराया इसके बाद वर्तमान में मध्य विद्यालय प्रतापपुर में अपने पठन-पाठन का कार्य कर रहा है। मामला का खुलासा तब हुआ जब बच्चों का रिकार्ड देखा गया तो वेबसाइट पर पाया गया कि बच्चा वर्ष 2023 24 में ही मृत घोषित कर दी गई है। हालांकि उक्त वेबसाइट की रिपोर्ट देखते हैं। बच्चे व उनके परिजनों में भी शिक्षा मंत्रालय के वेबसाइट को देखकर आक्रोश व्याप्त हो गया। इस संबंध में बच्चों के पिता संत राहुल ने कहा कि हम दंग उस वक्त रह रह गए जब बच्चा वर्तमान में सातवीं कक्षा में मध्य विद्यालय प्रतापपुर में पढ़ रहा है लेकिन उनके वेबसाइट पर मृत घोषित कर दी गई है। जो कहीं ना कहीं शिक्षा विभाग के लापरवाही को दशार्ता है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार सुमन ने कहा कि यह विद्यालय के प्रधानाध्यापक की घोर लापरवाही है। इस संदर्भ में दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण भेजी जाएगी। इसके बाद आगे की कारवाई किया जाएगा।